चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 58, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश 16

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति 15

एक नजर

17 तक बढ़ी पूर्व मंत्री सेंथिल की हिरासत

चेन्नई। सत्र अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी .सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। उन्हें ईडी ने धनशोधन के मामले में जून 2023 में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय पुझल कारागार में बंद द्रमुक नेता बालाजी को अभियोजन पक्ष ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अली की अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ा दी। न्यायाधीश बालाजी की उस याचिका पर बुधवार को आदेश सुनाएंगे जिसमें उन्होंने मामले से मुक्त करने की अर्जी पर दोबारा जिरह का अनुरोध किया है।

हुसैन की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगी दलील

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को ईडी से उस तर्क में लिखित दलील देने को कहा, जिसमें एजेंसी ने दावा किया है कि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में हुसैन के खिलाफ धन शोधन मामले को रद करने के अनुरोध वाली पूर्व आप नेता की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी के वकील द्वारा पूर्व पार्षद हुसैन की याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़ा करने के बाद यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई सितंबर के लिए सूचीबद्ध की और हुसैन के वकील को ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की छूट दी।

चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू

देहरादून। चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है। यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले सोमवार से पंजीकरण शुरू हो गया है। पहले दिन 2 .50 लाख तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए सबसे अधिक 85,034 पंजीकरण हैं। पर्यटन विभाग को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आने की उम्मीद है। सुबह सात बजे पंजीकरण के लिए वेबसाइट खोल दी गई थी। सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने बताया कि आज से चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है।

हरिद्वार के दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं की डंडों से पिटाई

हरिद्वार, एजेंसी

- घटना रविवार शाम की, सोशल मीडिया पर किया गया वायरल

दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं के दल को पुजारी तथा कर्मियों ने डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें युवा पुजारी भी मंदिर के कर्मियों को सिर में लगी चोट दिखा रहा है और उनसे युवकों के दल को पीटने को कह रहा है। श्यामपुर थाने के अधिकारी नीतेश शर्मा ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को हुई।

सूत्रों ने बताया कि मंदिर में टिकट और पार्किंग के मुद्दे पर श्रद्धालुओं और मंदिर कर्मियों के बीच बहस हुई जो संघर्ष में बदल गयी। मंदिर के पुजारी तथा कर्मियों ने श्रद्धालुओं का पीछा किया और उन्हें डंडों से मारा । पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से आए थे। सूत्रों ने बताया कि पार्किंग शुल्क को लेकर दोनों पक्षों में बहस छिड़ी थी। निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि मंदिर के मठाधीश हैं। उनसे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनके वैयक्तिक सहायक ने फोन नहीं उठाया ।

इस बार मानसून में सामान्य से ज्यादा बरसेंगे मेघ

देश के 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक इस बार जून से सितंबर माह तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। 104 से 110 फीसद के बीच बारिश को मौसम विभाग सामान्य से बेहतर मानता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी के महानिदेशक (डीजी) मृत्युंजय महापात्र ने सोमवार को बताया कि आईएमडी अपने पूर्वानुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव पर विचार करता है। यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं। महापात्र ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में 1 जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। अगर वर्षा 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच होती है तो वह सामान्य मानी जाती है। दीर्घावधि औसत की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर वर्षा दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है। बारिश एलपीए का 90-96 प्रतिशत के बीच होती है तो उसे सामान्य से कम माना जाता है।

इन राज्यों में सामान्य से ज्यादा हो सकती है बारिश

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र , गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प .बंगाल, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पुड्डुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षदीप, दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव।

- **इन राज्यों में सामान्य बारिश का अनुमान :** छत्तीसगढ़, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख।
- **यहां सामान्य से कम बारिश का अनुमान :** ओडिशा, असम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा।

मैदानी इलाकों में गर्मी, कमजोर हुआ पश्चिमी विक्षोभ

हल्द्वानी : मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के आशंका जताई हैं। साथ ही मैदानों में दो दिन में कम हुए तापमान में भी उछाल होगा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों के अलावा कुछ मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं रविवार को बारिश हुई थी। हल्द्वानी में भी मैदानी इलाकों में बादल छाए हुए थे और साथ ही नम हवाएं चल रहीं थीं। लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी। अब पश्चिमी विक्षोभ कमजोर हो रहा है। अनुमान है कि मंगलवार को पूरी तरह से मौसम साफ हो जाएगा।

सेवानिवृत्त जजों का सीजेआई को पत्र न्यायपालिका को किया जा रहा कमजोर

पत्र लिखने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को एक पत्र लिखा है। न्यायधीशों ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार पूर्व न्यायाधीश- न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह शामिल हैं। बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है। पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। पत्र में कहा गया है कि हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं।

- न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर अपनाए जा रहे कपटपूर्ण तरीके

डराने-धमकाने के लिए पत्र लिखवाया गया: कांग्रेस

न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है।

दोषारोपण करके न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों को दी जा रही सीधी चुनौती

पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके इस मामले में काम करने के तरीके कहीं अधिक कपटपूर्ण हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस तरह की कोशिश न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं।

पीएम मोदी ने राजनीति की परिभाषा संस्कृति, तौर-तरीकों को बदला : नड्डा

उत्तराखंड से निकली यूसीसी की गंगा देश के कोने-कोने में पहुंचेगी : धामी

संवाददाता, मसूरी

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का है। पहले राजनीति उदासीनता भरी थी लेकिन 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल-ढाल व तौर-तरीका बदल दिया। अब राजनीति की दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड से निकली समान नागरिक संहिता की गंगा देश के कोने-कोने में पहुंचेगी।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा व मुख्यमंत्री धामी पार्टी प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में यहां गांधी चौक के पास विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग देश में तीन लाख से ज्यादा गांवों को सड़क से जोड़ दिया गया है। आज सबके घर में पानी आ रहा है, शौचालय भी बन गए हैं। आयुष्मान योजना के अंतर्गत लगभग 55 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का सालाना स्वास्थ्य बीमा निःशुल्क प्रदान किया है। वन रैंक वन पेंशन लागू किया गया है। नड्डा ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज के तहत गांवों का विकास हो रहा है। उत्तराखंड में 51 गांव वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल किए गए हैं। चारधाम सड़क का निर्माण कार्य हुआ है। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक रेल लाइन पहुंचाई जा रही है। केदारनाथ का पुनर्निमाण का कार्य हुआ है। मसूरी में पर्यटन के कई विकास कार्य जारी हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा विकसित उत्तराखंड और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनके नेतृत्व में आधुनिक भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी देश के 140 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानकर अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। धामी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में पूरे देश में यूसीसी लागू करने की बात कही गई है। उत्तराखंड से निकली समान नागरिक संहिता की गंगा अब देश के कोने-कोने में पहुंचेगी।

मसूरी में आयोजित विजय संकल्प रैली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

- मसूरी में माला राज्य तक्ष्मी के पक्ष में विजय संकल्प रैली

23 तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने धन शोधन मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। ईडी ने जांच महत्वपूर्ण चरण में होने की बात कहते हुए केजरीवाल की हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

वहीं, अदालत ने कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस भेजा। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक अर्जी पर जवाब देने का निर्देश दिया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित ईडी के गिरफ्तार करने के बाद से तिहाड़ जेल में थीं।

आबकारी नीति घोटाला

- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

चनप्रीत गिरफ्तार

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया।

रामनवमी पर श्रद्धालुओं को 19 घंटे दर्शन

अयोध्या। रामनवमी पर रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। रामलला के जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को सुबह चार से रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। दोपहर में 12:16 बजे सूर्याभिषेक होगा।

पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने सोमवार को उत्सव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रृंगार, आरती आदि दर्शन के साथ-साथ चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले वस्त्र श्रृंगार होगा और 12 बजते ही पर्दा खुल जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नपेंद्र मिश्र ने बताया कि 12:16 बजे रामलला का सूर्याभिषेक होगा।

हेमकुंड में जमी बर्फ, 25 मई को खुलेंगे कपाट

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब में अभी भी 15 फीट तक बर्फ जमी हुई है। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले जाएंगे।

सेना मार्ग से बर्फ हटाने का काम 20 अप्रैल से शुरू करेंगी। गोविंदघाट गुरुद्वारे के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को दो सेवादार हेमकुंड साहिब का निरीक्षण करने गए थे। सोमवार को दोनों लौट आए हैं। पवित्र सरोवर जम गया है। हेमकुंड साहिब से दो किमी पहले अटलाकुडी के पास ग्लेशियर है। इसको काटकर रास्ता बनाया जाना है। अगर मौसम बिगड़ा रहा तो इस बार भी श्रद्धालुओं को हिंमखंडों के बीच से गुजरना पड़ सकता है। गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब चमोली जिले में 4632 मीटर (15,200 फीट) की ऊंचाई पर हिमालय पर्वत पर स्थित है। यहां तक केवल ऋषिकेश-बद्रीनाथ राजमार्ग पर गोबिंद घाट से पैदल ही पहुंचा जा सकता है।

हेमकुंड साहिब में जमी बर्फ। ● अमृत विचार

- 20 अप्रैल से सेना शुरू करेगी रास्ते से बर्फ हटाने का कार्य

सुप्रीम कोर्ट 5 अगस्त से करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे विवादित शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक जारी रखते हुए सोमवार को कहा कि वह इस मामले में 5 अगस्त से सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि तब तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर रोक बरकरार रहेगी। शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर कार्रवाई करते हुए 16 जनवरी 2024 को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। पीठ ने कहा, अंतरिम आदेश (सर्वेक्षण पर रोक) जारी रहेगा।

सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग का मामला

मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्ध को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर कई राउंड फायरिंग के 24 घंटे में मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने कल शाम हमले की जिम्मेदारी ली थी।

मुंबई पुलिस अपराध शाखा के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बांद्रा पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद अब मामले की जांच अपराध शाखा कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने बांद्रा स्थित सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद दोनों शूटरों को पहचान की है।

- लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली थी

बाइक के मालिक से पूछताछ

अभिनेता के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में पनवेल के सहायक पुलिस आयुक्त अशोक राजपूत ने बताया कि बाइक पनवेल में रहने वाले व्यक्ति के नाम पर है, जिसके बाद अपराध शाखा की टीम वहां गई और वाहन मालिक व दो अन्य को पूछताछ के लिए ले आई।

पत्नी की मौत से आहत एसडीएम ने की आत्महत्या

आजमगढ़ । उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में एक पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने अनुसार बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे। 2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे।

एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था जिसके बाद से वे डिप्रेशन में थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियां हैं। दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

आरबीआई सख्त | व्यक्तिगत कर्जदारों, डिजिटल ऋण और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में सभी जानकारी देना अनिवार्य

ऋण लेने वालों को अब देनी पड़ेगी संपूर्ण जानकारी

मुंबई, एजेंसी ।

बैंकों और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) को एक अक्टूबर से खुदरा और एमएसएमई कर्ज के लिए ऋण लेने वाले को ब्याज और अन्य लागत समेत ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। वाणिज्यिक बैंकों की तरफ से दिये गये व्यक्तिगत कर्जदारों, आरबीआई के दायरे में आने वाली इकाइयों के डिजिटल ऋण और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी।

रिजर्व बैंक ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। यह आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है। इससे कर्ज लेने वाला सोच-विचारकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे। यह निर्देश आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की तरफ से दिये जाने वाले खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामलों में लागू होगा। केएफएस सरल भाषा में ऋण समझौते के मुख्य तथ्यों का एक विवरण है। यह कर्ज लेने वालों को एक मानकीकृत प्रारूप में प्रदान किया जाता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, वित्तीय संस्थान दिशानिर्देशों को जल्द-से-जल्द लागू करने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे। एक अक्टूबर, 2024 को या उसके बाद स्वीकृत सभी नये खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामले में दिशानिर्देश बिना किसी अपवाद के अक्षरशः पालन किया जाएगा। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिये गये नये कर्ज भी शामिल हैं।

आरबीआई ने कहा कि वास्तविक आधार पर तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं की ओर से केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाले संस्थानों द्वारा कर्ज लेने वाले संस्थानों से वसूले गए बीमा और कानूनी शुल्क जैसी राशि भी वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) का हिस्सा होगी। इसके बारे में अलग से खुलासा किया जाना चाहिए। जहां भी आरई ऐसे शुल्कों की वसूली में शामिल है, उचित समय के भीतर प्रत्येक भुगतान के लिए कर्ज लेने वालों को प्राप्ति रसीदें और संबंधित दस्तावेज प्रदान किए जाएंगे।

सार-संक्षेप

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कुमाउनी गीत जारी करते खाद्य विपिन कुमार व अन्य।

कुमाउनी गीत से किया मतदाताओं को जागरूक

नैनीताल : लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पूर्ति निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह बिष्ट की ओर से एक कुमाउनी गीत तैयार किया है। इस गीत को उपायुक्त खाद्य विपिन कुमार ने सोमवार को जारी (विमोचन) किया। इस गीत को मतदाता बहुत पसंद कर रहे हैं। निश्चित रूप से इस गीत को सुनकर मतदाता वोट देने के लिए प्रेरित होंगे। गीत में स्वर पूर्ति निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के हैं और हेमन्त बिष्ट ने इसको लिखा है। इस मौके पर उपायुक्त खाद्य विपिन कुमार, एआरओ दिव्या, अहीन पांडे, पूर्ति निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, राहुल डांगी, मोहित कठायत, अरुण खुलबे, पूर्ति लिपिक विनीत जोशी और कमल बर्मन आदि उपस्थित थे।

बुधवार और गुरुवार को यातायात के लिए फिर से बंद रहेगी जू रोड

नैनीताल : नैनीताल जू रोड में डामरीकरण के चलते बुधवार व गुरुवार को यातायात रोका जाएगा। लोनिवि ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है। बता दें कि लोनिवि की ओर से जू रोड में डामरीकरण किया जा रहा है। जू रोड में ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण विभाग को डामरीकरण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिसको देखते हुए शुक्रवार को जू रोड में यातायात बंद किया गया था। सड़क में डामर के दूसरे कोड के लिए अब बुधवार व गुरुवार को भी सड़क में यातायात बंद रखा जाएगा। लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि सड़क में डामरीकरण का दूसरा कोड किया जाना है, जिसके लिए दोनों दिन जू रोड में यातायात रोका जाएगा।

अराजक तत्वों ने जंगल में लगाई आग, नुकसान

नैनीताल : गर्मी के चलते अब नैनीताल के समीपवर्ती जंगलों में भी आग लगने लगी है। सोमवार को सिल मोड़िया व देवीधुरा गांव के बीच किसी अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग धीरे-धीरे जंगल में फैल गई। इससे पहले कि लोग आग को बुझा पाते तेज हवा के चलते आग तेजी से जंगल में फैल गई और एक घंटे में जंगल जलकर राख हो गया। जब आग सिलमोड़िया गांव के करीब पहुंची तो ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने भी आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन देर शाम तक जंगल धधकते रहे। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है।

ग्राफिक एरा में मतदान का संदेश देते छात्र-छात्राएं व अन्य।

रक्तदान कर दिया मतदान का संदेश

भीमताल : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. कमल घनशाला के जन्मदिन पर रक्तदान व मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। उसके बाद मतदान करने का संदेश दिया। इसमें बाल किशन देवकी जोशी चेरिटेबल ब्लड बैंक एवं सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की टीम ने 300 विद्यार्थियों की जांच की, जिसमें से 212 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप कुमार बुधानी ने बताया कि युवाओं की जिम्मेदारी बताने के लिए कार्यक्रम का नाम 'आज रक्तदान, 19 अप्रैल को मतदान' रखा गया। इस दौरान भूतपूर्व मंडल समन्वयक ललित मोहन पाण्डे, जिला समन्वयक प्रो. जेएस नेगी, डॉ. राजेश पाण्डे, राकेश वर्मा आदि ने युवाओं को मतदान सम्बन्धी जानकारी दी। ललित मोहन पाण्डे ने सभी को मतदान की शपथ दिलायी। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य प्रो. हंसी नेगी, डॉ. संदीप कुमार बुधानी, ब्लड बैंक इंचार्ज नितिन पाण्डे ने संयुक्त रूप से किया।

गेहूं की कटाई कर रहे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते शिक्षक।

खेत में लोगों को किया मतदान के प्रति जागरूक

रामनगर : राजकीय इंटर कालेज ढेला के शिक्षकों व शिक्षार्थियों की ओर से लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानाचार्य श्रीराम यादव व संस्कृत प्रवक्ता स्वीप प्रभारी महेंद्र आर्या के नेतृत्व में एक टीम ने ढेला के खेतों में गेहूं कटाई कर रहे स्थानीय नागरिकों, किसानों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया और मतदाता की शपथ दिलवाई। इस दौरान अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल, राम यादव, महेंद्र आर्या, हरीश कुमार, सुभाष गोला, सुनील नैनवाल, भीम बहादुर, रितिका जीना, वैशाली नेगी, करीना राय, दीक्षा करायत, प्रियांशु भाटिया, हार्दिक खड़का, मयंक, ममता अधिकारी, ममता बोरा, शुभम, दीपक, प्रियंका अधिकारी, गंगा गिरी आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने सरिया चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया

रामनगर : कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुजाहिद निवासी बम्बाघेर नन्दा लाइन रामनगर ने पुलिस को तहरीर दी कि उसके निर्माणाधीन घर से सरिया, लोहे का सामान चोरी कर लिया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर आरोपी फरमान उर्फ फैजान निवासी गैस गोदाम उठपड़ाव का नाम घटना में सामने आया। पुलिस ने आरोपी को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। उसको जेल भेज दिया गया।

कार से तीन पेटी शराब के साथ एक को धरा

रामनगर : पुलिस ने रविवार की रात एक कार से तीन पेटी देसी शराब बरामद की है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि चुनाव में अवैध शराब की खपत रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा। रविवार रात रानीखेत रोड पर चेकिंग के दौरान हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, कांस्टेबल महबूब अली, संजीव कुमार राज ने कार से तीन पेटी मशालेदार शराब के साथ केशव चन्द्र निवासी-सुंदरखाल, गर्जिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

घर में घुसकर मां और बहन से मारपीट का आरोप

नैनीताल : मल्लीताल के रुकुट कंपाउंड क्षेत्र में एक युवक ने पड़ोसियों पर उसके घर में घुसकर मां और छोटी बहन से मारपीट का आरोप लगाया है। युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। युवक ने कोतवाली में शिकायत कर कहा कि पड़ोस में रहने वाली दो महिलाएं और उनका बेटा एक सप्ताह से उन्हें परेशान कर रहा है। क्षेत्र में सीवर लाइन लीक होने के कारण गत दिनों दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद जांच करने में पड़ोसी के घर से ही सीवर लाइन बंद होने की पुष्टि हुई। रविवार को दो महिलाएं और उनका बेटा उनके घर में घुस आए। जहां उन्होंने उसकी मां और छोटी बहन के साथ मारपीट की। साथ ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के बाद दूसरे पक्ष को भी कोतवाली बुलाया गया था। सख्त हिदायत देकर दोनों पक्षों को घर भेज दिया है।

झील का जलस्तर गिरने से पेयजल की किल्लत बढ़ी

इस वर्ष बारिश और बर्फबारी कम होने के कारण पैदा हुई समस्या, झील के किनारों पर दिखाई देने लगे डेल्टा

संवाददाता, नैनीताल

50 हजार आबादी और हर रोज सैलानियों की प्यास बुझाने वाली नैनीझील का जलस्तर अप्रैल में ही तीन फीट से नीचे पहुंचा

1986 की तरह सूखा पड़ने के आसार, शीघ्र बारिश नहीं होने पर स्थिति बिगड़ेगी

रिचार्ज नहीं हो पाने से प्राकृतिक स्रोत भी सूखने की कगार पर पहुंचे, ऐसे में मई और जून में समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है

अमृत विचार : नगर की 50 हजार आबादी और हर रोज हजारों सैलानियों की प्यास बुझाने वाली नैनीझील का जलस्तर इस बार काफी गिर गया है। अप्रैल में ही झील का जलस्तर तीन फुट ढाई इंच रह गया है। झील के किनारों पर डेल्टा साफ दिखाई दे रहे हैं।

झील के जलस्तर में कमी का प्रमुख कारण इस वर्ष बर्फबारी व बारिश नहीं होना बताया जा रहा है। निम्न जलस्तर के चलते अप्रैल में ही नगर के कई स्थानों में पानी की किल्लत होने लगी है। बारिश नहीं होने से प्राकृतिक जल स्रोत भी रिचार्ज नहीं हो पाए हैं। अब वह भी धीरे-धीरे सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। ऐसे में मई व जून में यह समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है। अप्रैल से ही लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसी अव्यवस्था कई दिनों से बनी हुई है, लेकिन पेयजल समस्या दूर करने के लिए विभाग गंभीर नहीं है।

वहीं शेरवानी, सैनिक स्कूल, बारमोरल कम्पाउंड, हंस निवास, स्नो व्यू क्षेत्र, तारा हॉल आदि क्षेत्र में पानी की सप्लाई सही से नहीं की जा रही है। क्षेत्र के लोग प्राकृतिक जल स्रोतों से किसी तरह पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। बारिश नहीं होने से नैनीताल के आसपास के किसान भी काफी मायूस हैं। नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्रों में भी बारिश और बर्फबारी नहीं होने से रामगढ़, मुक्तेश्वर, धारी समेत आसपास के इलाकों में होने वाले पहाड़ी फल आड़ू, काफल, पुलम, खुमानी, सेब, नाशपाती की खेती में भी इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है।

नैनी झील के जलस्तर में कमी के बाद बना डेल्टा। ● अमृत विचार

भीमताल में भी झील का पानी लगातार घटने से दिखने लगे हैं डेल्टा। ● अमृत विचार

झील का जलस्तर

2021- 10 इंच
2022- 6 फुट 1 इंच
2023- 5 फुट
2024- 3 फुट 2 .50 इंच

रोजाना एक से आधा इंच घट रहा झील का जलस्तर

नैनीताल बारिश ना होने के कारण नैनीझील का जलस्तर दो सालों के निम्न स्तर पर पहुंच गया है, जिस कारण झील में डेल्टा दिखने लगे हैं। लोगों को चिंता सताने लगी है कि उन्हें गर्मी में पानी मिलेगा या नहीं।

भीमताल और आसपास उत्पन्न हुए सूखे के आसार

भीमताल, अमृत विचार : भीमताल झील के किनारे डेल्टा नजर आने लगे हैं। वहीं झील के मुख्य स्रोत कई माह से सूखे पड़े हैं। इस दौरान भीमताल और आसपास में काफी समय से बारिश नहीं होने से जीवित जल स्रोत में पानी आधे से भी कम हो गया है, जिसके चलते आने वाले समय में यदि शीघ्र बारिश नहीं हुई तो 1986 की तरह सूखा पड़ने के आसार हैं। भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में काफी समय से जंगलों में आग लगी हुई है, जिसके चलते पर्यावरण गर्म हो गया है। वहीं आसमान में धुआं होने के कारण लोगों की आंखों में जलन आदि की शिकायत भी मिल रही है। भीमताल झील के किनारे किनारे डेल्टा नजर आने लगे हैं। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन जोशी बताते हैं कि जल स्रोत का सूखना झील की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से जल स्रोतों के सूख जाने का कारण खोजने और कारण का निराकरण करने की मांग के लिए पत्र लिखा है।

खैरना-रानीखेत व अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे की हालत खस्ता

संवाददाता, गरमपानी

अनदेखी

- पातली क्षेत्र में जानलेवा बना सड़क का गड्ढा
- भोर्या बैंड़, दो पाखी, रातीघाट, लोहाली में भी हालात खराब
- पर्यटन सीजन नजदीक होने के बाद भी नहीं सुधरी हालत

अमृत विचार : पर्यटन सीजन करीब होने के बावजूद पहाड़ की महत्वपूर्ण सड़कों की हालत नहीं सुधर सकती है। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे तथा खैरना रानीखेत स्टेट हाईवे बदहाल स्थिति में है पर सुध नहीं ली जा रही। पातली बाजार क्षेत्र में गड्ढे से बड़ी घटना का अंदेशा बना हुआ है बावजूद जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। भोर्या बैंड़, लोहाली, रातीघाट, कैंची क्षेत्र में के हालत भी किसी से छुपे नहीं है।

तापमान में बढ़ोत्तरी होने पर विभिन्न राज्यों से पर्यटक पहाड़ की सुरम्य वादियों में पहुंचते हैं। पर्यटकों के पहाड़ पहुंचने से पर्यटन व्यवसाय में भी इजाफा होता है। अधिकांश पर्यटक पहाड़ों में आवाजाही को महत्वपूर्ण खैरना-रानीखेत स्टेट हाईवे तथा अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे का इस्तेमाल करते हैं पर दोनों ही महत्वपूर्ण सड़कों के बदहाल होने से पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पर्यटक दूसरी सड़कों से आवाजाही का विकल्प तलाशते हैं जिससे बेहतर पर्यटन व्यवसाय की उम्मीद लगाए व्यवसाईयों को मायूसी हाथ लगती है। अब जब पर्यटन सीजन नजदीक है तब भी दोनों ही महत्वपूर्ण सड़कों को दुरुस्त नहीं किया जा सका है।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर जगह जगह अनगिनत गड्ढे पर्यटकों के स्वागत को तैयार हैं तो वहीं खैरना रानीखेत स्टेट हाइवे पर कालिका मोड़ क्षेत्र से आगे ध्वस्त सड़क तथा पातली बाजार क्षेत्र में गड्ढा बड़ी अनहोनी की ओर इशारा कर रहा है। आंनद सिंह नेगी, कुंवर सिंह, भुवन सिंह, बालम सिंह, मनीष नेगी, हिमांशु, मोहित, गोपाल, बालम सिंह आदि ने दो महत्वपूर्ण सड़कों समय रहते दुरुस्त करने की मांग उठाई है।

बलराज पासी ने दिया जीत का मंत्र

रामनगर: मतदान का दिन निकट आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर एवं ग्रामीण अंचल में प्रचार अभियान तेज कर दिया है। बूथों पर घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है। चुनाव कार्यालय में पूर्व सांसद व दर्जा मंत्री बलराज पासी ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। बैठक में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने प्रचार के अंतिम चरण में कार्यकर्ताओं से घर घर जाने और अपना बूथ जिताने का आह्वान किया। बैठक के बाद बलराज पासी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाजार में जनसंपर्क किया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी प्रताप बोरा, मोहन पाठक, हरीश मालगुडी, वीरेंद्रपाल रावत, नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, मदन जोशी, सत्यप्रकाश शर्मा, इंदर रावत, गणेश रावत माया रावत, दिनेश मेहरा, मनमोहन बिष्ट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

चोरगलिया में नुक्कड़ सभा में मौजूद भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया

चोरगलिया : भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने प्रेम सिंह बिष्ट के आवास दौला बाजपुर चोरगलिया में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। सभा में विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, राजेंद्र तिवारी, पान सिंह मेवाड़ी, प्रकाश बेलवाल, आनंद शर्मा, राजू जंगी, मनोज गडकोटी, अमरजीत सिंह, सुधीर जंगी, गुड्डू मिश्रा आदि उपस्थित थे।

वन कर्मियों के साथ बैठक करते वन गुर्जर।

मिलकर करेंगे जंगलों व वन्यजीवों की सुरक्षा

रामनगर : कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत झिरना रेंज की दक्षिणी सीमा पर स्थित फांटो पश्चिमी बीट पत्थरकुंआ चौड़ में स्कूली बच्चों एवं वन गुर्जरों के साथ जन-जागरूकता गोष्ठी, वन गुर्जरों को वनों के संरक्षण, वनों को आग से बचाने पर जोर दिया गया। अजीत कुमार चौहान कार्यालय प्रभारी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी नंद किशोर रुवाली ने कहा कि वनों को आग से बचाने के साथ साथ वनों में रहने वाले वन्यजीवों का संरक्षण भी हम सभी की जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने संकल्प लिया कि वनों को आग से बचाने के साथ वन्य जीवों की रक्षा भी सब मिलकर करेंगे। इस दौरान अब्दुल सत्तार, नन्द किशोर रुवाली, वन क्षेत्राधिकारी, अजीत कुमार चौहान, दीपक कुमार, वन आरक्षी, मकसूद अली, वन आरक्षी, धनीराम जदली, वन आरक्षी, झिरना, आनन्द सिंह, एसटीपीएफ, जगदीश राणा, एसटीपीएफ तारादत्त दानी, वन आरक्षी,आलोक सिंह रांगड़, वन आरक्षी, प्रवेश कुमाई, वन आरक्षी मौजूद रहे।

सचिन के फेसबुक पर फोटो वायरल करते ही छाए फुलारा

संवाददाता, रामनगर

यादें...

- क्रिकेटर ने खिलानौली गेस्ट हाउस में पकौड़े बनाने और टिप्स देने का वीडियो किया जारी

अमृत विचार : कभी-कभी किसी सेलिब्रिटी के साथ बिताए पल एक सामान्य व्यक्ति को भी प्रसिद्धि दिला देते हैं। ऐसा ही कुछ कार्बेट पार्क के खिनानौली गेस्टहाउस में कुक के रूप में तैनात हरीश चंद्र फुलारा के साथ हुआ। जहां खुद क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने उन्हें पकौड़े बनाने के टिप्स देकर ढेर सारी बात भी उनसे की।

बता दें कि बीते दिनों सचिन तेंदुलकर भ्रमण के लिए कॉर्बेट आए थे। रविवार को सचिन ने खिनानौली गेस्ट हाउस का वीडियो अपनी फेसबुक वॉल पर शेयर कर हरीश फुलारा को भी चर्चित बना दिया। वीडियो में तेंदुलकर पकौड़े बनाते दिख रहे हैं। साथ ही कुक फुलारा को पकौड़े बनाने के टिप्स देते भी दिख रहे हैं। असल में 15 अप्रैल को फेसबुक पर जारी यह वीडियो 29 मार्च का है जिसमें वह खिनानौली गेस्ट हाउस में ठहरे हैं। गेस्ट हाउस के कुक हरीश फुलारा बताते हैं कि उस दिन हल्की बारिश होने से सचिन शाम की सफारी में नहीं जा सके। बारिश के मौसम में सचिन ने गर्मागरम पकौड़ों की इच्छा जताई। वह पकौड़े बना ही रहे थे कि सचिन किचन में पहुंच गए और पकौड़े बनाने के टिप्स देने लगे। फुलारा ने बताया कि सरल स्वभाव के सचिन ने उनसे रात में डिनर के बाद काफी बातें कीं। वह मेरे गांव के बारे में पूछ रहे थे। हरीश ने बताया कि उसका गांव रानीखेत के पास द्वाराहाट में है। इस पर वह बोले पड़े काफी खूबसूरत जगह से आए हो और खूबसूरत जगह में रह रहे हो। सचिन ने उससे परिवार के सदस्यों के बारे में भी पूछा। हरीश कहते हैं कि उन्हें अभी भी विश्वास नहीं हो रहा कि जिस सख्शियत के एक मिनट मिलने के लिए लोग तरस रहे होते हैं, वह उसके साथ सोने से पहले इतनी आत्मीयता से मिल रहा था। दुनिया के महान क्रिकेटर के साथ बिताए पल वह जीवन पर्यंत याद रखेंगे।

हरीश फुलारा के साथ सचिन तेंदुलकर।

अनदेखी 34 सीट वाली बसों में 65 लोगों को बैठा रहे चालक-परिचालक, रविवार को ओवरलोड बस ब्रेक फेल होने से ट्रक से भिड़ चुकी

खतरा : क्षमता से अधिक सवारियां लेकर जा रहीं रोडवेज बसें

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नियमों को ताक पर रखकर रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है। बसों में अधिक सवारियां बैठाकर ओवरलोडिंग कर चलाया जा रहा है। ऐसे में अगर दुर्घटना होती है तो बड़े पैमाने पर जान माल के नुकसान की संभावना है, लेकिन प्रशासन इस पर खामोश है। सोमवार को यही हाल नैनीताल के रोडवेज बस स्टैंड में देखने को मिला। बसों में यात्रियों को ठूंस ठूंसकर ले जाया जा रहा था। बता दें कि 34 सीट वाली बसों में 65 सवारी को लेकर चालक और परिचालक ले जा रहे हैं। ओवरलोड बसें चलने से यात्रियों की यात्रा जोखिम भरी है।

ओवरलोडिंग के कारण रविवार को नैनीताल से हल्द्वानी जा रही रोडवेज बस संख्या 4313 के दोगांव के पास ब्रेक फेल हो गए, जिस कारण बस ट्रक से जा भिड़ी। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन फिर भी रोडवेज प्रशासन कार्रवाई करने से खामोश है। लिहाजा परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नैनीताल से हल्द्वानी रोजाना करीब 25 बसों का संचालन होता है, जो 50 चक्कर लगाती हैं, जिसमें से अधिकांश बसों में इन दिनों क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाया जा रहा है।

चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण कम पड़ी बसें : रोडवेज बसों को चुनाव ड्यूटी में भेजा गया है। इस कारण प्रतिदिन यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने वाली बसों की संख्या कम हो गई है। इस कारण रोडवेज बसों की कमी है। यात्रियों को मजबूरन खचाखच भरी बसों का सहारा लेना पड़ रहा है।

सवारियों से खचाखच भरी रोडवेज बस। ● अमृत विचार

रोडवेज और केमू में आपसी विवाद

नैनीताल में केमू बस सेवा को नैनीताल से सिर्फ दो बसों को चलाने की अनुमति है, लेकिन नैनीताल में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए नैनीताल से हल्द्वानी के लिए केमू बसें चलाई जा रही हैं, जिस कारण दोनों में आपसी विवाद देखने को मिल रहा है।

बोले इंचार्ज

बसों की कमी के कारण बसें ओवरलोड जा रही हैं। चालक-परिचालक को नियमों का पालन करने का आदेश दिया गया है। अगर बसों में ओवरलोड सवारियां मिलीं तो उनका चालान किया जाएगा, इसकी जिम्मेदारी चालक व परिचालक की होगी।
-जीवन आर्य, इंचार्ज, रोडवेज बस स्टेशन

ये है नियम

किसी भी यात्री बस को परमिट एक तय मानक के तहत दिया जाता है। परमिट पर ही सिटिंग क्षमता तय होती है। उसके अनुसार ही यात्री बसों का संचालन करना होता है। अगर कोई यात्री बस अपने परमिट के अनुसार क्षमता से अधिक यात्रियों को बसों में बैठाता है तो वह नियम के विरुद्ध है। वहीं क्षमता से अधिक ओवरलोडिंग एमवी एक्ट 1988 के सेक्शन 192 के तहत अपराध है। अगर कोई यात्री बस मालिक इसका उल्लंघन करता है तो उसे पांच हजार का आर्थिक जुर्माना या परमिट रद्द तक की कार्रवाई हो सकती है।

सीट को लेकर बस में भिड़े पर्यटक

नैनीताल, अमृत विचार: नैनीताल से घूमकर बरेली लौट रहे पर्यटकों का रोडवेज बस स्टैंड पर बस की सीट को लेकर विवाद हो गया। पर्यटक बस के अंदर ही एक दूसरे के ऊपर जमकर टूट पड़े और लात घूंसे चलाने लगे।

बरेली और ऊधमसिंह नगर से कुछ पर्यटक परिवार के साथ रविवार को घूमने नैनीताल पहुंचे थे। सोमवार को पर्यटक वापस जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे, लेकिन नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ व बसों की कमी के चलते पर्यटकों को लंबा इंतजार करना पड़ा।

जैसे ही एक बस रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंची तो उसमें पर्यटक सीट लेने के लिए टूट पड़े और बस के अंदर सीट लेने के लिए आपस में भिड़ गए। पर्यटकों के आपस में लड़ने से बस में अफरा तफरी का माहौल हो गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पर्यटकों को शांत कराया।

अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र-श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

एक नजर

कच्ची शराब बनाते दो दबोचे

हल्द्वानी : पुलिस ने जंगल में कच्ची शराब बनाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कालाढूंगी थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि चेकिंग के दौरान वनखंडी मंदिर के पास जंगल में दो लोग कच्ची शराब बनाते पकड़े गये। मौके से 210 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपियों ने अपना नाम अमरजीत सिंह उर्फ राजू पुत्र स्व. दर्शन सिंह व महेन्द्र सिंह उर्फ कालू पुत्र बुद्ध सिंह निवासी मौहली जंगल केलाखेड़ा बताया है।

तमंचा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

हल्द्वानी : पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान अमन उर्फ मोटा पुत्र अतीक अहमद निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा को 315 बोर का तमंचा और पंकज बेलवाल पुत्र स्व. त्रिलोचन बेलवाल निवासी लक्ष्मपुर कुंवरपुर चोरगलिया को 312 बोर का तमंचा व कारसूत के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

चोरी की योजना बनाते दो धरे

हल्द्वानी : मंडी चौकी पुलिस ने चोरी की योजना बनाते दो लोगों को पकड़ा है। बीती रात पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुक्त विश्वविद्यालय के पास से दो लोगों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से चाबी का गुच्छा बरामद हुआ। बताया कि वह चोरी की योजना बना रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अरमान पुत्र ताजुद्दीन निवासी काबुल का गेट इंदिरानगर बनभूलपुरा और सावन कुमार साहनी पुत्र विश्वेश्वर साहनी निवासी टीआरवी स्कूल के पास बरेली रोड बनभूलपुरा बताया।

दबंगों का ठेलों और फड़ों से वसूली का 'अवैध खेल'

सुशीला तिवारी अस्पताल के पास हर दिन खुलेआम करते हैं दुकानों से हजारों रुपये की उगाही, पुलिस और प्रशासन मौन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुमाऊं के सबसे बड़े सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के पास इन दिनों दबंगों का खौफ है। उन्हें पुलिस और प्रशासन का जरा भी डर नहीं है। दबंग खुलेआम सड़क पर ठेले और फड़ लगवाकर अवैध वसूली का खेल कर रहे हैं। दर्जनों ठेलों, फड़ों से हर दिन हजारों रुपये की वूसली हो रही है। इसके लिए बकायदा दबंगों ने अपने गुर्गे रखे हैं, जो दिनभर उगाही करते हैं। हैरानी है कि यह सब न पुलिस को दिखाई देता है और न ही अतिक्रमण हटाने वाले विभाग को।

एक सफेदपोश की आड़ में दबंगों का गिरोह एसटीएच के आसपास ठेले और फड़ लगवाने के एवज में 250 से 500 रुपये प्रतिदिन लेता है। एसटीएच के आसपास करीब 70 ठेले और फड़ हैं। जगह के हिसाब से प्रतिदिन की वसूली तय की जाती है। प्रतिमाह करीब साढ़े छह लाख रुपये की अवैध वसूली होती है। अगर किसी को नया ठेला या फड़ लगाना होता है तो उसे पहले 15 से 20 हजार की पेशगी ठेकेदार को देनी पड़ती है। उसके बाद ही उसे जगह दी जाती है।

70 ठेले-फड़ लगे हैं एसटीएच के पास

6.5 लाख की अवैध वसूली होती है हर माह

15 से 20 हजार की पेशगी ठेकेदार को पड़ती है देनी

रामपुर रोड पर सुशीला तिवारी अस्पताल के पास स्थित नहर के ठीक बगल में अवैध तरीके से लगे ठेले। जिनसे हर दिन हजारों रुपये की वसूली की जाती है। ● अमृत विचार

ऐसे हुआ अवैध वसूली के खेल का भंडाफोड़

हल्द्वानी : यह मामला राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन तक भी पहुंचा था। विगत दिनों इन दुकानदारों को कॉलेज प्रशासन ने वार्ता के लिए बुलाया था, जिसमें यह बात निकलकर सामने आई कि दुकानदारों से एक व्यक्ति ठेले और फड़ लगाने के एवज में रुपये वसूलता है। यह सुनकर कॉलेज प्रशासन हक्का-बक्का रह गया। बताया जाता है कि दो से तीन लोग मिलकर एसटीएच के पास अवैध तरीके से ठेले और फड़ लगवाने का काम करते हैं। इनमें राजनीति में पकड़ रखने वाले लोग भी शामिल हैं।

हरियाणा, यूपी और बिहार तक के लोग शामिल

हल्द्वानी : ठेला, फड़ और अवैध दुकानें लगाने वालों में हरियाणा, यूपी और बिहार समेत बाहरी राज्यों के कई लोग शामिल हैं। यहां ठेला और फड़ पूरे दिन खुले रहते हैं। कुछ दिन पूर्व एसटीएच के पास लगे अवैध फड़ में शराब भी पकड़ी गई थी। बताया जाता है कि रात के समय ठेलों में भी पिलाई जाती है।

बोले प्राचार्य

मेडिकल कॉलेज और एसटीएच के लिए वन विभाग से भूमि मिली है। इसलिए अतिक्रमण के मामले में हमें ही नोटिस मिलता है। अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित अधिकारियों से पत्राचार कर रहे हैं। किस तरह से ठेला, फड़ और दुकानें लगाई जा रहीं हैं, इसमें हमारा हस्तक्षेप नहीं है। हमें केवल अतिक्रमण हटवाने से मतलब है।

– **डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

सड़क पर भी है अवैध कब्जा

हल्द्वानी : सुशीला तिवारी अस्पताल के पास ठेला और फड़ लगाने वालों की इतनी पैठ है कि विगत दिनों नगर निगम और प्रशासन ने अभियान चलाकर नैनीताल रोड के पास से कई ठेले और फड़ वालों को हटा दिया था। बाद में उनमें से कई ठेले और फड़ वालों को एसटीएच के पास नहर के पास वाली सड़क पर पहुंचा दिया गया। साथ ही नैनीताल रोड पर जहां से अतिक्रमण हटाया गया था वहां फिर से अतिक्रमण हो गया है।

देश अभी हम अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। चुनाव के बाद ही अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी।
–**गणेश भट्ट**, सहायक नगर आयुक्त, हल्द्वानी

चुनाव के बाद जहां भी अतिक्रमण होगा उसे हटा दिया जाएगा। कहीं भी अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
–एपी वाजपेयी, सिटी मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी

स्मैक की लत के लिए नशे के इंजेक्शन बिकवा रहे तस्कर

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस के हत्थे चढ़े एक पैडलर ने नशा तस्करी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। लोकल तस्करों ने नशेड़ियों की फौज खड़ी कर ली है। जिनसे वह नशा बिकवाते हैं और बदले में उन्हें स्मैक देते हैं। बनभूलपुरा पुलिस को ऐसे ही एक बड़े तस्कर का पता लगा है।

बनभूलपुरा पुलिस ने केमू स्टेशन के पास से तुलसीनगर पॉलीशीट निवासी विवेक कुमार पंत पुत्र दिनेश चन्द्र पंत को गिरफ्तार किया है। विवेक के पास से भारी मात्रा में नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पूछताछ में विवेक ने बताया कि वह स्मैक का लती है, लेकिन उसके पास इतने पैसे नहीं होते कि वह स्मैक खरीद सके। वह अकसर बनभूलपुरा स्थित ताज चौक के पास रहने वाले सलीम से स्मैक लाता था। सलीम ही उसे नशे के इंजेक्शन बेचने के लिए देता था। इंजेक्शन बेचकर जब वह वापस लौटता था तो बदले में सलीम उसे पीने के लिए स्मैक देता था। सलीम इंजेक्शन के साथ स्मैक भी बेचता था। पता लगा कि बनभूलपुरा में ऐसे कई तस्कर हैं जो नशे के आदी लोगों को नशा बेचने के लिए इस्तेमाल करते हैं।

नहीं लगा हत्यारोपी सौरभ का पता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अफसाना हत्याकांड मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। घटना को सात दिन बीत चुके हैं और हत्यारोपी सौरभ पुलिस की पहुंच से दूर है। पुलिस के लिए मुश्किल यह है कि सौरभ मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहा है। उसकी तलाश में पुलिस की दो टीमें दिल्ली और मुरादाबाद में डेरा डाले हुए हैं।

सुभाषनगर रुद्रपुर निवासी सौरभ राज अपनी पत्नी अफसाना उर्फ आस्था और दो बेटियों अलीशा (5 वर्ष) व इबरा (3 वर्ष) के साथ यहां शिवाजी कॉलोनी में रहता था। सौरभ ने बीती 8 अप्रैल की रात 12 से 4 बजे के बीच अफसाना की गला घोंट कर हत्या कर दी थी और तभी से वह दोनों बेटियों के साथ फरार है। एसओजी व एक अन्य टीम सौरभ की तलाश में दिल्ली और मुरादाबाद उत्तर प्रदेश में डेरा डाले हुए हैं। हत्या से कुछ दिन पहले ही सौरभ अपना मोबाइल सिम छोटे भाई कुलदीप को दे गया था। हत्या के बाद सौरभ अफसाना का मोबाइल ले गया और उसे नीलांचन कॉलोनी में ही स्विच ऑफ कर दिया। यही पुलिस के लिए सबसे बड़ी परेशानी है। पुलिस इसी वजह से सौरभ की लोकेशन को ट्रेस नहीं कर पा रही। गंभीर बात यह है कि दोनों नाबालिग बेटियों का भी अभी तक कोई पता नहीं लगा है।

अफसाना हत्याकांड

- **घटना को सात दिन बीतने के बाद भी मामले में पुलिस के हाथ खाली**
- **हत्यारोपी की तलाश में दिल्ली और मुरादाबाद में पुलिस टीमों ने डाला है डेरा**

सौरभ और अफसाना का फाइल फोटो।

अवैध संबंध की बात आई थी सामने

हल्द्वानी : हत्या के पीछे अवैध संबंध की बात सामने आई थी। चर्चा है कि अफसाना का एक युवक से प्रेम संबंध था और वह प्रेमी के साथ शिवरात्रि के दिन काली चौड़ मंदिर गई थी। यहां दोनों ने फोटो ली थी जो वायरल हो गई। यही फोटो सौरभ तक पहुंच गई, जिसके बाद उसने हत्या की साजिश रची। पता लगा है कि अफसाना की सहेली के मकान मालिक के पास यह फोटो पहुंची थी। जिसके बाद सौरभ तक पहुंची।

आज मनाई जाएगी दुर्गा अष्टमी

हल्द्वानी, अमृत विचार : दुर्गा अष्टमी मंगलवार (आज) को मनाई जाएगी। चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि का आरंभ सोमवार 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर शुरू हो चुका है, जिसका समापन मंगलवार 16 अप्रैल को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर होगा। इस दिन माता महागौरी की पूजा करने का विधान है। कई लोग कन्या पूजन भी करते हैं।

पटेल चौक स्थित आंवलेश्वर मंदिर के पुजारी पं. पुष्कर चंद्र भट्ट गोपाल शास्त्री ने बताया कि काशी पंचांग के अनुसार मंगलवार को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट से दुर्गा नवमी तिथि की शुरुआत होगी जो बुधवार को दोपहर 3 बजकर 14 मिनट पर समाप्त होगी। इसके चलते दुर्गा नवमी बुधवार को मनाई जाएगी। इसी दिन राम नवमी का त्योहार भी मनाया जायेगा।

फाटो जोन में दो जिप्सियों और दो गाइडों के प्रवेश पर प्रतिबंध

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो पर्यटन जोन में नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में दो जिप्सियों, दो चालकों और दो गाइडों के फाटो जोन में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने कार्रवाई करते हुए कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

बता दें कि फाटो जोन में पर्यटकों को भ्रमण करा रहीं दो जिप्सियां जंगली हाथी के बिल्कुल समीप पहुंच गईं। जिसकी पर्यटक फोटो खींचते रहे। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसमें पर्यटक बहुत अच्छी वीडियो बनी कहते दिखाई दे रहे हैं। गनीमत रही कि पास तक जाने के बावजूद हाथी ने पर्यटकों पर हमला नहीं किया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

इधर, वीडियो वायरल होने पर डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों जिप्सियों व उनके चालकों और दोनों गाइडों के फाटो जोन में प्रवेश पर रोक लगाने के आदेश मातहतों को दिए हैं। डीएफओ ने कहा कि वन्य जीवों के पास जिप्सी ले जाने से जहां वन्य जीवों के स्वछंद विचरण में खलल पड़ता है। वहीं यह बेहद खरनाक और गैर जिम्मेदाराना कृत्य है। वन्य जीवों के साथ किसी भी प्रकार की दखलंदाजी व पर्यटकों की सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

फाटो जोन में हाथी के समीप पहुंचकर फोटो खींचते जिप्सी पर सवार पर्यटक।

किताबों की आड़ में कमीशन का खेल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सरकारी व निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ाई जानी हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। अधिकतर निजी स्कूल सहायक किताबों (रेफरेंस बुक) की आड़ में कमीशन का खेल कर रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग इस मामले में मूकदर्शक बना हुआ है।

सीबीएसई के अनुसार स्कूलों में सिर्फ एनसीईआरटी की किताबें चलाई जानी हैं, लेकिन निजी स्कूल अधिकतर विषयों की सहायक किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर कर रहे हैं। इसके पीछे स्कूलों का तर्क है कि सहायक किताबों में संबंधित विषय की अधिक जानकारी होती है। जानकार बताते हैं कि सीबीएसई के सिलेबस में जनरल नॉलेज का विषय नहीं है, लेकिन कम उम्र में नींव अच्छी होने का हवाला देकर अभिभावकों से ये किताबें खरीदवाई जाती हैं। इन किताबों में एकरूपता नहीं है, हर स्कूल अपने हिसाब से प्रकाशक व सहायक किताब का चयन करता है। अभिभावकों का आरोप है कि इसके पीछे कमीशनखोरी का खेल है, जितनी महंगी किताब, उतना मोटा कमीशन।

बता दें कि एनसीईआटी की अधिकतर किताबें 100 से 120 रुपये में आ जाती है, जबकि निजी स्कूलों की ओर से सुझाई गई किताबों का मूल्य 200 से शुरू होकर 1200 रुपये तक होता है। उधर, शिक्षा विभाग निजी स्कूलों को सहायक किताबों के दाम एनसीईआरटी की पुस्तकों से 10-20 प्रतिशत से अधिक न होने के निर्देश देकर कर्तव्य की इतिश्री कर रहा है।



अनदेखी

- **शिक्षा विभाग भी निजी स्कूलों के आगे है नतमस्तक**
- **अभिभावकों को किताबें खरीदने के लिए किया जा रहा मजबूर**

स्कूल व अभिभावकों की बैठक में सहमतियां बनती हैं। निजी स्कूलों को अभिभावकों पर महंगी किताबें खरीदने का दबाव नहीं बनाने के लिए नियमित निर्देश दिए जाते हैं। वास्तविक शिकायत पर विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है। – **जगमोहन सोनी**, मुख्य शिक्षा अधिकारी

परीक्षाओं में प्रश्न पत्रों की संख्या बढ़ी

हल्द्वानी, अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में शाम की पाली में चल रही परीक्षाओं में सोमवार से प्रश्न पत्रों की संख्या बढ़ा दी गई है। अब छात्रों की संख्या के अनुपात से 10 प्रतिशत प्रश्न पत्र अधिक आ रहे हैं। एमबीपीजी कॉलेज में बीती 30 मार्च से वार्षिक पद्धति (बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष) की मुख्य व भूतपूर्व छात्रों की परीक्षा चल रही है। जिसमें छात्रों की तुलना में प्रश्न पत्र कम आने और फोटो कॉपी कराकर काम चलाने से संबंधित खबर अमृत विचार में प्रकाशित हुई थी। जिसके बाद कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से इनकी संख्या बढ़ा दी गई है।

एमबीपीजी में परीक्षा प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि सोमवार से परीक्षा में प्रश्न पत्रों की संख्या बढ़कर आने लगी है।

शार्ट सर्किट से ट्रॉली में गेहूं की फसल राख, हजारों का नुकसान

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : ट्रैक्टर ट्रॉली में लाई जा रही गेहूं की फसल में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जिससे पूरी फसल जलकर राख हो गई। घटना से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार इंदिरानगर बिंदुखत्ता निवासी त्रिलोक सिंह डांगी अपने खेत से ट्रॉली में गेहूं की फसल काटकर ला रहे थे। तभी रास्ते में झूल रही विद्युत तारों के आपस में टकराने से चिंगारी निकली, जिससे ट्राली में रखे गेहूं में आग लग गई। ट्रैक्टर स्वामी को आग लगने का पता तब चला जब आग ने भीषण रूप ले लिया। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काबू बुझाने का प्रयास किया, लेकिन हवा के कारण आग धधक उठी। आग से ट्रॉली में रखी हजारों रुपये की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इधर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू व भाजपा नेता दीपक जोशी ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत देने की मांग की है।

आग लगने के बाद ट्रॉली में जलती गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

काठगोदाम व मुंबई के बीच चलेगी 25 से रेल

हल्द्वानी, अमृत विचार : रेलवे प्रबंधन की ओर से 25 अप्रैल से काठगोदाम और मुंबई के बीच सुपर फास्ट रेल चलाई जाएगी।

इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बाताया कि मुंबई सेंट्रल सुपर फॉस्ट रेल हर सप्ताह गुरुवार को काठगोदाम से शाम 5.30 बजे रवाना होगी, जो लालकुआं, बरेली, मथुरा, गोरखपुर, कोटा, गोधरा, बड़ोदा होते हुए अगले दिन रात 11 बजे बोरीवली मुंबई पहुंचेगी।

यही रेल मुंबई से हर बुधवार को सुबह 11 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 2.30 बजे काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

सतर्कता | बनभूलपुरा हिंसा के बाद हर स्तर पर की जा रही सुरक्षा की पुख्ता तैयारी, जनपद नैनीताल में 134 हैं मतदान केंद्र

संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रों की होगी ड्रोन से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा के बाद पुलिस किसी तरह का जोखिम उठाने के इरादे में नहीं है। पुलिस ने संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की सूची तैयार कर ली है। इन क्षेत्रों में आसमान से ड्रोन और जमीन पर फौज के साथ पुलिस निगरानी करेगी। पुलिस यह तय करेगी कि इन इलाकों में बने घरों की छत पर पत्थर तो जमा करके नहीं रखे गए हैं। यदि ऐसा मिलता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बीती आठ फरवरी को बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में अवैध अतिक्रमण ढहाने के दौरान हिंसा भड़क गई थी। उपद्रवियों ने प्रशासन और नगर निगम की टीम पर आगजनी व पथराव किया। साथ ही गोलियां और पेट्रोल बम भी चलाए। इतना ही नहीं हिंसा में बनभूलपुरा थाना तक फूंक दिया गया। इस घटना में कई लोगों की जान गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए। घटना के बाद से पुलिस ने नए सिरे से सुरक्षा खाका तैयार किया है। बहरहाल, जिले में संवेदनशील और अति संवेदनशील कुल 134 मतदान केंद्र हैं। इनमें लालकुआं में 35, भीमताल में 25, हल्द्वानी में 21, कालाढूंगी में 9 और रामनगर में 20 मतदान केंद्र हैं। जबकि नैनीताल में 20 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इन सभी मतदान केंद्रों के आसपास के इलाकों की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अन्य मतदान स्थलों की अपेक्षा यहां फोर्स की मौजूदगी भी अधिक होगी। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। पुलिस को इस बाबत दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर चेकिंग करती डॉग स्क्वायड की टीम। ● अमृत विचार

बम और डॉग स्क्वायड ने चलाया चेकिंग अभियान

हल्द्वानी : सोमवार की शाम डॉग और बम स्क्वायड ने रोडवेज बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व अन्य स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। डॉग स्क्वायड के प्रभारी जगदीश पंत ने बताया कि वीवीआईपी ड्यूटी खत्म होने के बाद मतदान होने तक हल्द्वानी और आसपास के इलाकों में डॉग व बम स्क्वायड को तैनात किया गया है। इस दौरान कोतवाल उमेश मलिक, एसएसआई महेंद्र प्रसाद और एसएसआई मनोज कुमार कोठारी भी मौजूद रहे।

नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

हल्द्वानी, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सोमवार को वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल लसपाल, मनोचिकित्सक डॉ. हिमांशु कांडपाल नई पहचान एवं उमंग नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे।

जहां उन्होंने भर्ती लोगों और उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा भोजन और दैनिक दिनचर्या के बारे में पता किया और जरूरी रजिस्टरों की जांच की। डॉ. लसपाल ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर निरीक्षण किया गया था। इस दौरान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से मनोज बाबू और सतीश सती भी मौजूद रहे।

झूठा निकला शिक्षक पर दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक को कोर्ट ने बरी कर दिया है। पीड़िता बयान के अलावा ऐसा कोई साक्ष्य नहीं दिखा सकी, जिससे आरोप सिद्ध होते।

गफूर बस्ती बनभूलपुरा निवासी सैफ अली सिद्दीकी पुत्र नसीम अहमद की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता डीके सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में नाबालिग किशोरी ने सैफ पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। उसका कहना था कि वह हाईस्कूल में फेल हो चुकी थी और ट्यूशन पढ़ने के लिए शिक्षक सैफ के पास जाती थी। सैफ उसे फेल करने की धमकी देता था और उसके साथ दुष्कर्म करता था। उसके साथ मारपीट भी की और गर्भ निरोधक गोलियां भी खिलाईं।

न्यायालय में पीड़िता के बयान के अलावा ऐसा कोई साक्ष्य पेश नहीं किया गया, जिससे दुष्कर्म की पुष्टि होती। इस पर स्पेशल जज पॉक्सो नंदन सिंह की अदालत ने दोष मुक्त करते हुए सैफ को बरी कर दिया।

मामला

- **कोर्ट ने शिक्षक को किया बरी, नाबालिग पीड़िता के परिजन ने बनभूलपुरा थाने में दर्ज कराया था मुकदमा**

लिखित आश्वासन पर माने ग्रामीण, अब करेंगे मतदान

करायल जौलासाल पहुंचे नायब तहसीलदार व जल संस्थान के अधिकारी, कहा- अगस्त माह के पहले सप्ताह तक सुचारू होगी पेयजल आपूर्ति

निर्णय वापस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पानी नहीं तो वोट नहीं की मांग पर अड़े करायल जौलासाल के ग्रामीण सोमवार को मतदान के लिए मान गये। नायब तहसीलदार, जल संस्थान के एई और जेई ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया कि अगस्त माह के पहले सप्ताह तक पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। जिसके बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया।

करायल जौलासाल के ग्रामीण पिछले 20 वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। इस मामले को बीते रविवार को अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया। जिसके बाद स्वीप टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया और मतदान करने की अपील की, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। जिस पर स्वीप टीम बैरंग लौट आई। सोमवार को नायब तहसीलदार युगल किशोर पांडे, जल संस्थान के एई जयपाल सिंह और जेई प्रमोद पांडे गांव पहुंचे और ग्रामीणों को अगस्त माह के पहले सप्ताह तक पेयजल आपूर्ति सुचारू कराने का लिखित आश्वासन दिया। कहा कि तब तक क्षेत्र में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पुराने कनेक्शन धारकों को एक दिन छोड़कर पानी दिया जायेगा। गांव में जल संस्थान की ओर से टैंकर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस लेते हुए मतदान करने की बात कही।

करायल जौलासाल के ग्रामीणों को लिखित आश्वासन पत्र सौंपते नायब तहसीलदार व जल संस्थान के अधिकारी। ● अमृत विचार

12 किमी. पानी लाइन बिछाने का काम शेष

हल्द्वानी : हर घर नल-हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी व ठेकेदारों की लापरवाही के चलते करायल जौलासाल गांव के कई क्षेत्रों में अभी भी पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा नहीं हो पाया है। गांव में अभी भी 12 किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाने का काम शेष बचा है। ठेकेदार को चार माह में काम पूरा करने का समय दिया गया है।

समस्या का समाधान होने पर जताया आभार

हल्द्वानी : करायल जौलासाल गांव की भरत कॉलोनी के लोगों ने पेयजल समस्या का समाधान होने पर अमृत विचार का आभार जताया है। करीब 20 वर्षों से ग्रामीण पेयजल समस्या से जूझ रहे थे। इस मामले को अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया। जिसके बाद जिम्मेदारों की नींद टूटी और मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया। आभार जताने वालों में गिरधर सिंह डसीला, पूजा बिष्ट, पूरन सिंह धोनी, गीता जोशी, ममता बिष्ट समेत कई लोग शामिल रहे।

कठघरिया में पेयजल संकट बरकरार

हल्द्वानी : कठघरिया क्षेत्र में नलकूप खराब होने से पेयजल संकट बरकरार है। जिस कारण पिछले 11 दिनों से क्षेत्र के लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक नलकूप ठीक नहीं हो पाया है। बीती 4 अप्रैल को कठघरिया क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए बना नलकूप खराब हो गया था। स्थानीय लोगों ने जल संस्थान से कई बार नलकूप को ठीक करने की मांग की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। नलकूप खराब होने से क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों को पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग रोजाना जल संस्थान के अलग-अलग कार्यालयों में शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। शिकायतों के समाधान के लिए अभियंताओं को जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन इनकी चुनाव में ड्यूटी लगने के चलते कार्य बाधित है। जिसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पेयजल समस्या बनी है वहां वैकल्पिक व्यवस्था के लिए टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

जल की बर्बादी : एक ओर हल्द्वानी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत से लोग परेशान हैं। दूसरी ओर पानी की किस कदर बर्बादी हो रही है इसका अंदाजा इस तस्वीर से लगाया जा सकता है। सोमवार को यह टैंकर किसी कॉलोनी में पानी लेकर जा रहा था, लेकिन टैंकर का वॉल्व खराब होने से सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बहता रहा। जिसे न तो टैंकर चालक ने देखने की जहमत उठाई और न ही किसी अन्य ने। ● संजय कनेरा

जल संस्थान ने बढ़ाए छह और टैंकर

हल्द्वानी, अमृत विचार : पेयजल समस्या को देखते हुए जल संस्थान ने छह और टैंकरों की संख्या बढ़ा दी है। जेई जयपाल सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से आठ जगहों पर टैंकर भेजकर पेयजल आपूर्ति कराई गई है। बजूनिया हल्दू में दो, कमोला में एक, कुसुमखेड़ा में एक, राजपुरा में एक, कठघरिया काठगोदाम बाईपास में एक, कठघरिया के भरतपुर में एक और हिम्मतपुर भगवानपुर में एक टैंकर भेजकर आपूर्ति कराई हैं। शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए छह निजी टैंकरों को रखा गया है। इधर, चुनाव ड्यूटी के चलते खालसा स्कूल में एक, गांधी इंटर कॉलेज में एक, एचएन इंटर कॉलेज में एक, एमबीपीजी कॉलेज में एक, महिला डिग्री कॉलेज में एक और सरस्वती शिशु मंदिर में एक टैंकर लगाया गया है।

सार-संक्षेप

अग्निशमन अधिकारियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक तरुण मठपाल।

द्रोण स्कूल में आग से बचाव को किया जागरूक

हल्द्वानी : द्रोण पब्लिक स्कूल टनकपुर रोड में 'अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह' के तहत छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ को अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम व बचाव के लिए जागरूक किया गया। अग्निशमन टीम के सदस्यों ने दुर्घटनाओं से बचाव के विभिन्न तरीक बताए और आग से बचाव संबंधित कला प्रतियोगिता भी आयोजित कराई। जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कक्षा 7 के मंयक सिंह प्रथम, कक्षा 8 की माहिरा द्वितीय और कक्षा 7 की जेबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फायर अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह, स्कूल प्रबंधक तरुण मठपाल, किरन बिष्ट, विदुषी अग्रवाल, सुनीता भाकुनी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन काजल मेहरा ने किया।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न

हल्द्वानी : उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ पर्व संपन्न हो गया। छठ पूजा सेवा समिति के महामंत्री मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार की सुबह 5 :58 बजे उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। महिलाओं ने गीत व भजन गाकर छठ पूजा स्थल की शोभा बढ़ाई। इसके बाद समिति की ओर से प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कृष्णा साह, शंकर भगत, हरेंद्र शाह, जय प्रकाश शाह, ओम प्रकाश, वीरू पंडित, डॉ. आरजेके सिंह, सुधा सिंह, अंजू श्रीवास्तव मौजूद रहे।

जनरल स्टोर और कुटीर उद्योग के ताले तोड़े

कालाढूंगी : चोरों ने कालाढूंगी-हल्द्वानी मेन हाईवे से सटे वन निगम के पास कुटीर उद्योग में ताला तोड़ दिया। इसी कुटीर उद्योग में 5 अप्रैल की रात भी चोरों ने जाली काटकर नगदी व सीसीटीवी व मंडी समिति के कंप्यूटर सिस्टम चोरी कर लिए थे। कुटीर उद्योग स्वामी ने बताया कि चोरों ने गल्ले का ताला तोड़ा था। वहीं महरा जनरल स्टोर के स्वामी गोपाल महरा ने बताया कि सुबह 5 बजे दुकान पर आये तो दुकान के ताले टूटे देखे। थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चोरगलिया में रैली निकालकर मतदान का संदेश देते स्कूली बच्चे।

स्कूली बच्चों ने मतदाताओं को किया जागरूक

चोरगलिया : राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय लाखन मंडी के बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चोरगलिया मुख्य बाजार से होकर रैली निकाली। रैली गांवों तक पहुंची। रैली में ज्यादा वोट करने के लिए लोग पोलिंग बूथ पर पहुंचे, बच्चे इसका संदेश दे रहे थे। वोट हमारा है अधिकार कभी ना करें इसे बेकार, लोकतंत्र हो तभी महान सब करें जहां मतदान, हर एक वोट है राष्ट्र की शान लेते हैं शपथ हम करेंगे मतदान। रैली में विद्यालय की प्रधानाचार्य अनुराधा सक्सेना, निर्मला रुवाली, गिरीश चंद पांडे, टीना, धर्मसतु, किरण गुणवंत, उमा आदि शामिल रहे।

डीके स्पोर्ट्स और कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी ने जीता मैच

हल्द्वानी : अंडर-16 जिला लीग में सोमवार को काठगोदाम स्पोर्ट्स एकेडमी और डीके स्पोर्ट्स के बीच मुकाबला हुआ। काठगोदाम स्पोर्ट्स एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में सभी विकेट खोकर 57 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 11वें ओवर में बिना विकेट गवाएं 10 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरा मैच में यंग बॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 141 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

बैंक कर्मियों व ग्राहकों को दिलाई मतदान की शपथ

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव में बैंकों की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले की सभी शाखाओं में सोमवार को ग्राहकों व कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। कहा गया कि बैंकों को ओर से दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए व्हीलचेयर व डोली की व्यवस्था की जाएगी। नैनीताल के अग्रणी बैंक प्रबंधक केआर आर्या ने सभी बैंकों को शाखाओं व एटीएम में पंपलेट लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैंकों से ग्राहकों को एसएमएस भेजकर अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा।

ओखिना गांव में दो माह से पेयजल आपूर्ति ठप

गरमपानी, अमृत विचार : ओखिना गांव में दो माह से पेयजल आपूर्ति ठप होने से गांव के बाशिंदे परेशान हैं। बावजूद सुध नहीं ली जा रही। ग्राम प्रधान जीवन सिंह ने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई है।

बेड़गांव ग्राम पंचायत के ओखिना तोक में गांव के बाशिंदे बूंद बूंद पानी को तरस गए हैं। जल संस्थान की कालापातल योजना से गांव को पेयजल आपूर्ति की जाती है पर पिछले दो महीने से गांव के बाशिंदों को पानी की बूंद तक नसीब नहीं हो सकी है। मजबूरी में ग्रामीण दूरदराज स्थित प्राकृतिक जल स्रोत से सिर पर पानी ढोकर गांव तक पहुंचाने को मजबूर हो चुके हैं। महिलाएं तपती दुपहरी में भी पानी ढो रहे है। ग्राम प्रधान जीवन सिंह ने कहा कि ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। उन्होंने तत्काल पेयजल आपूर्ति सुचारु किए जाने की मांग उठाई है।

पाइप लाइन बिछाने को खोदी सड़क फिर भरना भूल गए, अब मुसीबत

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : जल जीवन मिशन के तहत कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे खोदकर खुला छोड़ दिया गया है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रविवार को चकलुवा बाजार के पास बने गड्ढे में कार सवार को कार हल्की करना महंगा पड़ गया। पीछे से आ रहे तेज कैंटर ने उसे टक्कर मार दी, जिसमें दंपति बाल-बाल बच गए।

विगत एक माह पहले जल जीवन मिशन के तहत कालाढूंगी से चकलुवा तक हल्द्वानी-कालाढूंगी हाईवे को कई जगह से सड़क को काटकर पाइपलाइन बिछाई गई। इसके बाद उसमें मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। हल्द्वानी देहरादून स्टेट हाईवे होने के कारण आए दिन भारी भरकम वाहन गुजरते हैं। जिस कारण गड्ढों की मिट्टी उड़ गई व रेत के कारण आए दिन बाइक सवार रपट कर घायल हो रहे हैं। विभाग में शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से डामरीकरण ना कर मिट्टी और रेत से गड्ढों को पाट दिया, जिससे कुछ दिन बाद मिट्टी उड़ गई व गड्ढों ने और खतरनाक रूप ले लिया।

रविवार को तारा दत्त शर्मा निवासी बजुनियहल्दु कोटाबाग कार में पत्नी के साथ हल्द्वानी जा रहे थे। चकलवा मुख्य बाजार के पास पहुंचते ही उन्होंने गड्ढे पर कार धीमी की तो पीछे से आ रहे कैंटर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें पति-पत्नी बाल बाल बचे। जबकि कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान हाईवे पर भीड़ लग गई।

चकलुवा के मुख्य बाजार में खोदी गई जर्जर सड़क पर बिखरा कांच।

> देश डामरीकरण का टेंडर हो चुका है, संबंधित ठेकेदार को कार्य शुरू करने के लिए कहा गया है। जल्द ही रोड पर डामरीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।
> -**सुनील कुमार**, ऐई, पीडब्ल्यूडी विभाग, हल्द्वानी

सार-संक्षेप

दुर्गापालपुर परमा में चोरी के बाद फैले सामान को दिखाते गृह स्वामी।

बंद मकान में लगाई सेंध, गहने और रुपये चोरी

हल्दूचौड़ : बंद मकान में सेंधमारी कर जेवर और रुपये चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। दुर्गापालपुर परमा गांव निवासी चंदन सिंह बिष्ट के घर में चोरों ने दरवाजे के ताले तोड़कर सेंधमारी कर लाखों की और जेवर चोरी कर लिए। घर के सभी सदस्य 10 अप्रैल को अपने निजी कार्य से बरेली गए हुए थे, 13 अप्रैल को देर सायं घर पहुंचने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई, जिसके उपरांत पीड़ित परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। चोर मकान में रखे सोने का मांगटीका, मंगलसूत्र, कर्णफूल, नथ के अलावा नकदी समेत लैपटाप चोरी कर ले गए। साथ ही एसबीआई का एटीएम समेत अन्य सामान भी चोरी कर लिया। हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने बताया कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता के निधन पर शोक

भीमताल : भाजपा के नौकुचियाताल शक्ति केंद्र के पूर्व अध्यक्ष एवं संयोजक तथा वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मथुरा दत्त पाठक का निधन हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में अजय भट्ट, कमला आर्य, राहुल जोशी, गोपाल साह, विनोद कर्नाटक, भुवन भट्ट, दिनेश सांगुड़ी, अनिल चनौतिया, बच्ची सिंह मेहता, बिशन सिंह पोखरिया आदि रहे।

पीरूमदारा में सतपाल महाराज की रैली कल

रामनगर : चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 17 अप्रैल को पीरूमदारा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज जनसभा को संबोधित करेंगे। मीडिया प्रभारी गणेश रावत ने कहा कि इसके लिए पार्टी संगठन ने अपनी तैयारी करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को किसान इंटर कॉलेज पहुंचने की अपील की। सभा दोपहर एक बजे से होगी।

कालाढूंगी में जागरूकता रैली निकालते मदर्स होम के छात्र-छात्राएं।

छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

कालाढूंगी : सोमवार को मदर्स होम व ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज धमोला के एनसीसी व एनएसएस के छात्रों ने हाथों में बैनर व तख्ती व नारे लगाकर मतदाताओं से मतदान की अपील की। इस दौरान प्राधानाचार्य शशि रौतेला, प्रबंधक विरेन्द्र रौतेला, सपना गोस्वामी, नेहा रखोलिया, रेखा सती दीक्षा बोरा, किरण जोशी सहित स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा। वहीं ज्ञान प्रकाश इंटर कालेज धमोला के प्रबंधक फादर साबू और प्रभारी प्रधानाचार्य भुवन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इस दौरान एनसीसी प्रभारी मनमोहन बसेड़ा, एनएसएस प्रभारी प्रकाश चंद, कमल कान्त जोशी, रीना कंबोज, दीपिका बधानी, नीता नेगी मौजूद रहे।

बेस में बच्चों की पेट साफ करने की भी दवा नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेस अस्पताल में दवाओं का टोटा हो गया है। खासतौर से बच्चों की दवाओं की कमी चल रही है। जिस वजह से चिकित्सक बाहर की दवाएं लिख रहे हैं।

इन दिनों बच्चों में डायरिया, कब्ज, पेट में ऐंठन और पेट दर्द की शिकायतें बढ़ रहीं हैं। ओपीडी में बीमार बच्चों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। सुबह से ही अस्पताल में बाल रोग की ओपीडी में कतार लग रही है। हालांकि लोगों को अपने बीमार बच्चों के लिए अधिकतर दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। अस्पताल में बच्चों के पेट साफ करने का सिरप तक नहीं है। बाजार से लेने पर यह सीरप 250 से 300 रुपये तक मिल रहा है। इसके साथ ही बच्चों के बी-कॉपलेक्स सीरप को बाहर मेडिकल स्टोर से ही खरीदना पड़ रहा है। जिसकी कीमत 150 से 175 रुपये तक है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने मामले को देखने की बात कही है।

सीटी स्कैन मशीन के लिए करना होगा इंतजार

हल्द्वानी : बेस में सीटी स्कैन मशीन को खराब हुए 10 दिन से अधिक हो गये हैं, लेकिन अभी मशीन ठीक नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मशीन को ठीक करने के लिए देहरादून संपर्क किया गया है। उम्मीद है कि मशीन जल्द ठीक हो जाएगी। इधर, एसटीएच में सीटी स्कैन मशीन ठीक होने से मरीजों को काफी राहत है, लेकिन वहां मरीजों की संख्या अधिक होने से सीटी स्कैन के लिए काफी इंतजार करना पड़ रहा है।

बीमारियों से बचाव के लिए सफाई जरूरी

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : समीपवर्ती अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान में स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में लगे विशेष शिविर में छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। सीएचओ रितिका लोहनी ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां व साफ सफाई के विषय पर जागरुक किया। 94 छात्राओं को निशुल्क सैनेटरी नैपकीन भी वितरित किए गए।

जीआइसी भुजान में स्वास्थ्य उपकेंद्र पातली के स्वास्थ्य कर्मियों ने नवीं से बारहवीं कक्षा तक की 94 छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। सीएचओ रितिका लोहनी ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, युवावस्था में शरीर में होने वाले बदलाव समेत कई बिंदुओं पर जागरुक किया गया। रितिका ने कहा की साफ सफाई से तमाम बिमारियों से बचा जा सकता है। मासिक धर्म के दौरान साफ सफाई का ध्यान रखना आवश्यक है। कहा कि कभी भी स्वास्थ्य संबंधी कोई भी परेशानी होने पर समीपवर्ती स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्वास्थ्य कर्मियों से विचार विमर्श जरूर करना चाहिए। बगैर जांच व अनजाने में ली गई दवाइयां भविष्य में स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है।

जागरूकता

- स्वास्थ्य विभाग ने जीआईसी भुजान में लगाया शिविर
- छात्राओं को मासिक धर्म पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

सड़क को ठीक तरह से न बनाने का आरोप

हल्द्वानी : कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने आरोप लगाया कि रुद्रपुर-काठगोदाम मार्ग को गलत तरीके से बनाया जा रहा है। कहा कि रुद्रपुर-काठगोदाम मार्ग के अंतर्गत नगला तिराहे से श्मशान घाट लालकुआं के बीच सड़क को फोर लेन नहीं किया गया है। इसके लिए स्वीकृति भी मिल चुकी है। विभाग और सरकार ने जनता के साथ अन्याय किया है।

नशे के 15 इंजेक्शनों के साथ युवक गिरफ्तार

रामनगर : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चैकिंग के दौरान रविवार को ऊंटपड़ाव के पास सागर पुत्र रामपाल उर्फ मलखान निवासी रेलवे पड़ाव रामनगर को 15 प्रतिबिन्धित नशीले इंजेक्शनों के साथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। आरोपी पूर्व में भी एनडीपीएस के कई मामलों में जेल जा चुका है।

मिट्टी के बर्तनों की बढ़ने लगी मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गर्मी बढ़ने के साथ-साथ शहर में मिट्टी के बर्तनों की भी मांग बढ़ गई है। शहर व आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह मिट्टी के बर्तनों की दुकानें सजी हैं। आधुनिक युग में भी मिट्टी के घड़ों और सुराही का चलन तेजी पर है। कुम्हार आकर्षक बर्तन बनाकर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। घड़े और सुराही की मांग में काफी इजाफा है। इससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं।

नैनीताल रोड पर दुकान चलाने वाले प्रेम ने बताया कि गर्मी बढ़ने से सुराही, घड़े, कुल्हड़ और गिलास की मांग बढ़ने लगी है। मिट्टी के इन बर्तनों के दाम फिलहाल नहीं बढ़ाए गए हैं। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है। इससे दामों में इजाफा होना तय है।

राजस्थान से मंगाए जाते मिट्टी के बर्तन: शहर में राजस्थान से मिट्टी के बर्तन मगाएं जाते हैं। इनमें 120 रुपये से लेकर 750 रुपये तक के 10 से 15 लीटर के घड़े शामिल हैं। बरेली व बहेड़ी से भी मिट्टी के बर्तनों का आयात किया जाता है।

हल्द्वानी में मिट्टी के बर्तनों से सजी दुकान। ● अमृत विचार

मिट्टी के बर्तनों के दाम

घड़ा : 120 से 750 रुपये तक
मिट्टी की बोतल : 80 से 120 रुपये
गुल्लक : 20 से 60 रुपये तक

भुजान क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री जोरों पर

गरमपानी, अमृत विचार : समीपवर्ती भुजान क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की सुगबुगाहट से लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। धड़ल्ले से बेची जा रही शराब से आसपास के गांवों का माहौल भी अशांत होने का अंदेशा बना हुआ है। क्षेत्र में बीच बाजार पटवारी चौकी होने के बावजूद गुपचुप ढंग से बिक रही शराब से तमाम गंभीर सवाल भी खड़े होते जा रहे हैं। रानीखेत खैरना स्टेट हाइवे पर भुजान क्षेत्र से तमाम गांवों को आवाजाही की जाती है। गांवों के बाशिंदे भुजान क्षेत्र से ही गांवों को आवाजाही करते हैं। पिछले कुछ समय से भुजान क्षेत्र में शराब तस्करों के सक्रिय होने से माहौल बिगड़ता जा रहा है।

मवेशियों को आवारा छोड़ने पर जुर्माना लगाने का निर्णय

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी से सटे सिरसा गांव में हुई बैठक में फसल सुरक्षा समिति का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। सर्वसम्मति से तय हुआ की फसल बचाने को हर संभव कदम उठाए जाएंगे। मवेशियों को खेतों आवारा छोड़ने पर जुर्माना राशि तय की गई जबकि जंगली जानवरों से उपज बचाने को प्रत्येक रविवार को अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। आय व्यय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। रामगढ़ ब्लॉक के सिरसा गांव में हुई बैठक में फसल सुरक्षा समिति गठित कर सर्वसम्मति से कुबेर सिंह जीना को अध्यक्ष की कमान सौंपी गई जबकि राम सिंह को उपाध्यक्ष, ललित सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। मोहित जीना को सचिव तथा देवेंद्र सिंह को सूचना सचिव मनोनीत किया गया।

वनरावतों के दर्द की कोई दवा नहीं... दो वर्षों से रोपवे खराब मगर कोई सुनने वाला नहीं

खिरद्वारी के आदिम जनजाति के वनरावत 12 किमी पैदल चलकर लधिया नदी पार कर आवाजाही को हैं मजबूर

देवेन्द्र चन्द देवा, चम्पावत

अमृत विचार: चम्पावत जिले की आदिम जनजाति वाला अकेला गांव है खिरद्वारी। चारों ओर पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा होने के साथ ही बेहद खूबसूरत यह गांव बाहर से जितना हराभरा दिखता है, गांव के भीतर प्रवेश करने पर उतना ही कांटों से भरा है। खेती और मजदूरी ही ग्रामीणों की आजीविका का साधन है।

पोथ ग्राम पंचायत के अंतर्गत खिरद्वारी गांव के साथ ही लोडिया सेरा, पिपरिया सेरा, सोनेत फुरकियाझाला, उपराकोट, बेलखेड़ गांव भी आते हैं। जहां कुल 395 मतदाता है। अकेले खिरद्वारी गांव में 37 परिवारों में कुल 153 वनरावत हैं। इस गांव में कुल 96 मतदाता हैं। जिला मुख्यालय चम्पावत से 45 किमी के सफर में 12 किमी पैदल चलकर नेपाल सीमा से लगे वनरावतों के गांव खिरद्वारी पहुंचा जाता है। मुश्किलों की भरमार वाला खिरद्वारी गांव दुनिया से किस कदर कटा है, इसका अंदाज इसी बात से लगता है कि बरसात के दिनों में मार्ग बंद हो जाने से यहां के लोग गांव में ही कैद हो जाते हैं। आज तक इस गांव से एकमात्र सुरेश सिंह रजवार सरकारी नौकरी में हैं, और वह भी चतुर्थ श्रेणी में। आठवीं से आगे का स्कूल न होने से आगे की पढ़ाई यहां लोगों को नसीब नहीं है। यहां की भोजन माता लक्ष्मी देवी की पुत्री नीमा ने बाहर जाकर इंटर की परीक्षा पास की है जो इस गांव की सबसे शिक्षित बालिका है।

दो साल पहले खिरद्वारी से लोडियालसेरा गांव को जोड़ने वाला 500 मीटर लंबा रज्जु मार्ग (रोपवे) खराब है। लधिया नदी को आरपार करने के लिए सहारा बने इस रोपवे का तार और जनरेटर भी खराब है। यदाकदा लोग इस रोपवे को अपने व छिटपुट सामान ढोने के लिए उपयोग में लाते हैं। लेकिन बरसात के दिनों में आवाजाही के लिए लधिया नदी पार करने की बेबसी है। खिरद्वारी के लोगों को गेहूं और दूसरा अनाज पिसवाने के लिए लोडियालसेरा आने में भी मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं। ग्रामीण कहते हैं कि वे अपने दर्द को कई बार अफसरों और नेताओं को बता चुके हैं, लेकिन उनकी कहीं सुनवाई नहीं है। खिरद्वारी गांव में बिजली भले ही न हो, लेकिन यहां 2010 से बिजली के पोल जरूर लगे हैं। रात्रि में अंधेरा होने के कारण यहां के लोगों को जंगली जानवरों का हमेशा भय बना रहता है।

खिरद्वारी गांव के आदिम जनजाति के वनरावत। ● अमृत विचार

यह है खिरद्वारी के लोगों का दर्द

1. सड़क तक पहुंचने के लिए 12 किमी की पैदल दूरी।
2. सरकारी राशन लेने के लिए 12 किमी पैदल चल्थी तक की दौड़।
3. आठवीं से आगे की पढ़ाई के लिए 12 किमी पैदल चल्थी जाना।
4. एएनम केंद्र भी नहीं, इलाज के लिए 12 किमी पैदल और फिर 36 किमी सड़क मार्ग से टनकपुर जाना।

चम्पावत जिले का दूरस्थ व उपेक्षित खिरद्वारी गांव। ● अमृत विचार

बोले उप ग्राम प्रधान

खिरद्वारी गांव के लोगों की समस्याओं की सुध लेने वाला कोई नहीं है। यहां अफसर और नेता कम ही आते हैं और आते भी है तो भी कोई समाधान नहीं होता। बिजली, आठवीं से आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल, एएनएम केंद्र, झूला पुल और सड़क का निर्माण यहां के ग्रामीणों की मुख्य मांग हैं। इनके होने पर ही गांव के लोगों का भला हो सकेगा। और इससे भी बढ़कर यहां के रोपवे को ठीक करना जरूरी है। **-जीत सिंह**, उप ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत पोथ

अंतिम दिन, मुख्यमंत्री धामी का रोड शो तो सचिन पायलट की सभा

हल्द्वानी, अमृत विचार : चुनावी महासमर में प्रचार के लिए सिर्फ एक दिन ही बाकी है। इस दिन भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रोड शो कराने जा रही है तो कांग्रेस ने स्टार प्रचारक सचिन पायलट की जनसभा का आयोजन किया है। फिलहाल महासमर में 'स्टार वार' से चुनाव रोचक हो गया है।

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। चुनाव प्रचार 17 अप्रैल को थम जाएगा फिर डोर टू डोर कनवेंसिंग होगी। प्रचार के अंतिम दिन सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। भाजपा ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का कालाढूंगी रोड से तिकोनिया तक रोड शो करने जा रही है ताकि अंतिम समय में ताकत का एहसास कराके भाजपा के पक्ष में माहौल को मजबूत किया जा सके। वहीं, कांग्रेस भी जोरदार टक्कर दे रही है। अंतिम दिन कांग्रेस ने स्टार प्रचारक राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की रामलीला मैदान में जनसभा कराने जा रही है। कांग्रेस भी पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरने के मूड में है। अंतिम दिनों में चुनाव रोचक होता जा रहा है। शांत मतदाता ने चुनावी मौसम बदल दिया है, इस वजह से नैनीताल संसदीय सीट पर चुनाव रोचक हो गया है।

पीएम समेत कई पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय चुनाव आयुक्त को संबोधित ज्ञापन राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पांचों संसदीय सीटों के उम्मीदवारों, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत अन्य भाजपा नेताओं पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अधिकृत सोशल मीडिया पेज पर जारी की गई पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना की वर्दी पहने तस्वीर के साथ मंदिरों की तस्वीर लगे पोस्टर प्रचारित किए जा रहे हैं। इसी तरह प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का भी मंदिर की तस्वीरों के साथ प्रचार किया जा रहा है। यह पूरी तरह से आचार संहिता का उल्लंघन है। ज्ञापन में यह भी शिकायत की गई है कि राज्य में पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी पोस्टर्स, सोशल मीडिया पोस्ट में मंदिरों एवं धर्म विशेष के स्लोगन इस्तेमाल कर मतदाताओं की धार्मिक भावनाओं को भडकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट से प्रत्याशी प्रचार सामग्री में अराध्य श्री बद्रीनाथ का संबोधन किया था तो इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रचार सामग्री से हटाये जाने के निर्देश दिए गए थे।

केंद्रीय एवं राज्य निर्वाचन की ओर से इस प्रकार का दोहरा मापदंड अपनाया जाना पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत सभी भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सोशल मीडिया संयोजक विशाल मौर्य, सोशल मीडिया अध्यक्ष विकास नेगी, प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी, प्रिया जायसवाल, वाररूम चेयरमैन गोपाल गडिया, शामिल थे।

कुसुमखेड़ा में लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाते प्रकाश जोशी।

सार-संक्षेप

भवाली में भाजपा के लिए प्रचार करते निवर्तमान पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा।

संजय वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी भट्ट के लिए मांगे वोट

भवाली : निवर्तमान नगर पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहा बजार, रानीखेत रोड, सैनिटोरियम, वाल्मीकि बस्ती भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश पांचवीं अर्थशक्ति बन गया है, अब उनका लक्ष्य तीसरी बनाना है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंचीधाम में बाइपास, हेलीपैड, मानसखंड योजना से जोड़कर स्थानीय लोगों को रोजगार दिया है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट को वोट देकर जिताने की अपील की। इस दौरान जिला मंत्री प्रगति जैन, मंडल उपाध्यक्ष कंचन साह आदि मौजूद रहे।

पांडेगांव में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता।

पांडेगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

भीमताल : भीमताल में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रचार तेज कर दिया है, जहां नगरीय क्षेत्र में प्रचार का कार्य तेजी से चल रहा वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने प्रचार की कमान संभाली है। भीमताल के समीप ग्रामसभा पांडेगांव में भाजपाइयों ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में वोट डालने की अपील की। केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा क्षेत्र की उपलब्धि को गिनाते हुए आगे भी विकास के लिए नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री और अजय भट्ट को सांसद बनाए जाने के लिए वोट मांगे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता नितेश बिष्ट, महेश जोशी, बच्ची मेहता, लक्ष्मण बिष्ट, कृष्णा, जीवन, हरेंद्र रावत, महेंद्र सिंह, बिशन आदि मौजूद थे।

भीमताल में घर-घर प्रचार करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

रानीबाग और भीमताल में कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर पहुंचे

भीमताल : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंचायत रानीबाग के सभी बूथों (चोपड़ा, दोगड़ा, सूर्यागांव, जन्तवाल गांव, मोरा, भदूयनी, हेड़ी, रानीबाग) में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए वोट व समर्थन मांगा। पार्टी के लिए प्रचार करने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान रानीबाग आनंद कुंजरवाल, पूर्व उपप्रधान गणेश राणा, न्याय पंचायत अध्यक्ष संदीप राणा, उप प्रधान पवन साह, चंदन सूर्या, जीवन सूर्या, भूपेन्द्र बिष्ट, किशोरी लाल, भूपेन्द्र जीना, पंकज राणा, राहुल राणा, विकास कुमार आदि शामिल रहे। वहीं भीमताल में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भरतपुर, कुआं ताल आदि क्षेत्रों का दौरा कर घर-घर जाकर वोट मांगे। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनौतियां, नीरज कुमार, कमरू निशा, हेमा परगई, आशा आर्य, निर्मला आर्य, रीना आर्य, देवकी सांगुरी, राम लाल, गुंजन रौतेला, खुशी राम रहे।

'मुझे गाली देने से वोट मिलते हैं तो मुझे आपत्ति नहीं है'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चुनावी समर में किच्छा विधानसभा सीट पर संग्राम छिड़ गया है। यहां भाजपा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के अमर्यादित टिप्पणी किए जाने पर कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने पलटवार करते हुए इसे भाजपा की राजनीति का निम्नतम स्तर और बिरादरी का अपमान बताया है।

विधायक बेहड़ ने वीडियो जारी कर कहा कि भाजपा की राजनीति का स्तर इतना गिर गया है कि उन्हें आगरा व दिल्ली के पागलखाने में भर्ती कराने, आंखों पर पर्दा डालने और किडनी को लेकर निजी टिप्पणी की जा रही हैं। रक्षा राज्य मंत्री/भाजपा के सांसद उम्मीदवार अजय भट्ट की मौजूदगी में इस तरह की अभद्र टिप्पणी की जा रही है, जब भाजपा कहती है कि कांग्रेस ने 70 सालों में कुछ नहीं किया तो ठीक है। हमने कहा कि 10 सालों में कोई विकास नहीं हुआ तो दिक्कत हो गई और पांच बार के विधायक पर अभद्र निजी टिप्पणी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि यदि उनके खिलाफ बोलने से भाजपा को वोट मिलता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन यह हमारी बिरादरी का अपमान है।

टोल फ्री 1950 पर कॉल कर पता करें अपना बूथ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि जिन मतदाताओं को स्वयं के बूथ की जानकारी नहीं है, टोल फ्री नंबर-1950 पर फोन कर इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

चौहान ने कहा कि वोटर आईडी नहीं है तो इन 13 दस्तावेजों से कर सकते हैं ।19 अप्रैल को मतदान केंद्र पर आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/डाकघर से जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, केंद्र/राज्य सरकार लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी किए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड से पहचान स्थापित करके मतदान कर सकते हैं। उन्होंने जनता से 19 अप्रैल को बूथ पर फोटो परिचय पत्र या चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेजों में से काई एक दस्तावेज अवश्य लाने की अपील की है।

प्रकाश जोशी ने कइयों को दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियों की सदस्यता लेने का क्रम बढ़ता जा रहा है।

सोमवार को भाजपा नेता योगेश जोशी ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, विधायक सुमित हृदयेश और जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलायी। योगेश जोशी ने कहा कि भाजपा सिर्फ भावनाओं के साथ खिलवाड़ करती है और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों से उनका कोई सरोकार नहीं है। इस दौरान हेमंत बगड़वाल, सुमित्तर भुल्लर, ललित जोशी, डॉ. कैलाश पांडे, विजय सिजवाली, सुहेल सिद्दीकी, रवि जोशी, मुकुल बल्यूटिया, डॉ. केदार पड़लिया आदि मौजूद रहे।

पोलिंग बूथों पर दुरुस्त हो बिजली-पानी की व्यवस्था

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सोमवार को हल्द्वानी और लालकुआं विधानसभा सीट के अंतर्गत सर्वाधिक मतदाता वाले पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बनभूलपुरा में बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, इंदिरानगर पूर्वी, शिशु भारती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गौजाजाली, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौजाजाली में बनाए गए पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक पोलिंग बूथ पर बिजली, पानी, वेटिंग एरिया बनाने, धूप से बचाव को शेड/टेंट से कवर करने के निर्देश दिए।

मालधन में कई लोगों ने भाजपा छोड़ थामा कांग्रेस का हाथ

रामनगर, अमृत विचार : विधानसभा क्षेत्र के मालधन चौड़ के कई दिग्गज नेताओं ने सोमवार को समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। कांग्रेस में शामिल होने पर पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने पार्टी के चुनाव कार्यालय में सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मालधन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में पूर्व भाजपा नेता हरीश आर्य (लाला जी), एसलाल व जय प्रकाश ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ली। उनके साथ एस लाल, प्रयाग राम, घनश्याम, चन्ना सिंह, ग्राम प्रधान चंद्रनगर अनिल राज, बीडीसी सदस्य राहुल कांडपाल आदि ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

भगत ने भरतपुर नैनवाल गांव में दर्जनों लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

हल्द्वानी, अमृत विचार : विधायक बंशीधर भगत ने सोमवार को एससी बाहुल्य भरतपुर नैनवाल गांव में दर्जनों महिलाओं व पुरुषों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एससी समाज को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। केंद्र में जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है तब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित समाज को ध्यान में रख कई योजनाएं शुरू कीं। यही वजह है कि लोगों का अब कांग्रेस से मोह भंग हुआ है। इस अवसर पर सुरेश चंद्र आर्या, योगेश चंद्रा, रोहित आर्या, संत देव, संदीप कुमार, ठाकुर राम, मीना देवी, रेणु देवी, एवं कुलदीप ने दर्जनों साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

बिस्तर की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र के सीमांत जिले पिथौरागढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियों के लिए बिस्तरों की व्यवस्था करना राजस्व विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। राजस्व कर्मियों ने कहा है कि इस के लिए काफी कम बजट दिया गया है। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में बिस्तरों की व्यवस्था करना सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। राजस्व कर्मियों ने इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है और उन्हें इस कार्य से मुक्त रखने की मांग की है।

पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक व राजस्व सेवक संघ ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि जिले में मतदान केंद्र अति दुर्गम इलाकों में हैं। निर्वाचन विभाग ने मतदेय स्थलों पर राजस्व उपनिरीक्षकों को साफ व स्वच्छ कम से कम आठ बिस्तर सेट की व्यवस्था व प्रति मतदेय स्थल 500 की दर से किराया देने के आदेश दिए हैं। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले ग्रामीण क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के नजदीक टैंट हाउस न होने से पांच सौ रुपये में बिस्तर मिलना मुश्किल हो रहा है। कई मतदेय स्थल काफी पैदल दूरी पर हैं। ऐसे में पोलिंग पार्टियों के लिए बिस्तर की व्यवस्था करने में दिक्कत हो रही है। ज्ञापन में राजस्व कर्मियों ने उन्हें इस काम से मुक्त रखने की मांग की है।

बोले मतदाता | कांग्रेस और भाजपा के चुनावी घोषणा पत्रों पर जनता की राय, दलों से की जनहित मुद्दों पर और काम करने की अपेक्षा

घोषणा पत्र तक ही नहीं हकीकत भी बनें चुनावी वादे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा ने अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिए हैं। दोनों ही दलों ने जनता को लुभाने के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा आदि मुद्दों पर तमाम वादे किए हैं।

दोनों ही दलों के नेता एक-दूसरे के चुनावी घोषणा पत्र को लेकर तमाम आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

महिला सुरक्षा की बात चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस और भाजपा ने प्रमुखता के साथ कही है। यह अच्छी बात है। महिला सुरक्षा आज का जरूरी मुद्दा है। महिलाओं की सुरक्षा होगी तभी देश आगे बढ़ेगा। आधी आबादी के हक बात जरूर होनी चाहिए। **-प्रियांशी**, छात्रा

घोषणा पत्र में महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा की अपेक्षा कांग्रेस ने ज्यादा वादे किए हैं। यह भी सही है कि महंगाई और बेरोगारी खुलकर बढ़ रही है। कांग्रेस मुद्दों के आधार पर ही चुनाव लड़ रही है लेकिन पीएम मोदी का व्यक्तित्व भी चुनाव में अहम मुद्दा बन रहा है। **-कमलेश कांडपाल**, युवा व्यवसाई

मेरे लिए तो राम मंदिर बहुत बड़ा मुद्दा है। सालों से राम मंदिर नहीं बन रहा था। आज हम अयोध्या जाकर राम मंदिर में रामलला के दर्शन कर सकते हैं। धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने का करने वाली दल को ही महत्व दिया जाना चाहिए। बाकी मुद्दे हर दल के घोषणा पत्र में होते हैं। **-गीता साहू**, गृहणी

कांग्रेस और भाजपा दोनों के चुनावी घोषणा पत्र में अच्छी बातें हैं। जिस किसी की भी सरकार आए वह अपने वादों को जरूर पूरा करे। उत्तराखंड के लिहाज से भू-कानून और नजूल भूमि को फ्री होल्ड कराने की बात दोनों ही पार्टी के चुनावी वादों में नहीं होना निराशाजनक है। **-पवन बिष्ट**, दुकानदार

जहां तक बात जनता की है तो जनता भी दोनों ही दलों के चुनावी घोषणा पत्र पर खुलकर राय दे रही है। लोगों का कहना है कि दल चुनाव के दौरान किए गए वादे पूरी तरह से निभाएं। वहीं कुछ लोगों ने चुनाव के दौरान हो रहे दल-बदल पर भी अपनी नाराजगी दिखाई। जनता में बुनियादी जरूरतें रोटी, कपड़ा और मकान जैसे जरूरी मुद्दों के साथ-साथ एक राम मंदिर का भी मुद्दा है जो चुनाव में काफी असरकारक दिखाई दे सकता है।

चुनाव के दौरान नेताओं के वादों पर क्या यकीन करें? ये नेता मौका देखते ही पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। जब इन नेताओं का ही कोई ईमान नहीं है तो उनके चुनावी घोषणा पत्र पर कहां से भरोसा होगा। आज जिस नेता को हम वोट देंगे पता चलेगा कि चुनाव के बाद वह दूसरी पार्टी में है। **-कमलेश भट्ट**, दुकान संचालिका

2 करोड़ से अधिक की नगदी, शराब, ड्रग्स व कीमती धातु सीज

हल्द्वानी, अमृत विचार : नोडल अधिकारी मीडिया/नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज में मीडिया कक्ष में प्रेस वार्ता कर बताया कि विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने 2.11 करोड़ की नगदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातु व फ्री बिज बरामद किया है। मिश्रा ने बताया कि आचार संहिता लागू होने से अब तक विभिन्न एजेंसियों ने 47.3 लाख की नगदी, 49.2 लाख की शराब, 78 लाख की ड्रग्स, 37 लाख की कीमती धातुएं और 20 हजार का मतदान प्रभावित करने वाले सामग्री सीज की है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सी विजिल एप से 646 शिकायतें प्राप्त हुईं इनमें 631 का निस्तारण हो गया।

सार संक्षेप

सम्मेलन में सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

जसपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में वंदेमातरम का गायन करते भाजपाई।

जसपुर : भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरि ने सम्मेलन को संबोधित कर ओबीसी वर्ग के लिए सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मौर्य, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, प्रदेश मंत्री कमलेश कुमार, नगर महामंत्री ओबीसी मोर्चा महेश प्रजापति, गणेश यादव, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. सुदेश कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान, ओबीसी मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक खन्ना आदि उपस्थित रहे।

निवर्तमान सभासद ने किया भाजपा के पक्ष में जनसंपर्क

सितारगंज में भाजपा के लिए प्रचार करते निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी।

सितारगंज : लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में नगर में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी के नेतृत्व में भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की गई। इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भोला जोशी, रमन चंद्रा, पंडित दिनेश भट्ट, हरिश रस्तोगी, अमर नाथ, चंदू ठाकुर, नीलम, कमलेश आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प

जनसभा को संबोधित करते भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ।

रुद्रपुर : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में भूरारानी स्थित द्वारका फार्म हाउस में भाजपाइयों की एक जनसभा आयोजित हुई। इसमें सभी भाजपाइयों ने एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा उत्तराखंड की पांचों सीटों पर अपना परचम लहराएगी। कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सुशील चौहान, अशोक बजाज, बलविंदर सिंह, सनी पुनियानी, मुकेश वशिष्ठ, नितिन कौशिक, संजीव शर्मा, काशीराम छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने किया प्रचार

नानकमत्ता में नुक्कड़ सभा करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी। ● अमृत विचार

नानकमत्ता : कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार कर अपने पक्ष में मतदान करने की मतदाताओं से अपील की। उन्होंने सिसईखेड़ा, एंजनिया, घुसरी, मगरसड़ा, ओदली, दामाखेड़ा साधू नगर, बेलखेड़ा, विचुवा, टुकड़ी ग्रामीण क्षेत्र में नुक्कड़ सभा की। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह राणा, अशोक सिंह राणा, कुलबन्त सिंह, रामनरेश सिंह राणा, जैलसिंह, सुरेंद्र सिंह करनाल, ब्रिजेन्द्र सिंह, जसवंत सिंह आदि शामिल थे।

पांचों सीटे जीतेंगी भाजपा : गीता

काशीपुर में प्रेसवार्ता करतीं भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता ठाकुर। ● अमृत विचार

काशीपुर : भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता ठाकुर ने दावा किया है कि भाजपा पांचों सीटें जीतेंगी। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का विकास हो रहा है। सोमवार को चुनाव कार्यालय में भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता ठाकुर ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नागरिकता कानून, दंगा विरोधी कानून आदि लागू कर सरकार ने जनता हित में कई निर्णय लिए हैं। इस मौके पर डॉ. गिरीश तिवारी, पुष्कर बिष्ट, सीमा चौहान, सुधा शर्मा, मंजू यादव आदि मौजूद थे।

भाजपा ने सीमावर्ती क्षेत्र में चलाया प्रचार अभियान

खटीमा में भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करते भाजपा कार्यकर्ता।

खटीमा : भाजपा कार्यकर्ताओं ने अशोक फार्म में बैठक कर सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में ग्रामीणों से जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान में दान सिंह रावत, रमेश चंद्र जोशी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जगजीत सिंह मल्ली, मोहनी पोखरिया, विरेंद्र राय, प्रकाश आर्या, राहुल सक्सेना, चंद्र सिंह थापा, कमल सिंह, सतविंदर सिंह, सतनाम सिंह, होशियार खोलिया, घनश्याम मौर्य, महेश जोशी आदि उपस्थित थे।

चुनाव को लेकर सीमाओं पर बढ़ी निगरानी

पैरामिलिट्री व पुलिस ने वाहनों को जांचा, एसएसपी ने जिले में किया अलर्ट, शक्तिफार्म में भी हो रही चौकसी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि नजदीक आते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। एसएसपी के आदेश पर जिले की सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी गई है और आने वाले वाहनों की चेकिंग भी शुरू कर दी गई है। इस दौरान एसएसपी ने अधीनस्थों को सजग रहने का आदेश दिया है।

बताते चलें कि 19 अप्रैल को नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा की मतदान तिथि तय हुई है। मतदान प्रक्रिया के नजदीक आते ही पुलिस प्रशासन ने जिले की यूपी सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी है। इसको लेकर सोमवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अधीनस्थों को सीमाओं पर सजग रहने का आदेश दिया और 24 घंटे निगरानी रखने को कहा। इसके बाद पुलभट्टा, रुद्रपुर स्थित रामपुर, जसपुर, काशीपुर सहित जिले की उन सभी सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है जो यूपी की सीमाओं को जोड़ती है। इस दौरान पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानों ने आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की। साथ ही वाहन स्वामियों के दस्तावेजों की जांच की।

शक्तिफार्म : आगामी सामान्य लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव आयोग द्वारा गठित एसएसटी दल ने नैनीताल-ऊधम सिंह नगर बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आने-जाने वाले प्रत्येक वाहनों की चेकिंग करते हुए वीडियोग्राफी भी की गई। टीम में प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर कपिल, वन दरोगा गोकुल सिंह नेगी, धीरज कुमार दिनेश सिंह बिष्ट आदि शामिल थे।

यूपी सीमाओं पर वाहन की चेकिंग करते पैरामिलिट्री एवं पुलिस के जवान।

दोराहा बार्डर पर बैठक करते यूपी-उत्तराखंड के पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

पुलिस अधिकारियों ने यूपी-उत्तराखंड के अपराधियों की सूची साझा की

बाजपुर : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत यूपी-उत्तराखंड की पुलिस ने दोराहा के नजदीक स्थित एक मैरिज पैलेस में बार्डर मीटिंग कर दोनों प्रदेशों के अपराधियों की सूची का आदान-प्रदान किया। बैठक में पिछले पांच वर्षों में सक्रिय रहे दोनों जनपदों के अपराधियों के बारे में जानकारी साझा की गई। इस दौरान तय किया गया कि दोनों सीमावर्ती जनपदों की पुलिस अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त रूप से बार्डर चेकिंग करेगी तथा लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए आपसी समन्वय बनाकर काम करने की बात कही गई। इस मौके पर कोतवाल बाजपुर मनोज रतूड़ी, कोतवाल स्वार रामपुर उप्र संदीप त्यागी, एसएसआई बाजपुर विनोद फर्त्याल, एसआई अर्जुन गिरि, हरीश नेगी आदि मौजूद रहे।

बगवाड़ा मंडी में डिस्पैच व रिसेप्शन सेंटर स्थापित

रुद्रपुर : जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निर्बाध संपन्न कराने के लिए आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। बगवाड़ा मंडी से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान दिवस के एक दिन पूर्व मतदेय स्थलों के लिए प्रस्थान करने वाली समस्त मतदान पार्टियों के आने-जाने के लिए डिस्पैच एवं रिसेप्शन सेंटर स्थापित किया है। जिनमें विधानसभावार अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती की गई है। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बगवाड़ा मंडी में डिस्पैच एवं रिसेप्सन सेंटर स्थापित करते हुए जसपुर विधानसभा के लिए चकबंदी अधिकारी संजय आर्य, काशीपुर में नगर आयुक्त विवेक राय, बाजपुर में सहायक अभियंता विशाल प्रसाद, गदरपुर में समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, रुद्रपुर में अपर जिलाधिकारी नजूल पंकज उपाध्याय, किच्छा में चकबंदी अधिकारी सुभाष गुप्ता, सितारगंज में चकबंदी अधिकारी प्रदीप गर्ग, नानकमत्ता में नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल व खटीमा विधानसभा में परियोजना निदेशक अजय सिंह को तैनात किया गया है।

छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के शिक्षकों, छात्रों समेत एनएसएस व एनसीसी स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इससे पूर्व स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्रों को शिक्षक मनोज विश्नोई ने मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई।

मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली कटोराताल, पक्का कोट, कानून गोयान लाहौरियान खालसा, डॉक्टर लाइन, मुख्य बाजार, ओझान, नागनाथ मंदिर होते हुए वापस विद्यालय पहुंच समाप्त हुई। इस दौरान मेजर मुनीषकांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्य, विजय पाल सिंह चौहान, स्वीप नोडल अधिकारी मुकेश मिश्रा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा, रणधीर सिंह, पंकज अग्रवाल, कपिल भारद्वाज, रमेश कुमार पांडेय, कौशलेश गुप्ता, मनोज विश्नोई, पंकज तिवारी, शुभम लोहनी आदि मौजूद रहे।

बाजपुर : जीजीआईसी की छात्राओं व अध्यापिकाओं ने नगर व आसपास के गांवों में मतदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए रैली निकाली।

इस दौरान सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर इंदिरा पांडेय, शशिवाला, परमजीत कौर सैनी, सुनीता डोवाल, तरुणा जोशी, शशि जोशी, गीता रावत, रेनू चंद्रा, अर्चना सिंह मौजूद रहीं।

किच्छा : राजकीय आदर्श महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर युवा मतदाताओं को प्रेरित किया। महाविद्यालय से प्रारंभ हुई रैली को प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चुनावी साक्षरता क्लब के संयोजक डॉ. उमराव सिंह, डॉ. प्रकाश चंद्र भट्ट, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. किरण बाला, डॉ. हर्षित तिवारी, लवली पांडे, गौतम कुमार, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

बाजपुर के जीजीआईसी में लोगों को मतदाता के लिए प्रेरित करतीं छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

किच्छा में जागरूकता रैली निकालते महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं।

काशीपुर में रैली निकालते उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के शिक्षक व छात्र।

कांग्रेस के प्रदेश सचिव समेत कई भाजपा में शामिल

किच्छा में पूर्व कांग्रेसी नेता का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता संजीव कुमार सिंह सहित प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के नगर स्थित चुनाव कार्यालय में अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए लोगों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

नगर के मुख्य बाजार स्थित चुनाव कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री एवं विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल की मौजूदगी में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निर्वाचित कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला एवं महामंत्री विजय अरोड़ा ने भाजपा का दामन थाम लिया। आयोजित कार्यक्रम में विगत दिवस भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद किच्छा पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजीव कुमार सिंह, जनार्दन सिंह, विजय सेतिया, नवीन पुरोहित का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, भाजपा नेत्री लता सिंह, शरीफ मलिक, श्रीकांत राठौर, महेंद्र पाल सिंह, नितिन मैसी, उदयवीर सिंह मौजूद रहे।

आम को झड़ने से बचाने के लिए करें अल्फानैप्थलीन दवा का छिड़काव

संवाददाता पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत कृषि विवि के वैज्ञानिकों ने अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में किए जाने वाले कृषि कार्यों की एडवाइजरी जारी की है। वैज्ञानिक डॉ. एके शर्मा ने सलाह दी है कि आम के फलों को झड़ने से बचाने के लिए अल्फानैप्थलीन का घोल बनाकर छिड़काव करें। आम के गुम्मा रोग (मैंगो मॉलफारमेशन) से ग्रस्त पुष्प मंजरियों को काटकर जला दें। लीची आम, अमरूद, नीबू, अंगूर, बेर और पपीता की सिंचाई करते रहें। फली बेधक कीट के लिए डाईक्लोरोवास के घोल का छिड़काव करें।

उन्होंने बताया कि भिंडी-लोबिया में पत्ती खाने वाले कीट नियंत्रण के लिए क्यूनालफॉस का छिड़काव करें। लहसुन-प्याज की खुदाई के 10-12 दिन पूर्व सिंचाई बंद कर दें। वर्षाकालीन बैंगन फसल की नर्सरी में बीज की बुवाई करें।

फसलों में यह करें

पंतनगर : शरदकालीन गन्ना व पेड़ी में निराई-गुड़ाई व सिंचाई करें। गन्ना की बुवाई कूड़ से कूड़ की दूरी 60 सेमी. पर करें। परिपक्व गेहूं, चना, मसूर, मटर व जौ की कटाई, मड़ाई व भंडारण करें। मूंग की बुवाई इस पखवाड़ें में पूरी करें। फसल में तना मक्खी कीट की समस्या के लिए इमिडाक्लोप्रिट का घोल बनाकर छिड़काव करें। बरसीम व रिजका में चारे की कटाई कर लें।

चिंताजनक बादल छाने से किसानों की माथे पर पड़ने लगी थी चिंता की लकीरें

किसानों ने गेहूं की कटाई की तेज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: तराई में विगत दिवस आसमान में बादल छाने और हवा चलने से किसानों की माथे पर चिंता की लकीरें पड़ने लगी थीं। वहीं सोमवार को मौसम साफ रहने पर किसानों ने गेहूं की कटाई तेज कर दी है। ताकि बारिश होने या हवा चलने पर खेतों में तैयार गेहूं की फसल खराब न हो सके। हालांकि किसान 50 फीसदी गेहूं की फसल की कटाई कर चुके हैं।

तराई में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। हालांकि कई स्थानों पर किसानों ने करीब 50 फीसदी गेहूं की फसल काट दी है। वहीं कई किसानों ने अभी फसल की कटाई शुरू की है। इस बीच रविवार की सुबह अचानक बादल आने और हवा चलने से किसानों की टेंशन बढ़ने लगी थी। वहीं अब किसानों ने गेहूं की कटाई करना तेज कर दिया है। यहां बता दें कि तराई में करीब एक लाख हेक्टेयर में गेहूं की फसल बोई जाती है। करीब एक लाख 29 हजार किसान इस खेती से जुड़े हुए हैं।

किसान लगातार अपने गेहूं की फसल को काट रहे हैं। किसान गेहूं काटने के लिए अत्याधुनिक मशीनों का भी प्रयोग कर रहे हैं।

फुलसुंगा में कंबाइन से गेहूं की कटाई करते किसान। ● अमृत विचार

> विगत दिवस बादल छाने और हवा चलने के कारण किसानों ने गेहूं की कटाई तेज कर दी है। किसान अब तक 50 फीसदी गेहूं की फसल काट चुके हैं। जल्द ही शेष फसल की कटाई भी पूरी कर ली जाएगी। ताकि मौसम खराब होने से गेहूं की कटाई कर फसल को सुरक्षित कर लिया जाए।
> –विक्रम जीत सिंह विर्क, किसान

> पिछले साल भी गेहूं की कटाई के दौरान बारिश हुई थी। इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ था। विगत दिवस भी बाछल छाने के साथ हवा चलने लगी। इस कारण किसान समय पर गेहूं की कटाई कर रहे हैं। ताकि फसल का नुकसान न हो।
> –विजेंद्र यादव, किसान

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

रेलवे ओवरब्रिज पर यातायात शुरू करवाने के बाद मिठाई खिलाते भाजपाई। ● अमृत विचार

पुल पर होती वाहनों की आवाजाही। ● अमृत विचार

मनाही के बावजूद भाजपाइयों ने ओवरब्रिज खोला

विधायक, पूर्व विधायक समेत कई भाजपाई पहुंचे, वाहनों को रोकने के लिए लगे लोहे के एंगलों को खुद ही हटाया

विवाद

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : सात साल के लंबे इंतजार के बाद सोमवार को आरओबी को हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया। भाजपाइयों ने वाहनों को रोकने के लिए लगाए गए लोहे के एंगल, पाइप आदि को खुद ही हटाकर वाहनों की आवाजाही शुरू करा दी। हालांकि एनएच के अधिकारी आरओबी को खोलने पर सहमत नहीं दिखे। उनका कहना था कि आरओबी पर बने पुल का वजन टेस्ट होना जरूरी है। भार टेस्ट के बिना पुल पर वाहनों की आवाजाही किसी खतरे से कम नहीं है।

सोमवार को विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी समेत कई भाजपाई आरओबी पर पहुंचे। वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाए लोहे के एंगल व को हटा दिया और लोहे के पाइपों को गैस कटर से काट कर वाहनों की आवाजाही शुरू कराई। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने बताया कि अधिकारियों से बात कर पहले ही 15 अप्रैल को आरओबी को खोलने का निर्णय लिया गया था। तय समय तीन बजे आरओबी पर हल्के वाहन की आवाजाही शुरू कराई गई। बताया कि आरओबी पर कुछ कार्य बाकी है, जिसे हल्के वाहन चलते रहेंगे और फिनिसिंग आदि का काम होता रहेगा। वहीं वाहनों के लिए आरओबी को खोलने के दौरान कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। पुलिस बल तैनात रहा। आरओबी को यातायात के लिए खोलने के बाद भाजपाइयों ने मिठाई भी बंटवाई और इसी जनता को समर्पित करना बताया। कहा कि सात सालों से आरओबी का निर्माण हो रहा है। हर बार अधिकारी तकनीकी वजह से आरओबी को यातायात के लिए नहीं खोलने से बचते आ रहे हैं।

ओवरब्रिज पर वाहनों को रोकने के लिए लगाए गए लोहे के एंगलों को हटाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

63 मीटर लंबा है ओवरब्रिज

काशीपुर : एनएच के एई एसके वर्मा ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज की लंबाई 63 मीटर है। जबकि चौड़ाई 12 मीटर है। बताया कि पुल निर्माण के बाद उसकी भार क्षमता को मापा जाता है। इससे पुल की क्षमता का पता लगता है और कितने भार वाले वाहन जा सकते हैं, इसकी सटीक जानकारी मिलती है। बताया कि पुल के नीचे से आवाजाही नहीं होगी। अंडर पास बनने के बाद भी नीचे से आवाजाही हो सकेगी।

10 से 15 दिन बाद यातायात शुरू कराने चाह रहे थे अफसर

काशीपुर : बीते दिनों एनएच, प्रशासन की टीम ने आरओबी का स्थलीय निरीक्षण किया था। बताया जा रहा है कि तकनीकी कमियां दिखने पर 10 से 15 दिन बाद आरओबी पर यातायात शुरू कराने का अधिकारी मन बना रहे थे। लेकिन सोमवार को भाजपाइयों ने आरओबी पर यातायात शुरू करा दिया।

सरकार ने दो साल का वक्त आरओबी को बनाने के लिए ठेकेदार को दिया था। लेकिन आरओबी को बनाने में सात साल लग गए। अफसरों व ठेकेदार की मिलीभगत से आरओबी का कार्य लेट हुआ है। ठेकेदार के कहने पर अधिकारी आरओबी को खोलने को तैयार नहीं है। कोई अधिकारी नहीं पहुंचा।
-हरभजन सिंह चीमा, पूर्व विधायक।

आपसी सहमति के बाद ही 15 अप्रैल को आरओबी पर यातायात खोलने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अधिकारी नहीं पहुंचे। जनता के लिए आरओबी को हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। इससे जाम से लोगों को राहत मिलेगी।
-त्रिलोक सिंह चीमा, विधायक।

आरओबी पर कुछ काम बाकी है। पुल का वजन टेस्ट होना है, इसके लिए बाहर से टीम को बुलाया गया है। वजन टेस्ट के बिना पुल को नहीं खोलना चाहिए था। इससे खतरा भी हो सकता है।
-एसके वर्मा, एई, एनएच।

कार्यदायी संस्था के लोग कुछ तकनीकी कमियां बता रहे थे। कमियां को दूर करने को कहा गया था। एनएच के अधिकारियों से जानकारी लूंगा। वजन टेस्ट जल्द ही करा लिया जाएगा।
-अभय प्रताप सिंह, एसडीएम।

खेत में आग से अफरातफरी

जसपुर में खेत में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचारः नगर की आबादी से सटे गेहूं के खेत में आग लगने से आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। फायर ब्रिगेड ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

अपराह्न करीब 3 बजे जसपुर के मोहल्ला फ़ैज़ ए आम रोड नई बस्ती के पास स्थित गेहूं के खेत में पड़े गेहूं के नाल में आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पहुंची। आग सुमित कम्बोज पुत्र सुनील कुमार के खेत में लगभग 2 एकड़ गेहूं के नाल में आग लगी थी। आग तेजी से आबादी की तरफ बढ़ रही थी। फायर यूनिट ने आग पर काबू पाया। इस दौरान गोपाल प्रसाद, विजेंद्र सिंह, शैलेंद्र गुसाईं, बालम सिंह, सागर सिंह आदि शामिल रहे।

पॉश कॉलोनी के बीच होटल में धधकी आग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः सिडकुल चौकी इलाके की पॉश कॉलोनी में देर रात उस वक्त अफरातफरी मच गई जब एक होटल के किचन में आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। इससे किचन का सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।

रविवार की देर शाम साढ़े नौ बजे शहर की ओमेक्स कॉलोनी सोसायटी स्थित रोज वुड होटल के मैनेजर प्रबल दत्ता ने फायर बिग्रेड को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही सिडकुल प्रभारी अग्निशमन अधिकारी मोहन सिंह थापा दमकल की टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। देखा कि कॉलोनी स्थित होटल के किचन में आग की लपटें उठ रही हैं।

सूचना यह भी थी कि किचन के अंदर गैस पाइप लाइन भी लगी हुई है। जिस पर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन आग से किचन का सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि आग गैस पाइप लाइन तक नहीं पहुंची।

होटल के किचन में जला सामान।

कार्रवाई

दोनों पक्षों ने लगाए मारपीट के आरोप, फायरिंग भी हुई

अवैध खनन को लेकर वनकर्मी और कारोबारी भिड़े

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचारः वनकर्मियों पर एक खनन कारोबारी को पीटने और फायरिंग करने का आरोप लगा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वन विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उधर, वनकर्मियों ने भी खनन कारोबारियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम टांडा अमीचंद निवासी सुमित्रो बाई ने तहरीर में कहा कि 13/14 अप्रैल की रात्रि करीब एक बजे 7-8 अज्ञात वन विभाग के कर्मचारी शस्त्रों के साथ अपनी गाड़ियों से ज्वाला वन कोसी नदी में पहुंचे। उस समय ग्राम मालधन रामनगर (नैनीताल) निवासी उनका दामाद सुखविंदर सिंह नदी के पास बनी अपनी झोपड़ी में खाना खा रहा था। ट्रैक्टर बैक कर बाड़े में ही खड़ा किया था। आरोप है कि वन कर्मी सीधे दामाद के पास पहुंचे और धमकाते हुए बोले कि तुम सब खनन कर रहे हो, हमें हमारा हिसाब नहीं दे रहे हो। दामाद ने कहा कि कंपनी के लोग परेशान करते हैं, ऐसे में वह नंबर एक में रॉयल्टी पर कार्य कर रहे हैं। इतना सुनते ही वन कर्मियों ने गाली-गलौज करते हुए फायरिंग कर दी। इससे गोली पास खड़े ट्रैक्टर के टायर पर लगी। वन कर्मियों ने दामाद सुखविंदर के सीने पर बंदूक की बट से प्रहार कर बुरी तरह से पिटाई की। वे सुखविंदर को जबरदस्ती खींच कर ट्रैक्टर सहित अपने साथ ले गए। इस बीच ग्रामीणों के आने की सूचना पर

मामला

▶▶ **एक व्यक्ति घायल, अस्पताल में भर्ती, सास ने दी तहरीर**

दामाद को घायल अवस्था में ट्रैक्टर से नीचे फेंककर चले गए। उसे गंभीर हालत में काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लगभग आठ वन कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। वहीं तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के ग्राम जोगीपुरा के वन बीट अधिकारी विक्रांत कुमार ने तहरीर देकर कहा है कि 13-14 अप्रैल की रात्रि वह अपनी वन टीम व राजकीय बंदूक के साथ रात्रि एक बजे कोसी नदी में गश्त कर रहे थे। देव घाट पर दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों के माध्यम से कोसी नदी में खनन हो रहा था। उनके वाहन को आता देखकर यह लोग भाग निकले। इनका एक किमी तक पीछा कर कोसी नदी आरक्षित वन क्षेत्र में रोककर पकड़ा गया। आरोप है कि इस दौरान बैक कराहा के चालक द्वारा राजकीय बंदूक छीनने का प्रयास किया गया। इस पर चालक का मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। टीम द्वारा चालक से अभद्रता करने एवं वन क्षेत्र में अवैध खनन करने व राजकीय बंदूक छीनने पर वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही थी कि इसी दौरान गोबरा जोगीपुरा निवासी हरकेश, जगदीश, सोनू सिंह, कुलदीप सिंह व 15-20 अज्ञात महिला-पुरुषों द्वारा वन कर्मचारियों पर पथराव कर दिया गया। वन आरक्षी होमेश्वर सिंह की राजकीय 12 बोर की बंदूक को छीन लिया गया। इसको कर्मचारियों द्वारा बल पूर्वक पुनः कब्जे में लिया गया। इसी दौरान पकड़ा गया चालक गाड़ी से कूदकर भाग गया। टीम का पीछा कर आम पोखरा रेंज का राजकीय वाहन भी क्षतिगस्त कर दिया गया। कर्मचारियों ने जान बचाने के लिए 3 राउंड फायरिंग कर बैक कराहा को गुलजारपुर वन चौकी परिसर में पहुंचाया। वन टीम में नवीन चंद्र आर्या, ओमप्रकाश, चंदन सिंह बिष्ट, ललित मनराल, तारिक हामिद सभी वन दरोगा व तेजपाल वन वीट अधिकारी गुलजारपुर, अरुन कुमार वन वीट अधिकारी उत्तरी लोअर कोसी, होमेश्वर सिंह वन आरक्षी, मनीष बिष्ट वाहन चालक शामिल आदि शामिल रहे।

पुलिस ने चाकू सहित एक दबोचा

खटीमा। सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित बिष्ट टीम के साथ रविवार शाम गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें रघुलिया में एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। जिसे रोककर उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में युवक ने स्वयं को रघुलिया निवासी चंद्रपाल सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सोमवार को न्यायालय में पेश कर दिया है।

HINDUJA HOUSING FINANCE

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरआरएम – पंकज सिंह चौधरी – 7081828333, आरएलएम – अरुण कुमार सिंह – 9506011777, सीआरएम– जनेश्वर प्रसाद–9917778324, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन पी ए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख	मांग सूचना की तारीख / बकाया राशि	सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण
1	श्री आदिल हुसैन और श्रीमती निघर बेगम, दोनोंः माजरा शिला गदरपुर यू.एस. नगर, गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263152 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000312 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 25-03-2024 बकाया राशि ₹ 7,08,429/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	गाँव/मौज़ा-गदरपुर तहसील/थाना- गदरपुर, जिला-यू एस नगर, खाता नं. 00361, खसरा नं. 103 मिन, प्राइवेट प्लॉट/मकान नं. सब रजिस्ट्रार-बाजपुर, जिला-यू एस नगर, क्षेत्रफल 1313.88 वर्ग फुट या 122.10 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर में - उमर अली का मकान, दक्षिण में - नाहर 11 मीटर चौड़ा रास्ता, पूरब म- दलीप का मकान, पश्चिम में - 8 फीट चौड़ा रास्ता
2	श्री मोहम्मद आसिम और श्रीमती मेहताव जहां, सभीः केशव नगर, वार्ड नं. 6, बाजपुर, उधम सिंह नगर, बाजपुर, ग्रामीण, बाजपुर, उत्तराखंड, भारत - 262401 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000347 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 25-03-2024 बकाया राशि ₹ 7,62,393/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	गाँव-मुंडिया पिस्टोर, तहसील-बाजपुर, जिला. यू.एस. नगर. पी.एस.-बाजपुर.पी.एस. नं.-एन.ए. खेत/मकान/खसरा नं. 149 मिन, क्षेत्रफल 32 X 30-960 वर्ग मी./89.21 वर्ग मी., प्लॉट/फ्लैट नं. एन/ए, सब-रजिस्ट्रार + जिला-बाजपुर, जिला. यू.एस.नगर, चौहद्दीः उत्तर में - रमजानी की संपति, दक्षिण में - 10 फिट रास्ता, पूरब में - 14 फिट रास्ता, पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति
3	श्री जितेंद्र सिंह और श्रीमती सुरेंद्र कौर, दोनोंः वार्ड नं. 1 गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263152 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000392 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 25-03-2024 बकाया राशि ₹ 12,30,104/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	गाँव बाराखेरा, तहसील-गदरपुर, जिला. यू.एस.नगर, पी. एस. -गदरपुर + खसरा नं. 645 मिन, क्षेत्रफल 30 X 60=1800 वर्ग फीट/167.286 वर्ग मी. उप-रजिस्टर + जिला-बाजपुर, जिला. यू.एस.नगर., चौहद्दीः उत्तर में - रास्ता, दक्षिण में - रास्ता, पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - विक्रेता की संपत्ति
4	श्री शायिन जहा और श्री मेराज अहमद, दोनोंः धीमर खेड़ा काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713 खाता नं. UP/HDW/KSHP/A000000027 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 25-03-2024 बकाया राशि ₹ 7,80,710/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खतौनी खाता नं. 00107 और खसरा नं. 182 मिन, जोकि ग्राम धीमरखेड़ा तहसील काशीपुर जिला. यू.एस. नगर क्षेत्रफल पूरब में में 6.40 मी., पश्चिम में 6.28 मीटर, उत्तर में 35.795 मीटर, दक्षिण में 35.795 मीटर, कुल क्षेत्रफल 226.94 वर्ग मी., चौहद्दीः पूरब में - विक्रेताओं की भूमि पश्चिम में - नाहर के बाद नाहर पत्री, उत्तर में - शाहिद हुसैन पुत्र श्री एडा का मकान, दक्षिण में - विक्रेताओं की भूमि
5	श्री दयाल राम, श्रीमती खिमुली डीईडब्ल्यू डयू श्री दानी राम, सभीः दुर्गा कॉलोनी काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713 खाता नं. UP/HDW/KSHP/A000000053 & UP/HDW/HDWN/A000000501 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 25-03-2024 बकाया राशि ₹ 18,22,661/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खाता नं. 184 मिन, जोकि गाँव जसपुरखुर्द तहसील काशीपुर, जिला यू.एस. नगर, कुल क्षेत्रफल 3000 वर्ग फुट अर्थात 278.81 वर्ग मी., चौहद्दीः पूरब में - विक्रेता की भूमि, पश्चिम में - शर्मा जी की भूमि, उत्तर में - कच्चा चक रास्ता, दक्षिण में - कच्चा चक रास्ता
6	श्री मोहम्मद अय्यूब और श्रीमती सफीकन बेगम, दोनोंः वार्ड नंबर 7, मोहल्ला जामा मस्जिद काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड खाता नं. UP/HDW/RDRP/A000000276 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 25-03-2024 बकाया राशि ₹ 9,49,757/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	महुआखेड़ागंज, तहसील-काशीपुर, जिला. यू.एस.नगर. -बाजपुर पी.एस. पी.एस. सं. - एन.ए. खसरा नं. 792 मिन, क्षेत्रफल 35 X 60/2100 वर्गफुट/195.16 वर्ग मी, प्लॉट/फ्लैट नं.-एन/ए उप-रजिस्ट्रार + जिला-काशीपुर, जिला. यू.एस.नगर., चौहद्दीः उत्तर में - शमशाद हुसैन की संपत्ति, दक्षिण में - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - चक रास्ता, पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति
7	श्री मोहम्मद आरिफ और श्रीमती नूरजहाँ, दोनोंः नया गाँव नकहा किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148 खाता नं. UP/HDW/STGJ/A000000085 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 25-03-2024 बकाया राशि ₹ 9,22,337/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	गाँव भगौरी, तहसील-सीतार्गन, जिला. यू.एस. नगर-सितारगंज पी.एस. पी.एस. नंबर-खेत/मकान/खसरा नं. 251 मिन, क्षेत्रफल 34 X 50/157.99 वर्ग मी., और बॉउंड्री वॉल 99.25 रनिंग मी., प्लॉट/फ्लैट नंबर-एन/ए उप-रजिस्ट्री जिला-सितारगंज, जिला यू. एस. नगर, चौहद्दीः उत्तर में - नाहर, दक्षिण मं - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - रास्ता 18 फीट, पश्चिम में - गूल
8	श्री चंद्रपाल सिंह और श्रीमती अनीता देवी, दोनों, ग्राम-वार्ड नंबर-18 बसई, मोहल्ला-पक्काकोट, ताशिल काशीपुर, जिला-यू.एस. नगर 263153 खाता नं. UP/HDW/KSHP/A000000002 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 1,42,583/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	बसई तहसील और जिला-काशीपुर मौजा - बसई पी.एस. - एन.के पी.एस. नं. - एन.ए. खसरा नं. 403 मकान नं. - 18 उप-रजिस्ट्री + जिला-तहसील और जिला. काशीपुर क्षेत्रफल - 600 वर्ग गज, चौहद्दीः उत्तर में - 32 फीट भूखंड दिगार्शक, दक्षिण में - बिक्री के मालिक का मकान, पूरब में - 15 फीट की सड़क, दक्षिण में - भूखंड दिगार्शक
9	श्री जय सिंह और श्रीमती अंजू देवी, दोनोंः ग्राम-2/5, शिमला बहादुर, फुलसुंगा रुद्रपुर जिला-यू.एस. नगर 263153 खाता नं. UP/HDW/RDRP/A000000386 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 14,33,216/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	रुद्रपुर तहसील और जिला. यूएस नगर मौजा-रुद्रपुर पी. एस. - एन.के. पी.एस. नं. - एन.ए. खसरा नं. 217 मकान नं. उप-रजिस्ट्री + जिला - तहसील और जिला यूएस नगर, क्षेत्रफल 49.25 वर्गमीटर, चौहद्दीः उत्तर में - 69ए का प्लॉट, दक्षिण में - पैट प्लॉट नं. 69 पूरब में - प्लॉट नं. 84, दक्षिण में - 6.09 मी. रोड़
10	श्री गुरपीत सिंह एवं श्री राजवंत कौर, दोनोंः मकान नं. 1, सरकारी हॉस्पिटल रोड, बिलासपुर, रामपुर, बिलासपुर, बिलासपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244921 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000126 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 13,96,976/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि बिलशपुर तहसील और जिला. रामपुर मौजा-बिलाशपुर पी.एस. - एन.के. पी.एस. नं. एन.ए.- खसरा नं. 83, मकान नं. उप-रजिस्ट्री + जिला तहसील और जिला रामपुर क्षेत्रफल 167.22 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - 06 मी. की रोड़, दक्षिण में - सुच्चा सिंह की आराजी, पूरब में - राजबाला का प्लॉट, दक्षिण में - विजय पाल का मकान
11	श्री संजीव लाल और श्रीमती दुलारो देवी, दोनोंः निवासी सतपति, वार्ड नं. 9 किच्छा, किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148 खाता नं. UP/HDW/RDRP/A000000162 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 6,49,563/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि खेत नं. 281/5 वार्ड नं. 3 सरस्वती नगर बाईपास रुद्रपुर किच्छा जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड 263148, सरस्वती नगर, सिटी प्लेस बार, किच्छा, उत्तराखंड - 263148, क्षेत्रफल - 83.33 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - 7 फीट चौड़ी रोड़, दक्षिण में - सतपाल का खेत, पूरब में - गांठी देवी का मकान, पश्चिम में - नाला
12	श्री राजू राम और श्रीमती विमलेश देवी, दोनोंः निवासी-मुंडिया पिस्टोर देहात बाजपुर बाजपुर, सेमीअर्बन, बाजपुर उत्तराखंड भारत - 262401 खाता नं. UP/HDW/RDRP/A000000419 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 7,79,010/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि खाता नं. 45, खसरा नं. 48/1/2 मिन, ग्राम लखनपुर, बेरिया रोड, बाजपुर, पुलिस स्टेशन-बाजपुर, यू.एस. नगर, उत्तराखंड 262401, ग्राम-लखनपुर, बेरिया रोड, बाजपुर, पुलिस स्टेशन-बाजपुर, यू. एस.नगर, उत्तराखंड, रेलवे क्रॉसिंग लखनपुर, बाजपुर, उत्तराखंड - 262401, क्षेत्रफल 166.66 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - वर्षा चौहान का मकान, दक्षिण में - मग्गर सिंह का मकान, पूरब में - फूल सिंह का मकान, पश्चिम में - 25 फीट रोड
13	श्री संजय गुप्ता और श्रीमती जूली गुप्ता, दोनोंः निवासी वार्ड नं. 6, पोस्ट ऑफिस रोड के पास, सितारगंज, उधम सिंह नगर सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/HDW/STGJ/A000000061 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 8,48,145/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि प्लॉट खेत नं. 42 ए मिन ग्राम - रामपुरा, परगना किलपुरी, तहसील - सितारगंज, जिला - उधम सिंह नगर, रामपुरा, भूमिया मंदिर के पास, सितारगंज, उत्तराखंड-262405, क्षेत्रफल 222.22 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - रोड़, दक्षिण में - रोड़, पूरब में - तुलसीदेवी का मकान, पश्चिम में - दीपा जोशी का प्लॉट
14	अमीर खान, श्री सलीम अहमद और श्रीमती फातमा बेगम, सभीः निवासी वार्ड नं. 05, मुंडिया कला, बाजपुर, उधम सिंह नगर, बाजपुर मजार ग्रामीण बाजपुर भारत - 262401 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000088 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 9,72,596/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि खाता नं. 278, खसरा नं. 27/2, ग्राम-मुड़िया कलां, सुल्तानपुर पट्टी रोड, तहसील- बाजपुर, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, भारत - 262401 क्षेत्रफल 77.77 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - 18 फीट चौड़ी रोड़, दक्षिण में - धरम बंसल की संपत्ति, पूरब में - ऐमार अहमद की संपत्ति, पश्चिम में - ऐमार अहमद की संपत्ति
15	अर्जुन वर्मा और श्रीमती शोभा वर्मा, दोनोंः निवासी वार्ड नं. 1 ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर यू.एस. नगर, रुद्रपुर, ट्रांजिट कैंप, सेमीअर्बन, रूडी उत्तराखंड, भारत - 263153 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000433 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 10,46,490/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि खाता नं. 294, खसरा नं. 677 मिन, उदयनगर, कालीनगर, विजयनगर, दिनेशपुर, पुलिस स्टेशन- दिनेशपुर, रुद्रपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 263153, क्षेत्रफल 138.88 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - नारायण साहा की संपत्ति, दक्षिण में - 6 मी. रोड, पूरब में 6 मी. रोड, पश्चिम में - विक्रेता की भूमि
16	श्री शाह फहद और श्रीमती शगुफ्ता बेगम, दोनोंः निवासी सरकारी केला खेड़ा गदरपुर, गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263152 खाता नं. UP/HDW/KSHP/A000000073 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 48,24,408/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि खाता नं. 145, खसरा नं. 211 एए मिन, यूके एन्क्लेव, ग्राम-नीझरा, तहसील-काशीपुर, पुलिस स्टेशन- काशीपुर, जिला-उधम सिंह नगर उत्तराखंड 244713 क्षेत्रफल 332.22 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - 20 फीट रोड, दक्षिण में - विक्रेता की संपत्ति
17	श्री मोहम्मद आरिफ और श्रीमती अख्तर जहां, दोनोंः निवासी वार्ड नं. 8 जीजीआईसी रोड किच्छा, किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000372 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 17,24,668/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि खेत नं. 1000 मिन, ग्राम-सोनेरा, किच्छा, यू.एस. नगर, उत्तराखंड 263148, क्षेत्रफल- 44.44 वर्ग गज, चौहद्दीः उत्तर में - कृष्ण लाल का प्लॉट, दक्षिण में - 4.5 मी. रोड, पूरब में - अजय प्रताप का प्लॉट, पश्चिम में - अजय प्रताप का प्लॉट
18	श्री नरेश कुमार और श्रीमती नीलू, दोनों निवासीः वार्ड नं. 1, मंझरा प्रभु, बाजपुर, उधम सिंह नगर, मंझरा प्रभु, ग्रामीण, बाजपुर, उत्तराखंड, भारत - 262401 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000280 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 26-03-2024 बकाया राशि ₹ 52,84,774/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि वार्ड नं. 11 पहाड़ी कॉलोनी बाजपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड 263401, क्षेत्रफल 200 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - राजेश कुमार का मकान, दक्षिण में - ईश्वरी गुप्ता का मकान, पूरब में - 15 फीट चौड़ी रोड़, पश्चिम में - 25 फीट चौड़ी रोड़

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 15.04.2024, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

एक नजर

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

काशीपुर। रामनगर रोड स्थित एक फैक्ट्री में काम करने गई युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। ग्राम खरमासी निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अप्रैल की सुबह उनकी 21 वर्षीय पुत्री घर से फैक्ट्री के लिए निकली थी, जो देर शाम तक घर वापस नहीं आई। उसकी तमाम संभावित स्थानों पर तलाश भी की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। मामले में पुलिस ने तहरीर के अनुसार युवती की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

दो वारंटी गिरफ्तार

बाजपुर : सुल्तानपुर पट्टी पुलिस ने वारंटी मोहल्ला शिवनगर निवासी राजेश कुमार सैनी व मोहल्ला नेतानगर निवासी जफर को धारा 60(2) एक्साइज में उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। इस दौरान चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी गोस्वामी मौजूद रहे।

नखासा बाजार में आए थे तीन सौ घोड़े, अंतिम दिन बिके छह घोड़े, 40 हजार का सबसे महंगा घोड़ा बिका

सौ घोड़ों की बिक्री के साथ चैती से लौटे कारोबारी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: ऐतिहासिक चैती मेले का आकर्षण का केंद्र नखासा बाजार में आए कारोबारी लौट गए हैं। बाजार में करीब सौ घोड़ों की बिक्री हुई है। बताया कि बाजार में व्यापारी तीन सौ घोड़े लोग लेकर आए थे।

चैती मेला शुरू होते ही नखासा बाजार भी सज गया था। मुरादाबाद, राजस्थान समेत कई राज्यों से विभिन्न नस्ल के घोड़े लोग लेकर बाजार में आए थे। बताया कि सोमवार की अर्धरात्रि मां बाल सुंदरी देवी का डोला चैती मंदिर पहुंच जाएगा। देवी का डोला पहुंचने से पहले ही नखासा बाजार में आए लोग लौट जाते हैं। इस बार नखासा बाजार में सौ घोड़ों की बिक्री हुई है। बताया कि घोड़ा खरीदने लोग हल्द्वानी, खटीमा, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, रामपुर आदि जगहों से आए थे। सबसे अधिक सिंधी प्रजाति का घोड़ा बिका है। सबसे महंगा घोड़ा 40 हजार का बिका है। सबसे सस्ता घोड़ा 10 हजार में बिका है। बताया कि बाजार के अंतिम दिन छह घोड़े लोग खरीदकर ले गए।

नखासा बाजार में लाए गए घोड़े। ● अमृत विचार

चैती मंदिर में आज से होंगे मां बाल सुंदरी के दर्शन

काशीपुर : चैती मंदिर में मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन श्रद्धालुओं को आज से होने लगेंगे। देवी का डोला सोमवार की अर्धरात्रि नगर मंदिर से चैती मंदिर श्रद्धालु लेकर जाएंगे। मंगलवार से चैती मेले में भीड़ बढ़नी शुरू हो जाएगी। चैती मेला पूरे सबाब पर पहुंच चुका है। सिलबट्टा, बाजार, ढोलक बाजार समेत कई बाजार यहां पर आकर्षण का केंद्र हैं। चैती मंदिर में सोमवार की अर्धरात्रि मां बाल सुंदरी देवी विराजमान हो जाएगी। मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि मां के दर्शन को लोग दूर दराज से यहां पहुंचते हैं। मंगलवार से बुक्सा जनजाति के लोगों का मंदिर में पहुंचा शुरू हो जाएगा। इससे मंदिर में भीड़भाड़ बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार की शाम चार बजे नगर मंदिर में मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन कराए गए। इसके बाद पूजा अर्चना बाद देवी के डोले को चैती मंदिर श्रद्धालु लेकर जाएंगे। मंगलवार यानी आज से चैती मंदिर में ही देवी के दर्शन लोग करेंगे। बताया कि मंदिर परिसर में पॉलीथिन पूरी तरह से प्रतिबंधित की गई है।

चैती मेले में लोगों के लिए खुलवाए शौचालयों के ताले

काशीपुर : चैती मेला शुरू होने के बाद भी शौचालयों में लगाए गए तालों को अधिकारियों ने खुलवा दिया है। शौचालय में लोगों की सुविधा के लिए साबुन, पानी की व्यवस्था कर दी गई है।चैती मेले में लोगों के लिए नगर निगम ने करीब सौ शौचालय बनवाए हैं। रविवार को अमृत विचार ने शौचालय की सुविधा पर मेले में पड़ताल की। इस दौरान 25 से अधिक शौचालय में ताले लटके मिले। इससे लोग परेशान नजर आए। सोमवार को मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि शौचालय ताले खुलवा कर पानी व साबुन की व्यवस्था कर दी गई है। बताया कि लोगों की सुविधा व सुरक्षा पर पूरी नजर बनाए हुए हैं।

सार-संक्षेप

शक्तिफार्म के गुरुग्राम में संकीर्तन गाती कीर्तन मंडली। ● अमृत विचार

गुरुग्राम में दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन शुरू

शक्तिफार्म : गुरुग्राम स्थित शिव मंदिर में सोमवार सुबह से दो दिवसीय अविरल हरिनाम संकीर्तन आरंभ हुआ। दिनेशपुर के ओम शांति हरि और श्री गुरु, अरविन्दनगर के गौरी, मेरठ के कृष्ण सखा और कालीनगर के हरिगोपाल संप्रदाय कीर्तन मंडली ने हरे कृष्ण हरे राम, राम राम हरे हरे कीर्तन गाकर लोगों को भाव विभोर किया। बुधवार सुबह कीर्तन का समापन होगा। इस मौके पर विधान राय, संजीत खान, आकाश हलदार, विधान दास, रबीन विश्वास, विष्णु वैद, गोविंद मंडल, सोमनाथ बैरागी, असित मंडल आदि मौजूद थे।

शांतिपुरी मे बच्चों को कम्प्यूटर कोर्स के प्रमाणपत्र बांटते मुख्य अतिथि।

कंप्यूटर कोर्स के प्रमाणपत्र बांटे

शांतिपुरी : शांतिपुरी नंबर दो स्थित एबीसीएसए की ओर से संचालित कृष्णा कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में मुख्य अतिथि इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ी व उत्तराखंड कप्तान धन सिंह कोरंगा व संचालक मोहन सिंह कोरंगा ने बच्चों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस दौरान धन सिंह कोरंगा ने वर्तमान समय में कम्प्यूटर शिक्षा को जरूरी बताया। कम्प्यूटर कोचिंग संचालक मोहन सिंह कोरंगा, ज्योति दानू, पूजा कोरंगा, तुषार बोरा, खुशबू जोशी, हिमांशु कोरंगा, कुणाल शाही, चित्रा अधिकारी, मोहिनी आर्या, खुशी कोरंगा, आदि मौजूद रहे।

नहर में डूबती महिला को एसएसबी जवानों ने बचाया

खटीमा : भारत नेपाल सीमा के पास स्थित सशस्त्र सीमा बल की काला पुल चेक पोस्ट के सामने शारदा नहर में डूब रही एक महिला को एसएसबी के जवानों ने बचाया। बाद में उसे परिजनों को सौंप दिया गया। एसएसबी काला पुल चेक पोस्ट के पास बहने वाली शारदा नहर में रविवार शाम एक महिला अचानक डूबने लगी। महिला की चीख पुकार सुन एसएससी चेक पोस्ट संतरी बाबा फकरुद्दीन ने इसकी जानकारी अपने अधिकारियों को दी। इस पर एसएसबी एएसआई ललित मोहन पुनेठा, आरक्षी हृदयानंद और अशोक कुमार सैनी ने दौड़ कर शारदा नहर में डूब रही महिला को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया। महिला को बचाने के बाद खबर लगते ही नारायण नगर निवासी महिला के पिता शेखर विश्वास, भाई दिनेश विश्वास और मनी मोहन विश्वास घटना स्थल मौके पर पहुंच गए। एसएसबी ने महिला को बचाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसएसबी ने घटना की सूचना थाना झनकईया को लिखित रूप में दी। महिला के डूबने का कारण पता नहीं लग सका है।

चाकू लेकर घूम रहे युवक को दबोचा

काशीपुर : चोरी की नीयत से चाकू लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रविवार देर रात गश्त के दौरान थाना आईटीआई पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक की तलाशी ली। तलाशी में युवक के पास पुलिस को एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शुभम कम्बोज निवासी चैती गांव बताया। बताया कि वह नशे का आदी है। नशे पूर्ति के लिए चोरियां करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।



खटीमा के हिंद पब्लिक स्कूल में आग बुझाने का प्रशिक्षण देते दमकलकर्मी।

हिंद स्कूल में आग से बचाव की जानकारी दी

खटीमा : हिंद पब्लिक स्कूल में फायर सर्विस के प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुभाष जोशी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं व समस्त स्टाफ को अग्निशमन सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई और आग बुझाने का तरीका बताया गया। अग्निशमन दल की टीम में फायरमैन प्रेम लाल, योगेश खुशाल, हेम जोशी, जीवन बिष्ट, रंजना खर्कवाल, निकिता मेहता, सोनिया राय और अनिता चंद रजवार शामिल रहे। उधर, हिंद पब्लिक स्कूल में एसपीएस स्पोर्ट्स अकादमी का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन विद्यालय के एमडी नीरज कुमार और विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी ने किया। इस अवसर पर क्रिकेट कोच रंजीत मेहरा, एथलीट कोच रवि मेहता, बास्केटबाल और खो-खो कोच मुकेश मेहरा मौजूद रहे।

दिनेशपुर में मां बसंती पूजा महोत्सव की धूम, उमड़े भक्त

बंगाली बाहुल्य क्षेत्र में मां बसंती की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा, महिलाओं ने की सुख- शांति की कामना, माता के भजन गाए गए

दिनेशपुर में दुर्गा मंदिर परिसर में स्थापित मां बसंती व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में नवपत्रिकाओं को स्थापित करने से पूर्व पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : महिला संगठन के तत्वावधान में आयोजित चैत्र नवरात्र पर दुर्गा मंदिर प्रांगण में मां बसंती देवी पूजा महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य पुरोहित वनमाली चक्रवर्ती ने पूजन किया। मां बसंती की प्रतिमा के साथ अन्य देवी- देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। सप्तमी विहित पूजा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लेकर पुष्पांजलि अर्पित की।

सोमवार को प्रातः पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं द्वारा गाए माता के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रीहरि धर्म मंदिर स्थित कामना सागर से महिलाओं द्वारा लाए गए जल से नवपत्रिका को स्नान कराकर पूजा- अर्चना के बाद मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया। मुख्य पुरोहित वनमाली चक्रवर्ती ने मंगल ध्वनि के बीच देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की। दोपहर में सप्तमी विहित पूजा में शक्ति की देवी के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा की गई। पुरोहित ने बताया कि मंगलवार को महाअष्टमी की पूजा में महामाई के चरणों में फल और सब्जियों की प्रतीकात्मक बलि दी जाएगी।

सातवें दिन भी मंदिरों में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

रुद्रपुर : नवरात्रि के सातवें दिन भी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दिनभर मंदिरों में भजन कीर्तनों का दौर चलता रहा। सोमवार की सुबह से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आना शुरू हो गया था। इस दौरान शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, दूधिया बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, चामुंडा मंदिर समेत कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आयी।

जसपुर में भी पूजा अर्चना

जसपुर : चैत्र नवरात्रों में दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा करने के लिए मंदिरों में भीड़ उमड़ी रही। सोमवार को सातवें स्वरूप काल रात्रि की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इस दौरान ठाकुर मंदिर, बड़ा शिव मंदिर, काली मंदिर, रामेश्वर धाम मंदिर, शिव मंदिर धर्मशाला आदि मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।

जसपुर के ऐतिहासिक काली माता मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बाजपुर में कलश शोभायात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

बाजपुर के ग्राम महेशपुरा में कलश शोभायात्रा निकाली

बाजपुर : ग्राम महेशपुरा में नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्री श्याम प्रभु खाटू नरेश के शीश की प्रतिमा को गांव में भ्रमण के बाद मंदिर ले जाया गया। इसी के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हो गई है। बताया गया कि 17 अप्रैल को पूजा अर्चना के साथ नवनिर्मित मंदिर में श्री श्याम बाबा खाटू नरेश की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। भजन-कीर्तन के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

जसपुर में बैसाखी पर हुआ दंगल

जसपुर: बैसाखी के पर्व पर क्षेत्र के दुर्गम स्थान गांव तीर्थ नगर भोगपुर डाम में हर वर्ष की भांति दंगल का आयोजन किया गया। दंगल के सेमीफाइनल में सहारनपुर के हरि सिंह गुर्जर और बिजनौर के पहलवान प्रिंस के बीच और गिन्नीखेड़ा के पहलवान नकुल और गढ़ी हुसैन के पहलवान जीत सिंह के बीच कुश्ती हुई। लेकिन कोई परिणाम निकल नहीं सका। इस पर कमेटी के सदस्यों ने चारों पहलवानों को विजेता घोषित कर बराबर पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। यहां पर प्रधान सतनाम सिंह, मंगत सिंह, प्रीतम सिंह, गुरनाम सिंह, करनैल सिंह, सोना सिंह, बलविंदर सिंह, मलूक सिंह आदि उपस्थित रहे।

बाजपुर में आयोजित समागम में कीर्तन करते भाई अमरजीत सिंह गालिब खुर्द।

खालसा पंथ की स्थापना का वर्णन किया

बाजपुर : फौजी कॉलोनी में बैसाखी पर गुरुद्वारा साहिब के नये भवन में सजे दीवान में भाई अमरजीत सिंह गालिब खुर्द व हरपाल सिंह खालसा ने कथा करते हुए खालसा पंथ की स्थापना का वर्णन किया। इससे पूर्व अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। कार्यक्रम में कुलजीत सिंह, अवतार सिंह, श्रमन सिंह, डॉ. कुलवंत सिंह, जसवीर सिंह, सुखदेव सिंह, कुलदीप सिंह, राम सिंह गिल, सतनाम सिंह, सिमरजीत सिंह, गगनजोत सिंह, मनजोत सिंह, गुरदीप सिंह, विक्रमजीत सिंह, इंदरजीत सिंह, बल्देव सिंह आदि मौजूद रहे।

आस्था | दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

श्रीमद् भागवत कथा ही जीवन का आधार

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: चैत्र नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते ब्यास आचार्य किशोर जोशी ने कहा कि मनुष्य को विचार व मन में सकारात्मक भाव रखना चाहिए। सभी प्राणियों को सद्भावना से देखना चाहिए। ऐसे मनुष्य में भगवान का वास होता है। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा को जीवन का आधार बताया।

सोमवार को दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक ब्यास किशोर जोशी ने कहा कि मनुष्य को कर्म करना चाहिए, फल की इच्छा प्रभु पर छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को लोभ, मोह, क्रोध को त्याग कर कुछ समय प्रभु की भक्ति में बिताना चाहिए। अनुष्ठान में मुख्य यजमान सचिन राणा व नीमा राणा, केदार कोश्यारी, राजेंद्र सिंह मेहरा, कैलाश शर्मा, दान सिंह कार्की, दरपान सिंह देऊपा, महेशानंद जोशी, मोहन चंद्र द्विवेदी, गीता बोरा, हंसी जोशी, विमला राणा, कलावती जोशी आदि मौजूद थे।

दिनेशपुर के दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भागवत कथा के श्रवण से पापों से मिलती है मुक्ति

शक्तिफार्म : ग्रामसभा तिलियापुर के आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा में व्यास पंडित भास्कर पांडे ने ग्रामीणों को श्री कृष्ण की कथा का वर्णन किया। रविवार को ग्रामसभा तिलियापुर के गांव आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर परिसर में कथा से पूर्व पंडित भास्कर पांडे ने पूर्ण विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ पूजन किया। इस दौरान आयोजित भागवत कथा में पंडित भास्कर पांडे ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सुनने से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। इस मौके पर जीवन सिंह, राजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरीश सिंह, चंदन सिंह, नंदन सिंह, राम सिंह बिष्ट, कुंदन कुंजवाल, गंगा सिंह, प्रकाश सिंह ,राम सिंह, चंदन सिंह, लक्षण सिंह, जगदीश सिंह आदि उपस्थित थे।

रिश्वत लेकर भी नहीं दिया सहायता राशि का चेक

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: एक युवक ने बहन की शादी में सरकारी सहायता के लिए सहायक समाज कल्याण अधिकारी (एएसडब्ल्यूओ) अजय मिश्रा और उनके सहायक शुभम पर चार हजार रुपये रिश्वत लेकर भी चेक नहीं देने का आरोप लगाया है। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर जांच एसआई प्रकाश विश्वकर्मा को सौंप दी। आरोप की पुष्टि होने पर ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

बीते शनिवार धौराडाम नजीमाबाद निवासी रोहित कुमार ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया था कि उसने अपनी बहन अन्नू का विवाह सात मई 2021 को घुसरी डोहरा सितारगंज निवासी कृष्ण प्रसाद के साथ किया था। उसके माता-पिता की मृत्यु पूर्व में ही हो चुकी है और वह जाटव (अनुसूचित जाति) के अंतर्गत आता है। उसने बहन की शादी में वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया था। इसमें राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट सहित औपचारिकताएं पूरी हो चुकी थीं। लेकिन सहायक समाज कल्याण अधिकारी के सहायक शुभम ने उससे कहा कि आपका पैसा का मंजूर हो चुका है। आप अधिकारी को फाइल प्रोसेसिंग शुल्क चार हजार रुपये देकर अपना चेक ले जाइए। इसके बाद उसने शुभम के मोबाइल पर 11 नवंबर 2021 से आठ जनवरी 2022 के बीच चार हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब वह चेक लेने पहुंचा तो उसने टाल मटोल करते हुए कहा कि चेक बहन को ही देंगे। वह अपनी बहन के साथ चेक लेने पहुंचा तो सहायक समाज कल्याण अधिकारी व शुभम ने उन्हें चेक नहीं दिया। उसने कुछ दिन बाद पुनः जाकर पता किया तो उससे गाली गलौच करते हुए कहा कि कोई चेक नहीं मिलेगा, जो करना है कर लो। उसने इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा को शिकायती पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

एक नजर

जिला बदर के लिए भेजी 20 हिस्ट्रीशीटरों की फाइल

काशीपुर : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई को लेकर 20 हिस्ट्रीशीटरों की फाइल जिला मुख्यालय भेजी है। जहां से अनुमति के बाद पुलिस इन हिस्ट्रीशीटरों पर कार्रवाई करेगी। आगामी लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी के आशंका के चलते पुलिस ने कोतवाली के 20 हिस्ट्रीशीटरों की फाईल जिले के उच्च अधिकारियों को जिला बदर की कार्रवाई के लिए भेजी है। जिन पर अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने इन हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाएगी। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के 20 हिस्ट्रीशीटरों की फाइल उच्च अधिकारियों को जिला बदर की कार्रवाई के लिए भेजी है। जिनमें से कुछ पर अनुमति मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। शेष पर अनुमति मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

4.37 ग्राम स्मैक के साथ एक दबोचा

खटीमा : चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी को गश्त के दौरान नदन्ना बिगराबाग नहर किनारे संदिग्ध युवक दिखाई दिया। जो पुलिस को देखते ही झाड़ियों में छुप गया। बाद में पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से पन्नी में रखी 4 .37 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ ने उसने स्वयं को गोटिया वार्ड नंबर छह निवासी अमन बताया। उसने यह भी बताया कि वह स्मैक कम दाम में खरीद कर ऊंचे दाम में बेचने का काम करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर सोमवार को न्यायालय में पेश कर दिया है।

विधायक पांडेय ने भाजपा के पक्ष में मांगे वोट

दिनेशपुर : विधायक अरविंद पांडेय ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान करने और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने की मतदाताओं से अपील की। इस मौके पर भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ सहसंयोजक सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, हेमगिरी गोस्वामी, कूल्हा उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला मौजूद थे।

स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत

रविवार शाम को हुआ हादसा, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भूरारानी मार्ग पर रविवार की शाम को स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सड़क हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया।

मंगत सिंह।

गांव बिंदुखेड़ा निवासी 60 वर्षीय मंगत सिंह रविवार की शाम को गांव भूरारानी में भूसा खरीदने गया था और सौदा करने के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहा था। अचानक तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि मृतक की पांच बेटियां हैं और चार बेटियों की शादी हो चुकी है। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से हाईवे पर अधेड़ की मौत

किच्छा : किच्छा- रुद्रपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात्रि अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना के बाद घटना में घायल को 112 सिटी पेट्रोल पुलिस टीम ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है। देर रात्रि द्वारा डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि रुद्रपुर मार्ग स्थित इंट्रार्क कंपनी के निकट अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर डायल 112 टीम के मनोज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और घायल अधेड़ को इलाज के लिए नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल अधेड़ को चिकित्सकों ने सरकारी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय बुंदन शाह के रूप में हुई है। हालांकि मृतक के परिजनों तथा उसके निवास के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद जोशी ने बताया कि मृतक बुंदन शाह कबाड़ खरीदने बेचने का काम करता था।

बस-ट्रक घटना में घायल प्रशिक्षक अस्पताल में भर्ती

खटीमा: बीते दिवस नेशनल हाईवे पर बस और ट्रक हादसे में घायलों में एक प्रशिक्षक अस्पताल में भर्ती है जबकि ट्रक चालक को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। बस चालक किसी निजी अस्पताल में उपचार करा रहा है।

रविवार को मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे मीरा यूथ डेवलपमेंट फेडरेशन के प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थियों से भरी बस और एक ट्रक टक्कर को बचाने के प्रयास में हाइवे पर पलट गए थे। इसमें बस चालक चांदा निवासी दलजीत सिंह, ट्रक चालक रुद्रपुर निवासी जय मेजर सिंह और प्रशिक्षक अरमान सहित 19 लोग घायल हो गए थे। अब नागरिक अस्पताल में प्रशिक्षक अरमान भर्ती है जबकि ट्रक चालक को रेफर कर दिया गया है। वहीं बस चालक अपना उपचार अन्यत्र निजी चिकित्सालय में करा रहा है जबकि शेष को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने आज अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। इस संबंध में किसी भी पक्ष द्वारा पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। अलबत्ता ट्रक ड्राइवर की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

हाईकोर्ट ने परियोजनाओं में नियुक्त शिक्षकों को माना कक्षागत शिक्षक

संवाददाता पंतनगर

- सरकार और विवि के आदेश रद्द कर जबरदस्ती सेवानिवृत्त शिक्षकों की तत्काल बहाली के दिए आदेश

अमृत विचार: कृषि सचिव ने बीती चार जुलाई को शासनादेश कर भरसार और पंत विवि की परियोजनाओं और केवीके आदि में नियुक्त शिक्षकों को कक्षागत शिक्षक नहीं मानते हुए 65 वर्ष अधिवर्षता आयु व सत्रांत लाभ देने से मना कर दिया था। इसके बाद 60 वर्ष अधिवर्षता आयु पूरी कर चुके 22 शिक्षकों को जबरदस्ती सेवानिवृत्त कर दिया गया था।

मामले में 34 शिक्षकों ने कोर्ट की शरण ली, जहां इनकी चार अलग-अलग वर्गों (जनरल बजट, एक्रिप, नार्प व केवीके) में सुनवाई शुरू हुई। बीती 14 मार्च को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने जनरल बजट के डॉ. विनोद कुमार सहित डॉ. केपी सिंह, डॉ. बीएस कार्की, डॉ. सीबी सिंह, डॉ. नरेश मलिक व डॉ. एसपी सिंह गंगवार को कक्षागत शिक्षक मानते हुए राज्य सरकार के चार जुलाई और विवि के सीपीओ की ओर से 12 जुलाई को जारी आदेश को रद्द करते हुए सभी लाभों के साथ याचिकाकर्ताओं को तत्काल सेवा में बहाल करने के आदेश दिए थे।

इसके बाद सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और पंकज कुमार पुरोहित की खंडपीठ ने परियोजनाओं में नियुक्त शिक्षकों की सुनवाई करते हुए अंत में फैसला सुनाया। इसमें उन्होंने विवि एक्ट को आधार मानते हुए कहा चूंकि जिस पद पर याचिकाकर्ता को नियुक्त किया गया था, वह राज्य सरकार से स्वीकृत था, इसलिए उस पद को शिक्षण पद के रूप में वर्गीकृत करने के लिए राज्य सरकार की मंजूरी लेने की कोई आवश्यकता नहीं थी। याचिकाकर्ता विवि का शिक्षक है और जब से उसकी विवि में नियुक्ति हुई है, तभी से उसे एक शिक्षक को मिलने वाले सभी लाभ दिए गए हैं। इस प्रकार कोर्ट को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि राज्य सरकार से पारित आदेश, जिसके तहत याचिकाकर्ता की स्थिति बदल दी गई और उसे गैर-शिक्षण कर्मचारी घोषित कर दिया गया। यह मनमाना और अवैध है, जिसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है। कहा कानून की नजर में राज्य सरकार की ओर से चार जुलाई को पारित आदेश और विवि के सीपीओ की ओर से 12 जुलाई को जारी आदेश को रद्द करते हुए रिट याचिकाएं स्वीकार की जाती हैं और उत्तरदाताओं को निर्देश दिया जाता है कि वह सभी लाभों के साथ याचिकाकर्ताओं को तत्काल सेवा में बहाल करें।

यह शिक्षक होंगे लाभान्वित

पंतनगर : सोमवार को हाईकोर्ट के फसले से लाभान्वित होने वाले शिक्षकों में डॉ. दीपा विनय, डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. आरके सिंह, डॉ. एमके नौटियाल, डॉ. तेज प्रताप, डॉ. रवींद्र कुमार, डॉ. पीके ओमरे, डॉ. चंद्रवीर सिंह, डॉ. डीसी बसखेती, डॉ. अजय श्रीवास्तव और डॉ. पीके पांडेय शामिल हैं। जिनको सेवानिवृत्ति के नौ माह बाद पुन: बहाल किया जाएगा।

वन कर्मचारियों को बंधक बनाने के मामले में मुकदमा दर्ज

काशीपुर, अमृत विचार: कुंडेश्वरी क्षेत्र में वन विभाग की पुलिस चौकी में वन बीट अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बंधक बनाकर ट्रैक्टर छुड़ाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज हो गया है।

तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर रेंज गुलजारपुर चौकी वन बीट अधिकारी तेजपाल सिंह ने कोतवाली काशीपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को वह चौकी परिसर में ड्यूटी पर थे। इस दौरान कुछ लोग दबंगई दिखाते हुए हवाई फायरिंग करते हुए चारदीवारी फांदकर अंदर घुस आए और वन कर्मियों को बंदी बनाकर बंद किए गए ट्रैक्टर को छुड़ा ले गए। सूचना पर पहुंची कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने स्थिति को संभाला। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर अनुसार आरोपी हरकेश, जगदीश, गुरमीत सिंह, रोशन सिंह निवासी ग्राम गोबरा बाजपुर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

श्रीराम संस्थान के सम्मानित बच्चों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

श्रीराम संस्थान में हुआ वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन

काशीपुर : श्रीराम संस्थान के प्रागंण में वार्षिक पुरस्कार समारोह एवं वर्ल्ड क्लाउड सुरक्षा कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति दीवान सिंह रावत व पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. महेन्द्र सिंह बोरा एवं असिस्टेंट प्रोफेसर शिवांगी वर्मा ने वर्ल्ड क्लाउड सिक्योरिटी की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर श्रीराम संस्थान के असिस्टेंट मैनेजर (एडमिन) आशुतोष शर्मा को सत्र 2023-24 के लिए बेस्ट एम्प्लॉई अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही संस्थान के 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस दौरान संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. महेंद्र सिंह बोरा, असिस्टेंट प्रोफेसर भूपेन्द्र सिंह लटवाल एवं शिवांगी वर्मा द्वारा लिखी गयी पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस दौरान अतुल असावा, प्लांट हेड, फ्लेक्सीटफ लि., काशीपुर, आरएस तिवारी, प्रधानाचार्य, शेमफोर्ड स्कूल, काशीपुर, श्रीराम संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, प्रो. योगराज सिंह, डॉ. एसएस कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर डिपो को लक्ष्य प्राप्त करना हो गया मुश्किल

संवाददाता, रुद्रपुर

हालात

- प्रतिदिन डिपो को हो रहा है पांच लाख का नुकसान
- डिपो को अप्रैल माह में मिला है 15 लाख 76 हजार का लक्ष्य

अमृत विचार: रुद्रपुर डिपो से बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने से डिपो की आय में करीब पांच लाख तक घट गयी है। डिपो को अप्रैल माह में मिला 15 लाख 76 हजार का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। हालांकि डिपो प्रबंधन का कहना है कि यात्रियों के कम निकलने से आय कम हो रही है।

यहां बता दें कि रुद्रपुर डिपो के बस बेड़े में 84 बसें शामिल हैं। इसमें 42 बसें परिवहन निगम की बसें शामिल हैं, जबकि 42 बसें अनुबंधित की बसें शामिल हैं। विगत दिनों चुनाव कार्यालय ने करीब 26 बसों की डिमांड थी। इसमें 16 बसे परिवहन निगम और 10 बसें अनुबंधित की शामिल थी। ये बसें दिल्ली, लुधियाना, पटियाला, चंडीगढ़ समेत कई स्थानों की बसें शामिल हैं।

इन बसों को सुरक्षाकर्मियों को लेने के लिए बाहर भेजा गया था। ये बसें सुरक्षा कर्मियों को लेकर वापस तो आ गयी हैं। वहीं फिर से निर्वाचन कार्यालय से 20 बसों की डिमांड आयी है। डिपो के अधिकारियों के अनुसार चुनाव ड्यूटी में बसों के जाने से आय घटी है। चुनावी पर्व के चलते यह काम भी जरूरी है।

डिपो को अप्रैल माह में 15 लाख 76 हजार का लक्ष्य मिला हुआ है। लेकिन बसों के चुनाव ड्यूटी पर जाने और यात्रियों की संख्या कम होने से डिपो की आय घटकर 10 लाख के करीब हो गयी है। चुनाव के बाद ही लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है। -ब्रह्मा नंदन, डिपो प्रभारी, रुद्रपुर डिपो

रीता दहेज हत्या प्रकरण का आरोपी पति गिरफ्तार

रुद्रपुर: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में विवाहिता रीता मौत प्रकरण के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर दहेज हत्या का मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

विगत दिनों थाना ट्रांजिट कैंप इलाके की रहने वाली 26 वर्षीय रीता का शव कमरे में पड़ा मिला था। विवाहिता के गले पर निशान थे और आत्महत्या जैसा कोई भी सबूत मौके पर नहीं पाया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद मृतक की मां श्रीति निवासी बाकराबाद मिलक रामपुर ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी ने बहेड़ी बरेली निवासी उमेश कुमार के साथ तीन साल पहले लव मैरिज की थी। शादी के बाद से ही दामाद शराब पीकर मारपीट पीटता और दहेज लाने की मांग करता रहता था। विगत दिनों बेटी की मौत की खबर मिली। परिजनों ने आशंका जताई थी कि दामाद ने ही बेटी का गला दबाकर हत्या कर दी होगी,जबकि विवाहिता की मौत के बाद से ही आरोपी पति फरार चल रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

क्रिकेट में काशीपुर बार एसो. विजयी

संवाददाता, काशीपुर

रोमांचक

- रुद्रपुर बार एसोसिएशन को 17 रन से हराया

अमृत विचार: काशीपुर बार एसोसिएशन व रुद्रपुर जिला बार एसोसिएशन के बीच में एक सद्भावना पूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें काशीपुर बार एसोसिएशन ने रुद्रपुर जिला बार एसोसिएशन को 17 रन से हराया।

मैच प्रारंभ होने से पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चौबे व मुख्य अतिथि ओम प्रकाश अरोड़ा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। रुद्रपुर क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। काशीपुर क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते 19 ओवर में 142 रन बनाए। जिसमें सबसे अधिक रोहित अरोड़ा ने 51 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। विवेक मिश्रा ने 20 रन, अजरूद्दीन ने 22 रन, अमिताभ सक्सेना ने 18 रन का योगदान दिया। रुद्रपुर की टीम में मुख्य रूप से संदीप चंद्र ने चार विकेट लिए। इस प्रकार काशीपुर टीम 142 रन 19 ओवर में बनाकर आउट हो गई। बाद में खेलते हुए रुद्रपुर क्रिकेट टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 125 रन बनाए। जिसमें दिलीप कुमार ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 27 रन बनाए। काशीपुर की टीम की ओर से रोहित अरोड़ा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके तथा दो कैच भी पकड़े। मोहम्मद ऋषभ ने चार विकेट लेकर रुद्रपुर क्रिकेट टीम की कमर तोड़ दी। मैन ऑफ द मैच रोहित अरोड़ा रहे। सर्वश्रेष्ठ बॉलर का खिताब रुद्रपुर टीम के संदीप चंद्र को मिला। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि ओम प्रकाश अरोड़ा व अध्यक्ष काशीपुर बार एसोसिएशन काशीपुर अवधेश चौबे द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन काशीपुर क्रिकेट टीम के मैनेजर उमेश जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से काशीपुर बार के सचिव नपेंद्र कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उपसचिव सूरज कुमार, सनत पैगिया, अमन गुप्ता, संजय रोहिल्ला आदि रहे।

वर्ग पहेली-41

बाएं से दाएं

1.1. उत्सव या समारोह के लिए निकलने वाली यात्रा, जनयात्रा, (रैली) 2. लोगों का वह विशाल समूह जो विरोध या उल्लास प्रदर्शित करने के लिए निकलता हो 3. किसी अवसर पर धूमधाम की सवारी 4. किसी मंत्री या राजनेता की शोभायात्रा या नगर-भ्रमण।

3.1. पीड़ा न देना, उत्पीड़ित न करना 2. दया, अनुकंपा।

4. कर्मचारी को किसी अतिरिक्त कार्य के लिए वेतन के अलावा दी जाने वाली रकम

5.1. गाय 2. बैल 2. वृष राशि 3. गाय की शक्ल का शराब का प्याला।

6.1. अच्छा व्यवहार या चालचलन, सादगीपूर्ण बरताव 2. सात्विक व्यवहार, सदाचार 3. उत्तम व्यवहार, सद्व्यवहार।

ऊपर से नीचे

1. छालों से संबंधित

2.1. धातु के बरतनों के टकराने से होने वाला शब्द 2. बच्चे के रुक-रुक कर रोने का शब्द 3. बच्चे का मचलना।

3.1. किसी कार्य की विशेष विधि समझाना, शिक्षा 2. निर्देश, हिदायत 3. संकेत।

4.1. केवल आभास के रूप में होने वाला मिथ्या ज्ञान 2. प्रतीति 3. चमक 4. झलक 5. दिखाई देना।



वर्ग पहेली -40 का हल

1 रु	णि	त	■	■	2 अ	■
ख़	■	■	3 सं	■	भि	■
4 स	खा	■	चा	■	भा	■
त	■	5 प	रि	जी	वि	त
■	6 गि	रि	का	■	त	■
■	■	क	■	■	■	7 बा
■	8 धी	र	शां	त	■	पू

सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3				9		
4	8		3				5	7
		9		7		6		
6				1	5		7	
	3						8	
	9		2	3				4
		7				8		3
3	6				8		2	
		1				4		

सुडोकू -119 का हल

5	8	1	2	3	7	4	6	9
4	7	3	9	1	6	8	2	5
6	9	2	5	8	4	7	1	3
8	6	5	4	7	2	9	3	1
9	3	7	6	5	1	2	4	8
1	2	4	8	9	3	6	5	7
7	4	8	3	6	5	1	9	2
2	5	9	1	4	8	3	7	6
3	1	6	7	2	9	5	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 13 .23 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 17 अप्रैल 05 .16 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

वृष — आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

मिथुन — आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

कर्क — आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

सिंह — आज समाज में अपयश जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

कन्या — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

तुला — आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नए और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं।

वृश्चिक — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें। आपको परिजनों को लेकर काफी चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा।

धनु — आज जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें। जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से लाभ मिलेगा।

मकर — आज परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

कुंभ — आज भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपके टीमवर्क की प्रशंसा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

मीन — आज अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

आज की फिल्में

पृथ्वी — सुबह : 08 .35
राम बलराम — दोपहर : 01 .05
थानेदार — सुबह : 11 .00
चेक — शाम : 06 .00

ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11 .00
वंडर वुमन — रात : 08 .29
हमेशा — सुबह : 10 .20
ऐतराज — रात : 07 .20
दुनिया — सुबह : 11 .18
बद्रीनाथ की दुल्हनियां — रात : 08 .55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07 .20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्योवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

संपादकीय

वैश्विक जगत में चिंता

दुनिया पहले से ही दो बड़े युद्ध के संकट को झेल रही है। ऐसे में ईरान के इजराइल पर हमले ने वैश्विक जगत में चिंता बढ़ा दी है। भारत ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। ईरान ने हाल में कम से कम नौ मिसाइलों से इजराइल के दो हवाईअड्डों पर हमला किया है। हमले में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने यह हमला गत एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में किया था। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि उनके पास ईरान के हालिया हमले का जवाब देने का कानूनी अधिकार है क्योंकि उसने (ईरान) ने 'हर लाल रेखा' को पार कर लिया है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाए रखने को लेकर चेता रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि यदि इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-7 देशों के नेताओं से हुई बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की। इन बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। दरअसल युद्ध को टाला नहीं गया तो इसका दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल सकता है। गौरतलब है कि भारत के दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि इजराइल पर ईरान का हमला होते ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों पक्षों से बातचीत की। ईरान में चार हजार और इजराइल में 18.5 हजार भारतीय रहते हैं। युद्ध के फैलने की आशंका के मद्देनजर दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की वहां से निकासी चिंता का कारण है। इसलिए भारत का रुख स्पष्ट है। वह तनाव कम करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। युद्ध से दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। इसलिए दोनों देशों को संयम बरतते हुए कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।

एआई और फ्लेवर्स ने देशज साहित्य-शोध में बढ़ाई रुचि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं।

भारत के अंग्रेजी लेखकों को अपने लेखन को जारी रखने या एनालिटिकल शोध हेतु विषय नहीं मिल रहे। आरके नारायण, मुलकरा आनंद और खुशवंत सिंह तो जाने-माने नाम हैं। इनसे पहले के बहुत-से नाम 'कलकत्ता रिव्यु' और 'द इंडियन रिव्यु' नामक पत्रिकाओं से मिलते हैं। कुछ नाम 'द जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' और 'इंडियन एंटीक्वेरी' से भी लिए जा सकते हैं। नई पीढ़ी बहुत बढ़िया लिख रही है और बहुत से ऐसे नाम जो आम प्रचलन में नहीं हैं। अंग्रेजी लिट्रेचर के जर्नल्स में से नोट किये जा सकते हैं।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें। साहित्य के एक विद्यार्थी के मन में जो बात एक फिजिसिस्ट या फिजियोलॉजिस्ट एवं एक इनफार्मेशन साइंटिस्ट डालकर उसे एकदम से नया नज़रिया दे सकता है,वह सिर्फ लिट्रेचर ही जानने वाला प्रोफेसर नहीं कर सकता। इसीलिए अंतर्विद्यावर्ती दृष्टि लेकर अध्ययन अधिक किए जाने को आजकल बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि शोध कार्य एक सशक्त, नए ज्ञान-सृजन की एक्सरसाइज में तब्दील हो जाए और प्रयास एवं संसाधन व्यर्थ होने बचें। ये भविष्यमयी बनें।

नए किस्म के इस शोध प्रोटोकॉल से वाकफियत न होने में शोधकर्ताओं के सुपरवाइजर्स और सुपरविज़न की परंपरिक पद्धति की बड़ी भूमिका नज़र आने के अलावा एक और पावरफुल इन्फ्लुएंस सक्रियता अभी तक बनी हुई है। वह है हमारे आचार्यगण की ब्रिटिश, अमेरिकन और फ्रेंच लिट्रेरी क्रिटिसिज्म की ओर गाइडेंस के लिए देखने की और ता-उम्र इस आदत पाल कर काम करने की। बावजूद इसके, इन आचार्य गणमें से कुछ तो जरूर ऐसे हैं जो भारत की विशाल लोकवार्ता निधि के बारे में अंग्रेजी भाषा में सूक्ष्म मूल्यांकन (क्रिटिकल एप्रेज़ल) करते हुए इसे विश्व पटल पर ला रहे हैं। ब्रिटिश इंडिया में ब्रिटिश इंडोलॉजिस्ट्स और स्कॉलर्स की लोकवार्ता (इंडिक स्टडीज) में बेहद रुचि होने के कारण ही ऐसा संभव

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें।

हुआ कि भारत के हरेक कोने में रहने वाले समुदायों की लोकवार्ता (फोकलोर) का दस्तावेजीकरण हो गया। भारतीय लोगों की लोकवार्ता निधि की विविधता और विशालता चकित करती है और इससे भी अधिक आनंदमयी अहसास यह कि इसके अधिकतर प्रोविंशियल लैंग्वेजेज और लोकभाषाओं में होने के वजह से लिंगविस्टिक फ्लेवर में अर्थात 'रस' और 'भाव' की वजह से यह अद्भुत संरचना वाली भी है। इसमें पद्यात्मक शैली-रूप की अधिकता है,लेकिन अध्ययन के समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि हमारे आदि-मनीषियों ने गद्य को भी पद्य माना है। फिर भी बहुत कुछ बचा रहा जिसका कलेक्शन और प्रस्तुतिकरण सन 1960 के बाद तक जारी रहा।

हरियाणा में असंकलित वार्ता, यथा लोककथा और लोकगीत, का संग्रह आचार्य भीम सिंह मलिक ने अपने छात्रों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1970 और 1980-आदि दशक के दौरान करवाया और चालीस वर्ष पहले लोकवार्ता के प्रतिनिधि प्रकाशन 'संभावना' के प्रथमांक का प्रकाशन भी जिसमें आचार्य मलिक के नेतृत्व में आचार्य राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी की अपूर्व साहित्यिक सूझ से संपन्न किया गया। इसके लिए सामग्री के संकलन और संपादन में अपूर्व योगदान के कारण हरियाणा वासी दोनों के आभारी हैं। पिछले पांच दशक की साहित्य शोध प्रवृत्तियों के मद्देनज़र कह सकते हैं कि अंग्रेजी भाषा के साहित्य शोधक अब अंतर्मुखी होकर लोकवार्ता में डिस्कशन और कमेन्ट्री में मनुष्य चिंतन की केंद्र से सीमाओं पर ले जाकर, आधुनिक साहित्यिक-टूल्स के मद्देनज़र अनेक ऐसे पक्ष को उजागर करते रहे हैं जिनके बारे में पहले से आभास न था।

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं। इन्टरनेट के आने से लोकवार्ता या फोकलोर अध्ययन को 'ग्लोबल पर्सपेक्टिव' भी प्राप्त हुआ है। इसमें एक बड़ी कमी मुझे इसलिए महसूस हो रही है संस्कृत लिट्रेचर के हमारे आचार्यों ने बहुत पहले साहित्य कृतियों की साहित्यिक और लिंगविस्टिक समीक्षा की जो बेहतरीन पद्धति विकसित की थी उसे ग्लोबल एंड इंटरनेशनल फ्रेम में अभी तक फिट नहीं किया गया है। कुछ मामलों में अध्येताओं के बीच 'दिस्कोर्ड' हो सकता है लेकिन आगे जाकर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) के नए टूल्स शोध-समीक्षा हेतु विकसित कर लिए जाएं तो आश्चर्य नहीं। शोध के लिए चुने जाने वाले अधिकतर विषय चूंकि यूनिवर्सल अपील के होते हैं इसलिए इन्हें बरते जाने के समय भाषांतर और लिंग्विस्टिक्स का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो तत्व-समीक्षा नहीं हो पाएगी। अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अमेरिकन और ब्रिटिश अध्येताओं की नज़र से लोकवार्ता की समीक्षा के लिए नए नैरेटिव का जिस तरह से सृजन हुआ, इसमें उन द्वारा प्रयुक्त मुहावरा और सिंटेक्स की संरचना ने ऐसे फ्लेवर्स की उत्पत्ति को संभव बनाया जो अज्ञात थे। इस काम के लिए भविष्य में एआई टूल्स को अधिक कारगर तरीके से विकसित किए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि इस पूत के पांव कैसे पसरेंगे इसका अनुमान मैंने अभी कुछ महीना से अनुभव करना शुरू किया है। फोकलोर का कंटेंट हालांकि नहीं बदलता लेकिन प्रत्येक नए समीक्षात्मक अंदाज़ से निर्मित किए गए एक 'मिरर इमेज' को 'रेडिकली डिजाईन्ड' फ्रेम्स में फिट किए जाने से दृष्टिकोण जरूर बदलता है। इसकी जरूरत भी है। को-पायलट और चैट-जीपीटी को पहले मैं बकवास समझता था। यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस टूल है और इस द्वारा सूचना का न केवल कलेक्शन करने और इसे इच्छित भाषा में बदलने की न केवल 'ऑटो-कैपबिलिटी' है बल्कि इन्टरनेट पर सर्च के बाद नमूदार हुए टेक्स्ट में से अगर बिना पढ़े कुछ पूछना-ढूंढना है तब इसे भी यह 'सेलेक्टिव' आधार पर ढूंढकर ठीक सूचना देने में सक्षम है।

दुनिया में कहीं भी स्थापित चुनींदा 'सर्वर्स' में सूचना आधार की विशालता और वर्ल्ड-वाइड इन्टरनेट- हाइवेज पर लोकवार्ता के संग्रहों तक हमारी एक्सेस बनाकर प्रकाश की गति से काम करते हुए संदेशों का ट्रांसपोर्टेशन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि को-पायलट और चैट-जीपीटी की क्षमता का आकलन भी अपरिहार्य बनता नज़र आता है। ऐसे में जर्मन चिन्तक वाल्ते बेंजामिन की सन 1935 में प्रकाशित हुई किताब के छहों अध्यायों के सभी 46 निबंधों में से विशेष तौर से 'द वर्क ऑफ़ आर्ट इन द एज ऑफ़ इट्स टेक्निकल रिप्रोड्यूसिबिलिटी' निबंध और 'स्क्रिप्ट, इमेज और 'स्क्रिप्ट-इमेज' अध्याय के निबंधों का मुझे स्मरण हो रहा है जिसमें पिछले लिट्रेचर को नए युग के अनुसार ढालने की प्रक्रिया की शुरुआत होने और इसे एक फैक्ट्रीनुमा प्रोडक्शन हाउस में तब्दील कर देने की इच्छा पर चर्चा की गई है। मैन्युअल मॉड से शिफ्ट होकर एआई मॉड में आंशिक तौर से प्रवेश करने में भी मुझे ख़तरा नज़र आता है। लगता है इंटरप्रिटेशन ऑफ़ डेटा एंड स्टेटिस्टिकल वेलिडेशन हेतु मशीन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होने जैसा नया काम वास्तव में अधिक सृजनात्मक छवि पेश करने में मानवीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर पाएगा और एक तरह की साहित्यिक अशांति को भी जन्म दे सकता है। विद्वानों का कहना है कि मनुष्य की कुदरती, विश्लेषणात्मक प्रतिभा का व्यक्तिगत दखल बनाए रखना जरूरी होगा। मानवीय प्रतिभा के इस्तेमाल की अनिवार्यता को नतीजे के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही जागृत करना जरूरी होगा। सभ्यताओं के ही नहीं बल्कि मानव समुदायों के अस्तित्व को बचाए रखने की यह अंतिम शर्त होगी। विदेशी शोधकर्ता और इंडोलॉजिस्ट्स की रुचि इंडियन फोकलोर स्टडीज में बढ़ी है। विद्वज्जन विशिष्ट मनोभाव के कारण साहित्यिक विधा में मूल्यांकन कर पाते हैं। लिट्रेचर में 'इनटेंजीबल फैक्टर्स' जैसे कि भावप्र धानता और अलंकार, की मौजूदगी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सूंघ कर अगर एनालिसिस के लिए पकड़ न पाए तो भी एआई एक आधारभूमि तैयार करती है, बशर्ते विद्वज्जन इसमें से पक्षपात के तत्वों की पहचान करने और इन्हें निष्प्रभावी करने में सक्षम हैं।

प्रसंगवश

धर्म और तिकड़म का समन्वय

देश को तो एक मुश्त ही आगे बढ़ना होगा, कुछ लोगों की आर्थिक प्रगति से काम नहीं चलेगा। हम खुश हो लेते हैं कि हम चौथी आर्थिक ताकत बन गए या तीसरी बन गए,पर सत्यता यह है कि इसमें आपकी जनसंख्या का भी कमाल है। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश को तो कुछ देशों के मुकाबले कुल जीडीपी के लिहाज से उनसे आगे निकलना ही है,पर असली परीक्षा पर व्यक्ति जीडीपी की है। उसके लिए बहुत प्रयास की जरूरत है। इंग्लैंड,जर्मनी और जापान पर व्यक्ति जीडीपी में वे हमसे कई गुना आगे हैं,वे पूर्ण विकसित हैं। आज हमें अपने देश में साफ-साफ दिखायी देता है कि तमाम भारतीय एक तरफ अध्यात्म की बात करते हैं, पूजा स्थल खूब जाते है,पर वहीं निम्न भौतिक स्वार्थों में आकंठ डूबे है? देश में धर्म और तिकड़म का अद्भुत समन्वय दिखता है। उदाहरण के लिए आइए देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की बात करें।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कभी कपड़ों और दवाओं के उत्पादन में,उनके निर्यात में हम काफी आगे थे,पर कपड़ों में ज्यादातर आर्डर अब बांग्लादेश को मिल रहे हैं। बीच में मैं उज्बेकिस्तान गया था,पता चला हमारे यहां निर्मित दवाओं को खाकर वहां कुछ बच्चे मर गए। भारत की तमाम विख्यात दवा कंपनियों की दवाइयों मानक पर खरी नहीं उतर रही हैं। पिछले दिनों विदेश से आई मेरी बेटी को एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ी,एक अच्छी कंपनी की दवा ली,कोई सुधार नहीं हुआ,फिर केमिस्ट ने कहा कि आप मेरे कहने से वही दवा एक साधारण कंपनी की ले जाइए,बेटी तत्काल उससे ठीक हो गई। मतलब हम दवाओं के उत्पादन में अपनी भौतिक आकांक्षा के कारण लाखों जिंदगियों से खेल रहे हैं। देश के विकास के लिए जरूरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अब नीचे जा रहा है,इनका निर्यात घट रहा है। मतलब साफ है,पहले हम अपना स्वार्थ छोड़े,आर्डर के पूरी सदिच्छा से तैयार कराकर निर्यात करें,क्वालिटी से समझौता न करें वरना हम पिछड़ते ही जाएंगे। हमारे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। हमारी अनैतिक आकांक्षाओं का खामियाजा देश को उठाना पड़ रहा है। एक तो लाल फीताशाही के कारण वैसे ही उत्पादन कीमत काफी ज्यादा हो जाती है, ऊपर से हमारी बेईमान सोच।

जीवन से कटी हमारी शिक्षा

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया।

आजादी के बाद हमारे शासकों ने शिक्षा के स्वरूप को बदलने की दिशा में थोड़ा भी काम नहीं किया। उसी शिक्षा में इन शासकों का भी हित था जिसमें अंग्रेजों का हित था। इसलिए पूरी की पूरी अंग्रेजी शिक्षा आत्मसात कर ली गई और धीरे-धीरे सभी दलों ने अपना गुलाम अंधभक्त तैयार कर लिया।

पढ़े-लिखे लोगों के भीतर चिंतन-शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास होता चला गया। अन्य विषयों को छोड़कर यहां मैं हिंदी साहित्य के अध्यापन पर विचार करूंगा। जिस तरह से विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है,उससे बहुत अधिक नुकसान हुआ है। छात्रों की कल्पनाशीलता,संवेदनशीलता और रचनात्मकता पर कुठाराघात हुआ है। किसी भी विषय की पढ़ाई तभी सही मानी जाएगी,जब उस विषय का उद्देश्य पूरा होता हो। साहित्य का उद्देश्य क्या है? कहा जाता है कि साहित्य हमारे भावों का परिष्कार करता है। हमारे सौंदर्य बोध को निखारता है। हमारी कल्पना-शक्ति को जगाता है। हमें संवेदनशील बनाता है। हमारे भीतर छिपी मनुष्यता को उभारता है,इत्यादि। प्रश्न है कि क्या हमारे अध्ययन-अध्यापन से साहित्य का यह उद्देश्य पूरा हुआ? मेरे देखे तो इसका उल्टा ही हुआ।

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया। प्रेम की जगह घृणा ने ले ली। वीरता के स्थान पर कायरता आ गई। सत्य का स्थान झूठ ने ले लिया। लोग अपने छोटे परिवार और अपने में ही सिमटते चले गए। धन, पद और यश की दौड़ में मनुष्यता भूलते चले गए। इन सबके पीछे हमारी पढ़ाई और परीक्षा की पद्धति है। मैं सीधे-सीधे एक सवाल करना चाहता हूं। क्या हिंदुस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा हिंदी विभाग है,जहां छात्रों की सृजनशीलता पर अंक हो? क्या कोई विद्यार्थी उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक आदि लिखकर एमए पास कर सकता है? उत्तर है नहीं। आपको दूसरों की रचनाएं पढ़नी होंगी। उन्हीं पर विचार रखने होंगे। क्या यह छात्रों की रचनात्मकता को मारने वाली पद्धति नहीं है?

अगर साहित्य का उद्देश्य भावों का परिष्कार है तो यह देखना चाहिए कि जीवन के व्यवहार में हमारे भाव परिष्कृत हुए या नहीं,लेकिन ऐसा नहीं देखकर हम लिखित परीक्षा लेते हैं कि अमुक कविता के भाव स्पष्ट करें या उसकी समीक्षा करें। दूसरों के भावों की हम समीक्षा करते हैं,लेकिन अपने भावों का पता ही नहीं। जीवन प्रतिदिन कोई नया प्रश्न खड़ा करता है,उससे जूझने और उसका समाधान निकालने का कोई प्रशिक्षण हमारी शिक्षा में नहीं है। हम तो घिसे-पिटे पुराने प्रश्नों पर ही विचार करते रहते हैं। जैसे-तुलसीदास की नारी-भावना पर प्रकाश डालें। हमारे घर,समाज और देश में नारी की क्या स्थिति है और उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर कोई विचार नहीं।

कबीर दास की विद्रोह-भावना को अपने शब्दों में लिखें,लेकिन हमारी विद्रोह भावना मरती जा रही है,इसकी चिंता शिक्षा को नहीं है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारिक? विद्यापति चाहे जो हों। सवाल है कि हम क्या हैं? विद्यापति सहज श्रृंगार के अद्वितीय कवि हैं। सवाल तो यह उठना चाहिए था कि करीब आठ सौ वर्ष पहले विद्यापति श्रृंगार को लेकर जितने सहज थे,उतने असहज हम कैसे हो गए? विद्यापति सही थे या हम सही हैं? अगर हम सही हैं तो उसका प्रमाण क्या है? नारियों के साथ छेड़खानी,बलात्कार? मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालें। क्या हमारा जन्म इसीलिए हुआ है कि जिंदगी भर दूसरों की भक्ति पर चर्चा करते रहें और अपने भीतर कैसे भक्ति पैदा हो,इसका ख्याल तक न रह जाए?

'उर्वशी' में दिनकर ने पुरूरवा के द्वंद्व का सफल चित्रण किया है,इसे अपने शब्दों में लिखें। हो सकता है,हमारा द्वंद्व कुछ अलग हो। उससे हम कैसे बाहर निकलें,यह सिखाने वाला कोई नहीं। द्वंद्व में रहना दुख है,उससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है,इससे किसी को मतलब नहीं। इस तरह पूरी की पूरी हमारी शिक्षा ने हमें जीवन से काटकर अपाहिज बना दिया है और हमने दो टकिए की नौकरी पर लाखों के जीवन की बलि चढ़ा दी है। वह सरकारी नौकरी भी मात्र डेढ़-दो प्रतिशत को मिलती है। बाकी अठानवे प्रतिशत किस हाल में हैं,इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं।

सोशल फोरम

करे कोई और भरे कोई

करे कोई और भरे कोई। यह कथन सत्य के कितना निकट है,इसका निर्णय आप पर छोड़ रहा हूं। कल चन्द्रशेखर की दुकान चाय पीने पहुंचा तो उन्होंने एक प्रश्न दाग दिया। उनका स्वाभाविक प्रश्न था कि एक नया साल संवत्सर प्रतिपदा से शुरू हो गया तो एक कल वैशाखी से शुरू हुआ ऐसा क्यों है?

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जब तक मैं युधिष्ठिर प्रवृत्त संवत के बीते वर्ष की चर्चा शुरू कर ही रहा था। बीच में एक विद्वान और शिक्षित सज्जन कूद पड़े और बोले कि यह सब पंडितों का किया हुआ है। शुरुआत की लाइन पर आ जाइए कि करे कोई।

हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर ने,उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने,शालेय धारा के शालिवाहन सम्राट ने, चित्रकूट के शासक विजयाभिनंदन ने,नागार्जुन ने,भृगुकच्छन के राजा बलि ने अपने शासन काल में अलग-अलग पंचांग प्रारंभ करवाए और अलग-अलग दिनों को नया वर्ष का आरंभ मनाया गया। बेचारे पंडित तो निरीह थे आज भी हैं,उनका तो प्रयास यही रहा कि समस्त भारतीय पंचांग का समावेश कर इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाए। यहां तक कि इस्लामिक कलेंडर जो मुहर्रम की पहली तारीख से शुरू होता है को (इस बार आठ जुलाई से हिजरी 1446) भी भारतीय पंचांग में स्थान दिया गया है। ग्रेगेरियन कैलेंडर तो है ही,जो पहली जनवरी से शुरू होता है और आज का समाज इसे नया साल मानकर अरबों लीटर शराब पी जाता है। बेचारे पंडितों ने केवल इन पर्वों को पूजा पाठ और सात्विक मार्ग के अनुसरण की याद दिलाने के प्राथमिकता देने का प्रयास किया है।

मेरे एक मित्र सेना के उच्च पद से रिटायर हैं,मेरे गोल्फ कोर्स के गुरु भी हैं। उनके साथ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्राएं की गई हैं। एक बार चर्चा के दौरान भारत को गुलाम बनवाने में अपने ही लोगों के लोगों की भूमिका पर बात शुरू हो पड़ी। स्वाभाविक था कि जयचंद, मानसिंह जैसे अनेक क्षत्रिय राजाओं के पारस्परिक विद्वेष और अच्छी कन्याओं के वरण के लिए भयानक खून-खराबा से लेकर विदेशी आक्रमणकारी को बुलाने के इतिहास का जिक्र हो गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या इस प्रकार का कोई कृत्य किसी गरीब ब्राह्मण के नाम दर्ज है? वह तो अपने पांडित्य का मुखड़ा लगाकर भिक्षावृत्ति ही करता रहा।

-फेसबुक वॉल से

बंगाली समाज के सकारात्मक पहलू

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भावुकता उनकी कमजोरी नहीं,शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है,लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

स्वामी विवेकानंद वस्तुतः बंगाली जाति के निर्माताओं में एक हैं,उनकी बेहतरीन उक्ति है- 'दरिद्र,पददलित तथा अज्ञ लोग तुम्हारे ईश्वर बनें।' गरीबों के पक्ष में इतनी बड़ी बात पहली कभी इतनी दृढ़ता के साथ कही नहीं गई। बंगाली जाति का आधुनिककाल में सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने धर्म और ईश्वर को मानवीय बनाया। पहले धर्म और ईश्वर वायवीय थे। दरिद्रों से प्रेम करना सिखाया। अभिजन की भाषा और जनभाषा में भेद खत्म करके अभिजन की भाषा को जन-जन की भाषा बनाया। व्यक्तित्व विकास को सामाजिक विकास का मूलाधार बनाया। बंगाली जाति पहली जाति है जिसने हिंदू धर्म को अस्पृश्यता की दलदल से बाहर निकाला।

बंगाली जाति के भाषा प्रेम और संस्कृति बोध का एक रोचक अनुभव बताता हूं। मैं एक बार मिनीबस से कहीं जा रहा था। मिनीबस में काफी भीड़ थी। अचानक देखा दो व्यक्ति आपस में गरमागरम बहस कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं,प्रतिवाद कर रहे हैं। मैंने पता किया माजरा क्या है,पता चला,एक सज्जन ने अपने पास बैठे सज्जन को किसी पर पर "बोका" कहा, वे कुछ न बोले, बाद में इडियट कहा तो वे सज्जन भड़क गए और बोले इडियट केनो बोले छो,उस व्यक्ति ने कहा मैंने पहले "बोका" कहा तब आपको गुस्सा क्यों नहीं आया,उसे तो चुपचाप सहन कर गए अब इडियट कहने पर भड़क क्यों रहे हो? सारी मिनीबस इस उत्तेजना को देखकर हंस रही थी और मजा ले रही थी। मुझे बंगालियों को देखकर मन में ईर्ष्या होती है 'स्व' की इतनी गहरी अनुभूति,मान-अपमान का इतना गंभीरबोध,भाषा के प्रयोग को लेकर सटीकपन। काश,मैं बंगाली होता। बंगाली जाति के दस गुण-बंगाली जाति के कई बेहतरीन गुण हैं जिनके कारण यह जाति मुझे बहुत प्रिय है। पहला गुण है,उत्सवधर्मिता और आनंद भाव। ये लोग उत्सव के दिन उत्सव भाव में रहते हैं। हर परिवार में विशिष्ट खाना बनेगा। आज आप कहीं भी जाइए पहला वैशाख की मीठी-मीठी गंध पाएंगे। नए कपड़े और स्वादिष्ट भोजन। क्या कहने हैं,सारा राज्य छुट्टी के मूड में। बंगाली जाति का दूसरा बड़ा गुण है सामूहिकता। उत्सव का दिन और सामूहिक खान-पान। कई दिन हैं जिनमें यह जाति सामूहिक भोज करती है। जैसे पहला वैशाख पर जगह-जगह विभिन्न कॉलोनी में रहने वाले मिलकर एक साथ खाते पीते हैं,नाचते-गाते हैं। लोकल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। बंगाली जाति का तीसरा गुण है-यह कभी बीच का रास्ता नहीं पकड़ता। जिस राह जाते हैं,उस पर दौड़ ही लगाते हैं,जिस भाव का अवलंबन करते हैं,उसका चरम दृष्टांत ही पेश करते हैं। बंगाली जाति का चौथा गुण है-गंभीर बात को गंभीर भाव से न सुनना। गंभीर बात को हंसकर उड़ा देना। बंगाली जाति का पांचवां गुण है-प्राइवेसी या निजता का सम्मान करना। बंगाली लोग एक-दूसरे की निजता को मानते हैं और सम्मान करते हैं। छठा गुण है वर्जनाओं से मुक्ति। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में पुरानी वर्जनाओं का नामोनिशां नहीं मिलेगा। जाति-धर्म आदि की वर्जनाओं से यह जाति पूरी तरह मुक्त है। इसके कारण शरीर को भी इस जाति ने वर्जनाओं से मुक्त किया है। भारत में संपूर्ण राज्य को वर्जनाओं से मुक्त देखना हो तो बंगाल आएं और कुछ दिन गुजारें।

बंगाली जाति का सातवां गुण है मुक्त हृदय। वे मुक्तभाव से एप्रिसिएट करते हैं। वे एप्रिसिएशन कला में पारंगत हैं। मिलें और सुख लें। बंगाली जाति का आठवां गुण है कि उन्होंने गरीबी को देश का प्रधान एजेंडा बनाया। गरीबी को अपराध, नैतिकता,भाग्य,पूर्वजन्म आदि से मुक्त किया। बंगाली जाति का नौवां गुण है मित्रभाव। परिचय होते ही बातें करेंगे,मित्र हो जाएंगे। बातचीत होते ही मित्रता मान लेंगे। फिर दूसरे ही क्षण घर आने के लिए कहेंगे और फिर दिल खोलकर अपने हृदय की सारी बातें रख देंगे। बंगाली जाति का दसवां गुण है भावुकता। भावुकता उनकी कमजोरी नहीं,शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है,लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

देश को एक सूत्र में पिरोती रेल



रेल दिवस

विश्व इतिहास का सतत सर्वेक्षण बताता है कि रेल के आगमन ने इसके हर आयाम चाहे वह सामाजिक हो अथवा आर्थिक अथवा सांस्कृतिक सबको प्रभावित किया। भारत के संदर्भ में तो रेल राष्ट्र का आधार है जैसा कि पर्सिवल स्पीयर लिखते हैं कि "रेल भारत में वो कार्य करेगी,जो अकबर की उदारता और टीपू की तलवार न कर सकी। यह भारत को एक सूत्र में पिरो देगी"। यह कथन अक्षरशः सत्य भी हुआ। इसने विभिन्न प्रांतों,बोलियों के लोगों को एक सूत्र में पिरो दिया। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे स्टेशन के मध्य चली,तब इसे इक्कीस तोपों की सलामी तथा हजारों लोगों की करतल ध्वनि के मध्य चलाया गया। इसे खींचने वाले इंजन सुल्तान,सिंध तथा साहिब थे। रुहेलखंड रीजन में रेल के विस्तार की बात करें तो यह अनेक कंपनियों द्वारा पूरा किया गया। क्षेत्र की मुख्य लाइन जो बनारस-लखनऊ से गाजियाबाद तथा आगे दिल्ली तक जाती थी। अवध रुहेलखंड रेल द्वारा बिछाई गई। तब यह बरेली नहीं आती थी। इसका मार्ग चंदौसी होकर था। वर्ष 1888 में इसका एक एक्सटेंशन बरेली तक खोला गया तथा चंदौसी लाइन, तब चंदौसी कार्ड के रूप में जानी गई। बाद में बरेली से होकर निकलने वाली लाइन कम दूरी के कारण मुख्य लाइन हो गई। बरेली से रामपुर होते हुए मुरादाबाद लाइन वर्ष 1894 को खुली तथा वर्ष 1898 में दिल्ली इस लाइन से सीधा जुड़ गया। रेल का दूसरा विस्तार कुमायूं रुहेलखंड रेल का था। यह कंपनी 1882 में शुरू हुई। सर अलेक्जेंडर आईजेड इसके मुख्य अभियंता थे जिनकी महारथ रेल के पुल बनाने में थी। यह रेल की मीटर गेज प्रणाली थी तथा इसके अधीन रेल विस्तार 957 मील था। प्रमुख लाइंस में भोजीपुरा-काठगोदाम, लालकुआं-काशीपुर, शाहजहांपुर-पीलीभीत, पीलीभीत-सीतापुर क्रमशः 1906,1907,1916,1906 एवं 1916 को खुल गई। बरेली से पीलीभीत होते हुए गोला स्टेट रेल का विस्तार नेपाल की सीमा के साथ-साथ बिहार तथा आगे बंगाल तक किया गया। इसकी एक शाखा अप्रैल 1895 में दुधवा तक खोली गई। रेल ने पूरे रुहेलखंड रीजन में व्यापक प्रभाव छोड़े। इसके आने से पहले जहां मात्र नदियां ही आवागमन का साधन थीं,रेल ने क्षेत्र के व्यवसाय और संस्कृति को उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। जनपद शाहजहांपुर में भी रेल का विस्तार अत्यंत लाभकारी रहा जिसके कारण केरू जैसी विख्यात कंपनियां यहां लगीं जिसमें बनी रम,क्रिस्टल चीनी का निर्यात ब्रिटेन तक किया जाता था। आजकल जहां रेल के आमान (गेज) परिवर्तन का कार्य जारी है तथा परंपरागत सिग्नल्स तथा स्टेशन की घंटियों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। अनेक विदेशी यात्रियों जिनमें इयान मैनिंग प्रमुख है कि यात्रा वृत्तांत बीते दिनों की याद दिलवाते हैं।

डॉ.विकास खुराना
शाहजहांपुर

एक नजर

मंदिरों में हुई माता के कालरात्रि स्वरूप की पूजा

अल्मोड़ा : चैत्र नवरात्र के मौके पर जिले भर में माहौल भक्तिमय बना हुआ है। सोमवार को चैत्र नवरात्र के सातवें दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की कालरात्रि स्वरूप में पूजा की। सोमवार को सुबह से ही नगर के नंदादेवी, उल्का देवी मंदिर, देवी मंदिर खत्याड़ी, वन देवी मंदिर समेत बानरदेवी, स्याहीदेवी, कसारदेवी, मानिला देवी में नित्य पूजा के साथ ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की खासी भीड़ लगी रही। पूजा अर्चना का सिलसिला दिन भर चलता रहा। वहीं श्रद्धालुओं ने इस दौरान घरों में भजन कीर्तनों का आयोजन भी किया।

आग से बचाव को कर रहे जागरूक

टनकपुर : अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत स्थानीय लोगों, स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम व बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अग्निशमन टीम टनकपुर ने विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व लोहाघाट में मल्लिकार्जुन पब्लिक स्कूल लोहाघाट के छात्र-छात्राओं को मॉक ड्रिल से अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं उसके बचाव के उपायों की जानकारी दी।

ऑनलाइन पूजा के नाम पर ठगी की कोशिश

जागेश्वर धाम में ऑनलाइन पूजा कराने के नाम पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं को गुमराह कर रहे साइबर ठग

▸▸ साजिश की भनक लगने पर मंदिर प्रबंधन सकते में, पुलिस ने जांच शुरू की

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में ऑनलाइन पूजा कराने के नाम पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं से ठगी करने वाला एक गिरोह इन दिनों सोशल मीडिया पर सक्रिय है।

इस गिरोह ने श्रद्धालुओं से ठगी करने के लिए बकायदा एक वेबसाइड और फेसबुक पेज तैयार किया है। जिसमें जागेश्वर धाम समेत देश-विदेश के नामी मंदिरों के बारे में तमाम जानकारियां अपलोड की गई हैं ताकि श्रद्धालु आसानी से उनके झांसे में आ जाएं और वह उनसे आसानी से ठगी कर सकें। मामला तब संदेह के घेरे में आया जब इस वेबसाइड पर जागेश्वर धाम का नाम भी देखा गया। जबकि जागेश्वर धाम मंदिर प्रबंधन समिति वह अनुष्ठान कराती ही नहीं है

वेबसाइड का स्क्रीन शॉट।

जिनकी जानकारी वेबसाइड के माध्यम से श्रद्धालुओं को दी जा रही है। वेबसाइड में साइबर गिरोह ने जागेश्वर धाम मंदिर में व्यापार वृद्धि महाकुबेर यज्ञ और श्री लक्ष्मी कुबेर महायज्ञ और रूद्राभिषेक पूजा कराने के दो ऑप्शन दिए हैं। जिनके लिए गिरोह के सदस्यों ने एक व्यक्ति से पूजा के लिए 901, पार्टनर के साथ पूजा के लिए 1101, पूरे परिवार के साथ पूजा के लिए 1501 और वीआईपी पूजा के लिए


जागेश्वर धाम मंदिर। ● अमृत विचार

प्रोफेशनल तरीके से क्रिएट की गई है वेबसाइड

साइबर ठगों ने श्रद्धालुओं को ठगी का शिकार बनाने के लिए प्रोफेशनल तरीके से वेबसाइड और फेसबुक पेज क्रिएट किया है। श्रद्धालुओं को प्रभावित करने के लिए वेबसाइड में संबंधित मंदिरों के फोटो, उनका पौराणिक इतिहास, पूजा की महत्ता व लाभ जैसे तमाम बिंदुओं को भी एड किया गया है।

13000 हजार रुपये की धनराशि निर्धारित की है। यहां मजे की बात यह है कि जागेश्वर धाम में व्यापार वृद्धि महाकुबेर यज्ञ नाम से कोई अनुष्ठान होता ही नहीं है। इस मामले के संज्ञान में आने के बाद मंदिर प्रबंधन जहां सकते में है। वहीं मंदिर समिति ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समित के उपाध्यक्ष नवीन भट्ट ने इस मामले की शिकायत एसएसपी देवेंद्र पींचा से की है। जिसके बाद अब अल्मोड़ा पुलिस इस साइबर गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए जांच में जुट गई है।

इन मंदिरों में पूजा के दिए जा रहे ऑफर

ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर उज्जैन, मां विंध्यवासिनी शक्ति पीठ यूपी, अयोध्या धाम यूपी, माता कामाख्या शक्तिपीठ गुवाहाटी, जागेश्वर कुबेर मंदिर उत्तराखंड, धोपाप मंदिर सुल्तानपुर अयोध्या, शनि शिंगणापुर देवस्थानम महाराष्ट्र, राहु मंदिर पैठाणी उत्तराखंड, विक्रांत भैरव मंदिर उज्जैन, पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल, सोमेश्वर नाथ मंदिर प्रयागराज, धर्मारण्य तीर्थ गया बिहार, हनुमानगढ़ी मंदिर अयोध्या, नवग्रह मंदिर वाराणसी, विशालेश्वर मंदिर लखनऊ, वैष्णो देवी मंदिर कटरा जम्मू समेत अन्य मंदिर।

> जागेश्वर धाम में ऑनलाइन पूजा के नाम पर ठगी की शिकायत मिली है। संबंधित वेबसाइड और फेसबुक पेज की जांच कर साइबर अपराधियों की जानकारी जुटाने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। शीघ्र ही साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा।
>
> **-देवेंद्र पींचा, एसएसपी, अल्मोड़ा**

डीएम, एसएसपी ने लिया चुनाव तैयारी का जायजा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनावों में मद्देनजर पिथौरागढ़ जिले की जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी और एसएसपी रेखा यादव ने सोमवार को एसएलएम डिग्री कालेज पिथौरागढ़ में निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने संबंधित नोडल अधिकारियों को चुनाव की सभी तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएलएम डिग्री कालेज पिथौरागढ़ में जनपद की चार विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम, चुनाव के दौरान प्रयुक्त होने वाली सामग्री वितरण, मतदान पार्टी की रवानगी से लेकर बैरिकेडिंग, फर्नीचर व्यवस्था, खानपान, शौचालय, पानी, सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरों, पार्किंग व्यवस्था, साउंड व्यवस्था, चुनाव में प्रयुक्त होने वाले वाहनों पर जीपीएस लगाने एवं अन्य कार्यों का व जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा आगामी 19 अप्रैल को जनपद में शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए 16, 17 एवं 18 अप्रैल 2024 से मतदान पार्टियों की रवानगी एसएलएम डिग्री कालेज पिथौरागढ से प्रारंभ होगी।

इस दौरान जनपद की चारों विधानसभाओं की मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु मतदान पार्टियों को निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाली लेखन सामग्री, ईबीएम, वीवीपैट आदि का वितरण किया जाना है। इसके लिए संबंधित नोडल अधिकारी पूर्ण प्लानिंग के साथ कार्यों को करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो मतदान कार्मिक रिजर्व में रखे गए हैं। उनके लिए भी बैठने का स्थान सुरक्षित किया जाए। ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रभाव से संबंधित कार्मिक को तैनात किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल में मौसम को देखते हुए वाटरप्रूफ टेंट की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

हवालबाग क्षेत्र में तेंदुए का आतंक

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिले के हवालबाग ब्लॉक के ज्योली, कोसी, उडियारी, घनेली, रैलाकोट सहित आसपास के गांवों में तेंदुए के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। तेंदुआ दिनदहाड़े आबादी वाले इलाकों में विचरण कर रहा है और लोगों के मवेशियों को शिकार बना रहा है। कोसी के सामाजिक कार्यकर्ता राम सिंह ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तेंदुआ पिछले एक सप्ताह में डेढ़ दर्जन से अधिक मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है।

कई ग्रामीणों ने तेंदुए को दिनदहाड़े अपने घरों के आसपास घूमते देखा है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। रेंजर मोहन राम ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है।

दादी के अंतिम संस्कार में गए पोते की डूबने से मौत

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

अमृत विचार: दादी के अंतिम संस्कार में गए पोते की रामेश्वर घाट में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। मौत के बाद रेगूडू क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

सोमवार को लोहाघाट क्षेत्र के रेगूडू खकोड़ा के राइसीन तोक निवासी नरेन्द्र राम की माता देवकी देवी का सोमवार को निधन हो गया था। परिजनों के साथ मृतका का पोता संदीप कुमार (18) पुत्र नरेन्द्र राम भी दादी के अंतिम संस्कार में रामेश्वर घाट गया था।

नहाते वक्त संदीप पानी की लहरों के बीच डूब गया। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। अन्य लोगों की सहायता से संदीप को किसी तरह नदी से बाहर निकाला गया। साथ ही सूचना पर बाराकोट चौकी प्रभारी अरविंद कुमार, प्रकाश सिंह और मनोज मौके पर पहुंच गए। चौकी प्रभारी ने बताया कि संदीप को उपचार के लिए उप जिला अस्पताल लोहाघाट लाया गया।

जहां डॉ. बीना मेलकानी ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं लोगों ने प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश जताते हुए कहा कि इतने बड़े घाट पर सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए गए हैं।

दुखद

▸▸ रामेश्वर घाट पर नहाते समय हुआ हादसा, लोगों ने निकाला

▸▸ युवक को ले गए अस्पताल डॉक्टर ने मृत घोषित किया

कार खाई में गिरने से महिला की मौत, तीन घायल

▸▸ कोटगाड़ी देवी मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे चारों श्रद्धालु घायल अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कोटगाड़ी देवी मंदिर के दर्शन कर लौट रहे नैनीताल जिले के श्रद्धालुओं की एक कार सोमवार शाम धौलछीना-सेराघाट मंदिर के पास करीब दो सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन अन्य लोगों को रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलछीना में भर्ती कराया गया है।

बीते 13 अप्रैल को दीपा पंत (52) पत्नी प्रमोद चंद्र पंत, प्रमोद चंद्र पंत (55) पुत्र गंगा दत्त पंत निवासी जवाहर नगर पंतनगर, सुषमा देवी (50) पत्नी गजेंद्र सिंह पंत निवासी डांट, भीमताल और रेखा उप्रेती (65) पत्नी सुबोध चंद्र उप्रेती

धौलछीना के पास हुए कार हादसे के बाद घायलों का रेस्क्यू करती पुलिस और स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

निवासी तल्लीताल नैनीताल अल्टो कार संख्या यूके-04-जी-0641 से गंगोलीहाट स्थित अपने पैतृक गांव उपराड़ी गए थे। जहां चारों ने गांव में पूजा कार्यक्रम में भाग लिया। 14 अप्रैल को चारों ने कोटगाड़ी देवी के मंदिर दर्शन किए। पूजा और मंदिर दर्शन के बाद सोमवार को चारों अपनी कार से वापस लौट रहे थे। शाम करीब चार बजे धौलछीना सेराघाट मार्ग पर कसाण बैंड और रेख की धार के बीच सुनखाली गधेरे के पास कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद वहां से बाइक से गुजर रहे पशुपालन विभाग के एक कर्मचारी ने झाड़ियों से किसी के चीखने की आवाज सुनी। कर्मचारी ने उतरकर देखा तो खाई की तरफ झाड़ी में एक महिला घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। आनन फानन में हादसे की खबर आसपास के लोगों और पुलिस को दी गई। जिसके बाद थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने खाई से तीन अन्य लोगों को बाहर निकाला और उन्हें स्थानीय वाहनों और एंबुलेंस के जरिए सीएचसी धौलछीना ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तल्लीताल नैनीताल निवासी रेखा उप्रेती को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य तीन घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि कार हादसे में घायल और मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि कार प्रमोद चंद्र पंत चला रहे थे। वह एसएसबी में सेवारत हैं और इन दिनों बिहार में कार्यरत हैं। कुछ दिनों पहले ही वह छुट्टी लेकर घर आए थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

छात्रों ने लोकगीत से मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिलियानौला के छात्रों ने बाजार क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

रैली में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत द्वारा रचित गीत सुन ओ आमा बूबू, वोट डाली उला गाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। रैली विद्यालय से पूरे बाजार क्षेत्र में निकाली गई। इससे पूर्व विद्यालय में वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

रैली में प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह चिलवाल, शिक्षक मनमोहन देव, दीपा आर्य, मनोज कुमार, शंभू गिरी गोस्वामी, नरेंद्र त्रिपाठी, संदीप गोरखा, राजेंद्र राणा, बहादुर सिंह बिष्ट सहित छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

रानीखेत में मतदान जागरूकता निकालते छात्र। ● अमृत विचार

बनबसा में छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

बनबसा : राजकीय महाविद्यालय और बीएड के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। सोमवार को प्राचार्या डॉ. आभा शर्मा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली चूना भट्टा स्टेडियम से होते हुए नई बस्ती अम्बेडकर नगर, नगर क्षेत्र से होकर महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने 'मूल तत्व मतदान है, लोक तन्त्र की शान है', आओ मिलकर अलख जगाएं, शत- प्रतिशत मतदान कराएं आदि नारों से मतदाताओं को जागरूक किया गया। उधर देवभूमि कालेज ऑफ एजुकेशन बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 'मतदान जागरूकता अभियान' के तहत रैली निकाली। रैली में प्राचार्या डॉ. दिशा थपलियाल, प्रवक्ता सुरेश जोशी, अजय कुमार, हरिओम, मनीष कुमार, सावित्री करायत, अंकिता भट्ट आदि रहे।

महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को दिलाई मतदाता शपथ

अल्मोड़ा : लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सोमवार को वार्ड नंदादेवी के महिला एकता स्वयं सहायता समूह धारानौला के सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों में मतदान के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया और अन्य लोगों को भी मतदान की शपथ दिलाई। स्वीप के कार्मिकों ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी को हिस्सा लेना है। इसलिए हम सभी को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ ही अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना है।

देहरादून

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान को लेकर अफसरों को दिए निर्देश

▸▸ सभी जिला जिलाधिकारियों जिला निर्वाचन अधिकारियों व एसएसपी व एसपी के साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों/जिला निर्वाचन अधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मतदान को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से लेकर, पोलिंग और ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करने तक के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी जानकारियां साझा कीं।

सचिवालय स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दूरस्थ पोलिंग बूथ के लिए जिन पोलिंग पार्टियों को दो या तीन दिन पहले रवाना होना है उन्हें यह बात भी खास ध्यान देनी है कि वह जहां रात को विश्राम करेंगे वहीं ईवीएम को भी रखना है। इसकी जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी देना जरूरी होगा। पोलिंग पार्टियां यह भी ध्यान रखें कि वह किसी राजनीतिक दल के या निजी व्यक्तियों के आवास पर किसी भी हालत में न रुकें। ईवीएम को निर्धारित मानकों वाले वाहनों में ही ले जाया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मॉक पोल और वीवीपैट के बारे में भी जिला निर्वाचन अधिकारियों को जरूरी जानकारी दी। ईवीएम खराब होने की स्थिति में क्या कदम उठाए जाने हैं इस बारे में भी दिशा- निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मॉक पोल का विवरण भी ठीक से दर्ज कर लिया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चैलेंज वोट, टेस्ट वोट, टेंडर वोट आदि के बारे में भी जानकारी दी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि शाम 5 बजे के बाद कोई भी व्यक्ति मतदेय स्थल के गेट के अंदर नहीं आ पाए। साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखने की जरूरत है कि शाम 5 बजे तक गेट के अंदर आए मतदाता को मतदाता पर्ची जरूर दे दी जाए। यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि शाम 5 बजे तक जो मतदाता मतदेय स्थल के गेट के भीतर आ चुके हैं उनका मतदान हर हालत में कराया जाए।

सड़कों से गायब हुए वाहन, यात्रियों की बढ़ गई परेशानी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि नजदीक आते आते अब सड़कों से वाहन भी गायब होने लगे हैं। दरअसल पर्वतीय क्षेत्रों में रोडवेज के अलावा, केमू बस कंपनी के अलावा निजी टैक्सियां ही आवाजाही के प्रमुख साधन हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश का चुनाव के लिए प्रशासन द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया है। मंगलवार को लोकसभा के चारों जिलों से पोलिंग पार्टियों के रवाना होने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इसलिए वाहन संबंधित डयूटी स्थलों की ओर चले गए हैं। ऐसे में अब लंबे रूट ही नहीं बल्कि छोटे छोटे मार्गों पर भी वाहनों की किल्लत हो गई है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोग कई किलोमीटर पैदल चलकर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं।

पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ अल्मोड़ा कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। रविवार को कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा और एसओजी प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला के नेतृत्व में टीम लोधिया रोड पर गश्त पर थी।

इस दौरान विवेकानंद स्मारक विश्रामगृह के पास टीम को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। टीम ने चेकिंग की तो उसके पास से 7.85 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जलस धामी पुत्र चंदन सिंह धामी निवासी सरकार की आली, खोल्टा अल्मोड़ा बताया। युवक ने बताया कि वह छोटी पुड़िया बनाकर स्मैक को महंगे दामों पर बेचता है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल देऊपा ने बताया कि पकड़ी गई स्मैक की कीमत करीब दो लाख पैंतीस हजार रुपये है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक दिनेश परिहार आदि मौजूद रहे।

पोस्टल बैलेट से अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया मतदान

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत जनपद में तैनात अधिकारी, कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत दूसरे दिन सोमवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाई।

जनपद चम्पावत में सोमवार को कुल 111 अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा मतदान किया। जिसमें विधानसभा चम्पावत में 91 तथा लोहाघाट में 20 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अब तक दो दिनों में जनपद में तैनात 154

चम्पावत में पोस्टल बैलट के माध्यम से कर्मचारियों ने किया मतदान। ● अमृत विचार

अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। शेष छूटे मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग 16 अप्रैल को संबंधित उप जिलाधिकारी कार्यालय में करेंगे। इसके बाद भी जो मतदाता अपने मताधिकार से किसी कारण वश वंचित रह जाते है तो वे अपने मताधिकार का प्रयोग 17 एवं 18 अप्रैल को जनपद के स्थानीय गोरलचौड़ मैदान में बने पोस्टल बैलेट केंद्र में करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता बनाई रखी एवं वीडियोग्राफी कराई गई। जनपद की दोनों विधानसभा 54- लोहाघाट एवं 55- चम्पावत में एक-एक फेसिलिटेशन सेन्टर में एक-एक फेसिलिटेशन सेन्टर (पोस्टल वोटिंग केंद्र, सुविधा केंद्र) बनाए गए हैं।

आज रवाना होंगी 12 पोलिंग पार्टियां

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ उत्तरकाशी में 11 और पिथौरागढ़ जिले में एक बूथ है अति दुर्गम

अमृत विचार : अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में 11729 पोलिंग बूथों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।

मतदान प्रातः 7 से सायं 5 बजे तक होगा। मतदान के दृष्टिगत राज्य के सभी 13 जिलों में 293 फ्लाइंग स्क्वायड और 252 स्टेटिक्स सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं। मतदान दिवस से 72 घंटे पहले इन सभी टीमों द्वारा और अधिक गहनता से चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। मतदान से 72 घंटे पहले का समय मंगलवार से शुरू हो जाएगा। इसके दृष्टिगत अन्तर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर सीलिंग को अंजाम दिया जाएगा। अन्तर्राज्यीय बॉर्डर पर भी चेकिंग अभियान सघनता से चलाया जायेगा। सभी चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। 17 अप्रैल सायं 5 बजे से 19 अप्रैल सायं 6 बजे तक राज्य में ड्राई डे रहेगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों के रेंडमाइजेशन की कार्यवाही अभी गतिमान है।

मतदान दिवस से तीन दिन पूर्व प्रस्थान करने वाली राज्य में 12 पोलिंग पार्टियां हैं। जिसमें 11 उत्तरकाशी और एक पिथौरागढ़ जिले में हैं। मंगलवार को इन सभी 12 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। इन पोलिंग पार्टियों को मंगलवार सुबह से सामग्री उपलब्ध कराने की कार्यवाही शुरू हो जायेगी।

धर्म दर्शन



मर्यादा और अनुकरणीय गुणों के स्वामी श्रीराम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस में बसते हैं। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां श्रीराम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं, जो राम भक्ति से अछूता हो। यहां पिछले सहस्त्र वर्षों से आज तक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। राम शक्ति की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी शक्ति से दूसरे के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करते। इसीलिए राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। श्रीराम सत्य में धर्म की मूर्ति के समान हैं।

'सत्ये धर्म इवा पर' भगवान श्रीराम को वाल्मीकि ने धर्म का मूर्त रूप कहा है- रामो विग्रहवान् धर्मः। धर्म तो निराकार है, किंतु यदि उसकी मूर्ति की कल्पना की जाए तो श्रीराम के समान वह मूर्ति होगी। इसी बात को यहां कहा गया है। वे सभी शास्त्रों के तत्व को जानने वाले। सर्वशास्त्रार्थ तत्वज्ञ वे श्रीराम सभी उत्कृष्ट गुणों से संपन्न हैं। स च सर्वगुणोपेत वैशेषिक दर्शन में 24 गुण माने गए हैं। सभी का समावेश श्रीराम में है। भगवान श्रीराम का धैर्य हिमालय के समान है, जिस प्रकार हिमालय कभी अपने स्थान से हिलता-डुलता नहीं है, उसी प्रकार भगवान श्रीराम कभी विचलित नहीं होते हैं। भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मर्यादा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बालि का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो। भगवान श्रीराम संपूर्ण संसार को अपने वश में करने वाले हैं। भगवान राम का व्यक्तित्व भी अनुपम था। महर्षि वाल्मीकि ने उनके व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए लिखा है, 'उनका चेहरा चंद्रमा के समान सौम्य, कांतिवाला, कोमल और सुंदर था। उनकी आंखें बड़ी और कमल के समान थीं। उनकी नाक उन्नत और चेहरे के अनुरूप सुडौल थी। उनके होंठों का रंग उगते हुए सूर्य की तरह रक्ताभ था। वह विद्वान, बुद्धिमान और अच्छे वक्ता थे। संपूर्ण विद्याओं में पारंगत और वेदों के ज्ञाता थे। शस्त्र विद्या में वे अपने पिता से भी आगे थे, उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। कोई कितना भी प्रयास कर ले, उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था।' ये राम के आदर्श गुण ही हैं, जो सदियों से हमारी संस्कृति के नायक हैं। भगवान श्रीराम की प्रतिज्ञा सत्य होती है। उनकी प्रतिज्ञा है कि "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम।।" अर्थात् जो कोई एक बार भी मेरी शरण में आ जाता है और याचना करता है कि मैं आपका हूं तो उसे मैं सभी प्राणियों के भय से मुक्ति दिलाता हूं। भगवान की यह प्रतिज्ञा सत्य है, इसलिए उन्हें सत्यसंधः कहा गया है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

शीलगुण निधान मर्यादा पुरुषोत्तम

चक्रवर्ती राजा दशरथ के महल (अयोध्या) में धरती का समस्त वैभव विद्यमान था। फिर भी वे मन ही मन निस्संतान होने के दुख में डूबे रहते थे। दंपति की सारी संपदा ढेले के समान है। यदि घर में बच्चों की किलकारी की मिसरी घुली गूंज न हो। थोड़ी कल्पना कीजिए, राजा दशरथ और तीनों माताओं को महल का वह ऐश्वर्य, सुख-भोग-विलास उनके मन से कितना उत्साहित कर पाता होगा।

मर्यादा मानवोत्तम श्रीराम ने पुत्ररूप में जन्म (अवतरण) लेकर इसी इक्ष्वाकु वंशी अयोध्या नरेश दथरथ के राजमहल के सूनेपन को किलकारियों से भर दिया। इस निमित्त के अनेक गूढ़ार्थ को ज्ञानीजन भलीभांति समझते हैं। चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ फलीभूत हुआ किया, किंतु श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर कौशल्या का अचरज से भर जाना स्वाभाविक था। हे प्रभु! वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता इसी में है कि आप मेरे गर्भ से जन्म लीजिए। मैं प्रसव पीड़ा के सुख के लिए वर्षों से तरस रही हूं। माता कौशल्या की मनौती पूरी हुई। नवजात शिशु रूप में रामलला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्त बेला में श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्मते ही कौशल्या के अलावा कैकेयी और सुमित्रा की सूनी गोद भी भर गई। चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है। यही दिवस प्रभु राम के जन्म का भी है। तीनों लोक सहित अयोध्या, इस जन्मोत्सव पर इस भांति आनंदमग्न हो गई जैसे वहां के प्रत्येक घर में राम पैदा हुए हों। राजा दशरथ ने आदेश दिया कि प्रत्येक पुरवासी के घर को महल जैसा सजा दिया जाए। पथ फूलों से पाट दिए जाए। राजा और रानियों ने तो नेकचार के रूप में हीरे-जवाहरात, माणिक, मोती बांटे। महल में मैय्या कौशल्या सहित दो अन्य माताएं क्रमश: कैकेई से धर्मधुरीण-भरत और सुमित्रा से साक्षात शेषनाग अवतार लक्ष्मण और शत्रुओं का दमन करने वाले सबसे छोटे और सबके दुलारे भैया शत्रुघ्न ने जन्म लिया था। श्रीराम सहित अनुजों के बालपन की अगणित बालसुलभ चेष्टाओं से दशरथ महल का कोना-कोना पुलकित हो गया।

गुरु वशिष्ठ से दीक्षित श्रीराम कालांतर में आज्ञाकारी, शांत स्वभाव, आजानुबाहु, विशाल वक्ष और धीरोदात्त नायक के समस्त गुणों से संपन्न चर्चा में तब आए, जब यज्ञ-रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर (विवाह) में जनकपुर पहुंचे और शिव-पिनाक भंग कर सियावर रामचंद्र कहलाए। वे आजीवन पिता, पुत्र, पति, भाई, सखा व प्रजा सहित समस्त प्राणी मात्र के प्रति समदर्शी, समर्पित व उदारमना महापुरुष के रूप में जाने जाते रहे। जीवन को साक्षी भाव से तटस्थ मुद्रा में देखते हुए कर्तापन और उपलब्धि का श्रेय लेने की दौड़ से वे हमेशा दूर रहे। राम द्वारा शिव धनुष पिनाक के भंग हुआ, तब परशुराम के क्रोध से विचलित हुए बिना हाथ जोड़कर अपना परिचय देते हुए कहा मेरा दो अक्षर का नाम राम है और आप परशुराम। मुझे अपना सेवक मानकर आज्ञा दीजिए।

कैकेई के दो वरदान जिनमें स्वयं के लिए वनगमन का समाचार सुन श्रीराम मुस्काते हुए तैयार हो गए तथा सबसे पहले आशीर्वाद लेने माता कैकेई के ही पास पहुंचे। अपनी इन्हीं अगणित विशिष्टताओं के फलस्वरूप ही तो वे शीलगुण निधान मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाते हैं।

यह रामनवमी (17 अप्रैल) कई दृष्टि से विशिष्ट हैं। आज पांच सौ वर्षों के अंतराल पर अयोध्या राजा विक्रमादित्य की अयोध्या नगरी के समान दिव्य-भव्य और नव्यता को प्राप्त हो गई है। राम मंदिर में बालरूप में श्रीराम (रामलला) विराज रहे हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए प्रतिदिन देशभर से श्रद्धालु श्रीधाम अयोध्या पहुंच रहे हैं। अपने खोए हुए वैभव को पुन: प्राप्त कर आज अयोध्या नगरी की वीथियां मोगरा सदृश्य फूलों से पटी पड़ी हैं। रामजन्म पर गाए जाने वाले सुमंगल गीत सोहर की अनुगूंज चारो दिशाओं में विद्यमान हैं।

संतोष कुमार तिवारी
शिक्षक, नैनीताल

ब्रह्म का महत्व

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये। तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त।। 'ह' शब्द यहां इतिहास अर्थात् ऐसा कहा जाता है के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। कहते हैं कि ब्रह्म ने देवताओं के लिए देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की। ब्रह्म की इस विजय में देवता गण अपनी विजय मानकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करने लगे। देवासुर संग्राम में परब्रह्म पुरुषोत्तम ने देवों पर कृपा करके उन्हें शक्ति प्रदान की थी जिससे देवताओं ने असुरों पर विजय पाई थी। इस विजय में देवता तो निमित्तमात्र थे, परंतु इस ओर देवताओं का ध्यान नहीं गया और वे अभिमान वश यह मानने लगे कि हमने ही अपने बल व पौरुष से असुरों को पराजित किया है।

तद्धैषां विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्वभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति।। कहते हैं कि वह ब्रह्म देवताओं के इस अभिप्राय को जान गया और उनके सामने यक्ष के रूप में प्रकट हुआ। देवता लोग यह न जान सके कि यह भव्य मूर्ति कौन है? समस्त जीवों के मन एवं इंद्रियों के प्रेरक अंतर्यामी परमब्रह्म ने देवताओं के मिथ्याभिमान को जान लिया। उन्हें आशंका हुई कि कहीं असुरों के समान देवगण भी अपने मिथ्याभिमान के कारण पतन को न प्राप्त हो जाएं। अतः देवताओं पर कृपा करके उनका मिथ्याभिमान दूर करने के लिए अपनी योगमाया से अत्यंत अद्भुत रूप धारण करके वह परब्रह्म उन्हीं देवताओं के समक्ष यक्ष के रूप में प्रकट हुए। देवता यह नहीं जान सके कि यक्ष रूप में प्रकट यह महापुरुष कौन हैं। अग्नि, वायु, इन्द्र आदि देवता चकित हो उसे देखते रहे। जातवेदा अग्निदेव को सबसे अधिक बुद्धिमान जानकर देवताओं ने उन्हें यक्ष के पास भेजा। यक्ष ने अग्निदेव से पूछा, आप कौन हैं? आपकी विशेषता क्या है? अग्निदेव ने कहा कि वे जातवेदा हैं, किसी भी वस्तु को जला सकते हैं। तब यक्ष ने उनके सामने एक तिनका रख दिया और कहा कि इसे जलाओ। अग्निदेव अपनी पूरी ताकत लगाकर उस तिनके को जला न सके और लज्जित होकर वापस चले आए। तत्पश्चात वायुदेव उस यक्ष के पास गए। उनका परिचय पाकर यक्ष ने उसी तिनके को उनके सामने रख दिया और उसे उड़ाने को कहा, लेकिन अपनी पूरी शक्ति लगाने के बावजूद वायुदेव उस तिनके को हिला तक नहीं सके।

इसके बाद जब इन्द्र स्वयं उस यक्ष के पास गए तो इन्द्र को लज्जाजनक स्थिति से बचाने के लिए वह यक्ष वहीं अदृश्य हो गया। इन्द्र उस यक्ष के बारे में काफी देर तक सोचते रहे। इस बीच वहां एक देवी प्रकट हुईं। उन्होंने अपना परिचय उमा के रूप में दिया और बताया कि सर्वशक्तिमान ब्रह्म ही देवताओं का मिथ्याभिमान दूर करने के लिए यक्ष के रूप में प्रकट हुआ था। इतना कहकर वह देवी वहीं अंतर्ध्यान हो गईं। ब्रह्म का परिचय उसकी शक्ति है। शक्ति के बिना शक्तिमान कैसा? इकारांत 'इ' के बिना शिव शव हो जाता है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं मां ललिता

त्रिपुरसुंदरी मां ललिता जिसमें सृष्टि का सारा सौंदर्य समाहित है उनकी उपासना में श्रीचक्र की आराधना का विधान है। श्रीचक्र एक ऐसा विज्ञान है, जो बिंदु, त्रिकोण, वलय रेखा और दल के माध्यम से संपूर्ण ब्रह्मांड की सृष्टि, स्थिति और लय के साथ विग्रह और अनुग्रह की विवेचना प्रस्तुत करता है। मानव शरीर एक श्रीचक्र है, जो ब्रह्मांड में है, वही पिंड में है। श्रीचक्र के नौ आवरण मानव शारीर के नवद्वार हैं। मां भक्ति से पूर्ण साधक की गुरु की भांति संरक्षण भी करती है और जीवन को संतापों से मुक्त भी करती है।

मां ललिता की उपासना प्रेम, आनंद एवं सौंदर्य के नैसर्गिक भावों से परिपूर्ण रहती है। आसुरी तत्वों का विनाश मां क्रोध और ज्ञान द्वारा नहीं करती, बल्कि भक्ति की आह्लादिनी शक्ति द्वारा मधुर भाव से परिपूर्ण शुद्ध सात्विक रूप से आसुरी शक्ति को निष्क्रिय कर पराजित करती है। शक्ति संगम तंत्र में उल्लेख है कि "कदाचिदाद्या ललिता पुरुषा कृष्ण विग्रहा" अर्थात् किसी समय श्रीमां ललिता ने ही कृष्ण रूपी पुरुष का रूप धारण किया था। "ममैव पौरुषं रूपं गोपिका जन मोहनं" अर्थात् गोपियों के हृदय को मोहित करने वाला कृष्ण ललिता का ही रूप है। श्रीविद्या की साधना गोपी भाव से ही करना चाहिए।

श्रीमां ललिता त्रिपुरसुंदरी सुंदरतम मूल्यों की देवी हैं। शोभा, विलास, मधुरता, गंभीरता, स्थिरता, तेज, सौंदर्य और उदारता का गुण प्रदान करती हैं। तंत्र चूड़ामणि में कहा गया है कि बावन शक्तिपीठों में, प्रयाग भी एक प्रमुख शक्तिपीठ है, जहां सती की हस्तांगुल गिरी थी, "अन्गुल्यश्चैव हस्तस्य प्रयागे ललिता भव्"। संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के अनुसार सती की हस्तांगुल यमुना तट पर गिरी जिससे महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती के समन्वित स्वरूप में राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां ललिता का प्रादुर्भाव हुआ। शक्तिपीठ का प्रमुख केंद्र कालिंदी तट मीरपुर में स्थित है।

वस्तुतः प्रयाग शाक्तक्षेत्र भी रहा है। प्रयागे तू ललिता के त्रिकोण में मां ललिता का एक बिंदु मीरापुर है। दूसरा बिंदु कल्याणी देवी हैं तो तीसरे बिंदु पर मां अलोप्शंकरी के रूप में विराजमान है। प्रयाग क्षेत्र में मां ललिता ही शांतादेवी के रूप में श्रृंगवेरपुर में विराजमान है तो ऐन्द्रीदेवी के रूप में सैदाबाद के समीप दुर्वासा ऋषि के आश्रम के समीप प्रतिष्ठित हैं। मां ललिता इमलियन देवी के रूप में यमुना के किनारे वास करती हैं तो खेमामाई के रूप में नगर में तथा मांडवी देवी के रूप में मांडा में निवास करती हैं।

मां ललिता ही संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं, विश्व ऊर्जा के रूप में विचरण करने वाली, संपूर्ण प्राणियों के के शरीर में जीव रूप में निवास करती हैं। ब्रह्मांड के शिरोभाग पर स्थित द्युलोक का जन्म मां ललिता से ही हुआ है। मां ललिता से ही प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ। नमो देव्यै महा देव्यै शिवाय सततं/नमः नमः प्रक्रत्यै नियतः प्रणताः स्मताम।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

उत्तर प्रदेश

पुलिस कर्मियों ने जज की कार रोकी, निलंबित करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ एसएसपी ने चुनाव आयोग को एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की भेजी संस्तुति

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट के पास लोकसभा चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों ने सिविल जज जूनियर डिवीजन आकाश गुप्ता की कार रोक दी। जज के परिचय देने के बाद भी पुलिसकर्मियों ने कार जाने नहीं दी तो जज ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को फोन कर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के आदेश दिए। एसएसपी ने एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की संस्तुति कर चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेज दी है। इस मामले में वहां मौजूद एसपी क्राइम मुकेश कुमार सिंह की भी लापरवाही सामने आई है।

लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में एसपी समेत ढाई सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को भी उम्मीदवार समर्थकों के साथ नामांकन करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच रहे थे। इसी दौरान करीब एक बजे स्टेशन रोड से कलेक्ट्रेट की तरफ सिविल जज जूनियर डिवीजन आकाश गुप्ता अपनी कार से कोर्ट के लिए जा रहे थे। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, मीरगंज थाने में तैनात दरोगा सूरज पाल सिंह, फतेहगंज पश्चिमी के सिपाही विष्णु कुमार और लेखपाल सागर ने जज की गाड़ी को रोक दिया। जज की गाड़ी पर स्टीकर लगा हुआ था, उन्होंने अपना परिचय भी दिया। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। जिस पर उन्होंने तुरंत एसएसपी को फोन कर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आदेश दिया। एसएसपी ने जांच कराई तो सभी की ड्यूटी में लापरवाही पाई गई। जिसके बाद सभी को निलंबित करने के लिए चुनाव आयोग को संस्तुति भेज दी है। बताया जा रहा है कि जज कार खुद चला रहे थे। जब पुलिस ने उन्हें रोका तो उन्होंने कहा कि वह कोर्ट में जा रहे हैं। इस पर पुलिस कर्मियों ने इशारा कर कहा कि दूसरी तरफ से जाइये। दरोगा और सिपाहियों ने कहा है कि जो आदेश है वह आदेश है। इस दौरान इंस्पेक्टर भी पहुंचे और उन्होंने भी इशारा कर दिया की घूम कर जाओ।

दहेज में कार नहीं मिलने पर महिला को जलाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ महिला थाने में पति सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

अमृत विचार : दहेज में दो लाख रुपये और कार नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला के ऊपर तेल डालकर जलाने का प्रयास किया। ससुर ने जबरन बहू से शरीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। तहरीर के आधार पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी पति सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि 24 मई 2021 को उसकी शादी टांडा के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। उसके मां और भाई ने काफी दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। शादी के एक दिन बाद से ही उन्होंने दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग कर दी थी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराली उसके साथ मारपीट करते थे। इतना ही नहीं मारपीट करके उसे घर से निकाल दिया था। पंचायत होने पर ससुराली महिला को बुलाकर ले गए। तीन माह के बाद महिला का पति काम करने के लिए विदेश चला गया। पीड़िता का कहना है कि ससुर उस पर गलत नजर रखता था। कमरे में अकेले होने पर ससुर उसके पास चला आता था और छेड़खानी करता था। उस पर जबरन संबंध बनाने का दवाब बनाता था। विरोध पर ससुराली मारपीट करते थे। 15 अक्टूबर 2023 को ससुराल वाले उस पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने लगे।

लापता युवक का शव खेत में मिला

हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचार : गांव रखेडा के रहने वाले ओमकार (28) का शव सोमवार को 13 दिन बाद धौरिया बिड़ला के जंगल में मिला। परिजनों ने जंगली जानवरों द्वारा शव नोचने की आशंका जताई है। रखेडा में किसान रामकुंवर परिवार रहा है। उनका पुत्र ओमकार मानसिक रूप से कमजोर था। वह दो अप्रैल को लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला था। 10 अप्रैल को परिजनों ने कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार सुबह नौ बजे गांव धौरिया बिड़ला में संजय के गेहूं के खेत में ओमकार का शव मिला। उसके शव की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता था, जैसे किसी जंगली जानवर ने नोच कर खा लिया हो। हलका दरोगा सतीश कुमार ने बताया कि खेत में शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर गए थे।

बसपा प्रत्याशी समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ सिविल लाइन में तैनात दरोगा अजय राणा ने लिखवाई रिपोर्ट, जांच शुरू

अमृत विचार : आचार संहिता का उल्लंघन करना बसपा प्रत्याशी को भारी पड़ गया। सिविल लाइन में तैनात दरोगा अजय राणा की तहरीर पर पुलिस ने बसपा प्रत्याशी जीशान खां के अलावा मुकर्रम और मोहसिन के खिलाफ धारा 188 और 171 एच के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस लोकसभा चुनाव में जिले में आचार संहिता उल्लंघन का पहला मामला दर्ज होने से प्रत्याशियों में खलबली मची है।

सिविल लाइन थाने में तैनात दरोगा अजय कुमार राणा, सिपाही परवेंद्र व मोनू कुमार के साथ 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर निकलने वाले जुलूसों की शांति व्यवस्था में लगे थे। शोभायात्रा के साथ करीब साढ़े छह बजे गांधी समाधि के पास पहुंचे तो पाया कि गांधी समाधि के पास सड़क पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा के स्वागत के लिए बसपा प्रत्याशी जीशान खां द्वारा संचालित टैंट पर पार्टी का हार्दिक शुभकामनाओं वाला पोस्टर लगा था।

इसमें पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, रामपुर की पूर्व प्रत्याशी शहला खान, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, सांसद गिरीश चंद्र, जिलाध्यक्ष प्रमोद निरंकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सागर, जोन कोऑर्डिनेटर शहाब खां और लोकसभा सात के प्रत्याशी जीशान खां के फोटो और बसपा का चुनाव चिन्ह छपा था।

किशोरी को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र में युवक ने किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म किया। शादी का दबाव बनाने पर युवक ने किशोरी और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। किशोरी की मां ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। महिला के मुताबिक चार साल से उनके घर पर पड़ोसी युवक का आना जाना है। आरोपी उनकी 16 साल की बेटी को प्रेम प्रसंग में फंसाकर दुष्कर्म कर रहा है। नौ अप्रैल को जब वह बेटी को लेकर आरोपी के घर पहुंची तो युवक, उसके दो भाइयों व भाभी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने और किशोरी के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। बारादरी पुलिस से शिकायत की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

पार्ट टाइम नौकरी देने का झांसा देकर की ठगी

बरेली, अमृत विचार : साइबर ठगों ने युवती से पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर हजारों रुपये ठग लिए। युवती ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। त्रिविली एन्क्लेव निवासी कनक ने बताया कि उनके व्हाट्सएप पर 19 मार्च को एक मेसेज आया, जिसमें पार्ट टाइम जॉब करने का ऑफर दिया गया था। इस पर उन्होंने अपना खाता नंबर बता दिया। ठग ने इसके बाद शनाया नाम की युवती ने टेलीग्राम पर गाइड किया। कुछ दिन बाद कुछ रुपये मिल गए, जिससे वह ठगों के झांसे में आ गई। अगले दिन उन्हें कुछ रुपये बढ़ाकर देने को कहा। उन्होंने पांच हजार रुपये डाल दिए। इसके बाद दिए गए टॉस्क के 20 हजार रुपये भी जमा कर दिए। इसके बाद 60 हजार रुपये की मांग की। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने थाना इज्जतनगर में शिकायत की।

फ्लैट बिकवाने के नाम पर 3.69 लाख रुपये ठगे

बरेली, अमृत विचार : हरियाणा के गुरुग्राम के ठग ने विदेश में रह रहे युवक से उसका फ्लैट बिकवाने के नाम पर 3.69 लाख रुपये की ठगी कर ली। युवक के पिता की शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सनसिटी विस्तार निवासी वीरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि उनका बेटा अनुराग विदेश में रहता है। अनुराग का ट्यूलिप व्हाइट अपार्टमेंट सेक्टर 69 सोहना रोड गुरुग्राम में फ्लैट है। अनुराग ने विक्टोरिया टॉवर के सामने स्थित कार्यालय के मालिक श्रीपाल से फ्लैट बिकवाने के लिए बात की। श्रीपाल ने फ्लैट के दस्तावेज तैयार कराने के नाम पर अनुराग से बरेली में 3.69 लाख रुपये ले लिए। फ्लैट न बिकने पर अनुराग ने रुपये मांगे तो आरोपी ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी भिड़े

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ राज्य मंत्री और जिलाध्यक्ष ने दोनों को समझाकर शांत कराया

▸▸ राज्यमंत्री ने सभी मीडियाकर्मियों को बुलाने के लिए कहा तो दोनों भिड़ पड़े

अमृत विचार : भाजपा के कार्यालय में सोमवार को राज्यमंत्री की प्रेस वार्ता से पहले जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार व मीडिया प्रभारी रमेश कलाल के बीच गाली गलौज और मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे को थप्पड़ जड़े। 15 मिनट तक कार्यालय में हंगामा हुआ। जिलाध्यक्ष व राज्यमंत्री ने दोनों को समझाकर शांत कराया। इस घटना वीडियो वायरल हो रहा है।

जोया रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सुबह 11 बजे राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह ने पहुंचे। इस दौरान वहां दो पत्रकार मौजूद थे। उन्होंने जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी और जिला मीडिया प्रभारी रमेश कलाल से नाराजगी जताते हुए अन्य मीडियाकर्मियों को बुलाने को कहा। तभी जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार और जिला मीडिया प्रभारी के बीच कहासुनी हो गई। जिला मीडिया प्रभारी ने जिला उपाध्यक्ष के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर जिला मीडिया प्रभारी ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बाद में जिला उपाध्यक्ष ने भी उन्हें थप्पड़ मार दिया। दोनों एक-दूसरे की शर्ट के कॉलर पकड़कर मारपीट करने लगे। यह देखकर जिलाध्यक्ष की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बीच बचाव कराने लगे। लेकिन दोनों नहीं माने। इससे 15 मिनट तक हंगामा चलता रहा। जिलाध्यक्ष और राज्यमंत्री ने दोनों को शांत कराया। जिलाध्यक्ष ने जिला उपाध्यक्ष और जिला मीडिया प्रभारी को एक-दूसरे के गले मिलवाया। इस घटना के बाद राज्य मंत्री ब्रजेश सिंह ने प्रेसवार्ता की। इस घटना का वीडियो भाजपा कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

गवाही देने पर जान से मारने की धमकी

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र में वकील के चैंबर में दबंगों ने महिला को हत्या के मामले में गवाही देने से मना किया। जब महिला ने इन्कार किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी।

महिला जेठ के साथ कोर्ट में गवाही देने गई थी। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नवाबगंज के बिजोरिया गांव की लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में अरविंद, अंकित और शिवम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। अब इसमें गवाही हो रही है। वह कुछ दिन पहले गवाही देने के लिए कोर्ट में अपने जेठ रमेशचंद्र के साथ पहुंची थीं। गवाही न होने पर अगली तारीख मिल गई। तारीख बताने के लिए वह वकील की सीट पर पहुंची तो वहीं पर अरविंद, शिवम और अंकित पहुंच गए।

तीनों गवाही न देने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी अंकित, शिवम व अरविंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पिकअप ने महिला को मारी टक्कर, लगा जाम

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

▸▸ भोजीपुरा में हुआ हादसा मंदिर से लौट रही थी महिला जमकर हुआ हंगामा

अमृत विचार : भोजीपुरा थाना क्षेत्र में मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला को मांस से भरी पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। नाराज ग्रामीणों ने हंगामा कर सड़क पर जाम लगा दिया।

पुलिस ने लोगों को हल्का बल इस्तेमाल कर खदेड़ दिया। पुलिस ने पिकअप के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव कुआं मकरूका निवासी धर्मपाल उर्फ पप्पू की पत्नी जावित्री देवी सोमवार सुबह सात बजे शिव मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थी। रास्ते में बरेली की ओर से आ रही पिकअप ने जावित्री को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पिकअप को घेर लिया। बाद ग्रामीणों ने पिकअप को घेर लिया। लोगों ने देखा कि पिकअप में मांस भरा हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष विवेक गंगवार भी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने काफी देर तक सभी को समझाया मगर लोग मानने को तैयार नहीं थे। लोगों ने नवरात्रि में खुले में मांस ले जाने का विरोध किया। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया और पिकअप को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने पशु चिकित्सक की टीम बुलाकर मांस का सैंपल भरवाया। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि पिकअप में भैंस का पांच क्विंटल मांस था। जहां से मांस खरीदा गया था, उसके बिल भी थे। फिर भी मांस का सैंपल भरवाया गया है।

उत्तराखंड व यूपी के किन्नरों में मारपीट

मसवासी, अमृत विचार : बधाई मांगने के दौरान इलाके को लेकर किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। पुलिस दोनों पक्षों को चौकी ले गई। बाद में दोनों में पक्षों में समझौता हो गया।

मामला उत्तराखंड बॉर्डर से सटी उत्तर प्रदेश सीमा का है। सोमवार को उत्तराखंड के कुछ किन्नर बधाई मांगते हुए उत्तर प्रदेश के गांव पट्टी कलां में घुस गए। इसकी जानकारी होते ही स्थानीय किन्नर मौके पर पहुंच गए। स्वार थाना क्षेत्र के किन्नरों ने उत्तराखंड के किन्नरों को यूपी की सीमा में बधाई मांगने का विरोध किया। इसके लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी फिर लात-घूंसे चलने लगे। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्वार थाना क्षेत्र के किन्नरों ने उत्तराखंड के किन्नरों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। किसी राहगीर ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के किन्नरों को चौकी ले आई। चौकी में पहुंचने के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

हैट्रिक मारेगी भाजपा या बैंड बजा देंगे
निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी

छात्र राजनीति से आए भाटी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ कर रही बहुत कुछ इशारा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। बाड़मेर के रण में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प है। हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी भाजपा की राह में रोड़ा बन गए हैं, निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी। कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मजबूत कार्यकर्ता रहे भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। भाटी और भाजपा की लड़ाई में कांग्रेस खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है, उसके रणनीतिकारों को लगता है कि 2014 में मिले हार के जख्म को इस बार वह आसानी से भर लेगी। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह कह पाना तो किसी जानकार के लिए भी बहुत आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह भाटी के साथ मतदाताओं का हुजूम उमड़ रहा है, उसने बड़े- बड़ों के माथे पर बल जरूर ला दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में जनसभा कर माहौल भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की है पर इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिली यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी बाड़मेर सीट

- राजस्थान की सत्ता पर हाल ही में काबिज हुई भाजपा के लिए बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट नाक का सवाल बन गई है। इसी जिले की शेओ विधानसभा सीट से रवींद्र सिंह भाटी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने यहां से भाजपा के उम्मीदवार को हरा दिया था। भाटी की चुनौती से निपटने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री की रैली कराने के साथ ही जल्द ही अन्य बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता इस रोचक होते जा रहे मुकाबले में मैदान मारने की जुगत लगा रहे हैं।
- भाटी को उम्मीद थी कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनने के बाद भाजपा उन्हें लोकसभा का टिकट दे देगी पर पार्टी ने यहां से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को पुन: मैदान में उतार दिया है तो कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदा राम बेनीवाल को अपना चेहरा बनाया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाटी को मनाने की काफी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर भाटी लगातार मजबूत हो रहे हैं, पार्टी इसी बात से चिंतित है।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट से लोग कर रहे तुलना

राजपूत समुदाय से आने वाले 26 वर्षीय भाटी छात्र राजनीति से निकले हैं। उनकी चुनावी रैलियों में खासकर बाड़मेर क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है और उनका हौसला बढ़ाती है। युवाओ, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए लोग उनकी तुलना सचिन पायलट से करते नजर आते हैं। उधर, रविंदर भाटी का कहना है कि " मुझे भरोसा है, सभी पिता समान लोग, मातृ शक्ति और युवा साथी और 36 समुदायों के लोग जो आ रहे हैं, उनके समर्थन से रविंदर आगे आएगा और एक नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र के लिए काम करेगा।"

मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से भाजपा को मिली राहत

भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व विदेश मंत्री स्व .जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। मानवेंद्र सिंह भाजपा नेतृत्व से नाराज होकर अक्टूबर 2018 में कांग्रेस में चले गए थे। उनकी वापसी से भाजपा को राहत मिली है क्योंकि रवींद्र सिंह भाटी के निर्दलीय मैदान में आने से भाजपा को यहां नुकसान होता दिख रहा था। पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से पार्टी को बड़ी राहत मिली है। पिता जसवंत सिंह को लोकसभा टिकट न मिलने के बाद मानवेंद्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कहा था।

6.5 लाख ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में



बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी जाट समुदाय से हैं तो रवींद्र सिंह भाटी राजपूत हैं। कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल भी जाट हैं। यहां अगर जातिगत आधार पर मतदाताओं की स्थिति देखें तो ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां पर सबसे ज्यादा 4 .5 लाख जाट मतदाता हैं तो राजपूतों की संख्या भी करीब सवा तीन लाख है। मुस्लिम मतदाता 2 .7 लाख और ओबीसी मतदाताओं की संख्या 6 .5 लाख है। एससी- एसटी मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या चार लाख के आसपास है।

तालों के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कारण देश-दुनिया में जाना जाता है। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। इस बार उसकी नजर जीत की हैट्रिक पर है, लेकिन पार्टी के मौजूदा ब्राह्मण सांसद के सामने बसपा के भी ब्राह्मण चेहरा उतारने और सपा-कांग्रेस गठबंधन से जाट प्रत्याशी होने से लड़ाई दो ब्राह्मण और एक जाट प्रत्याशी के बीच सिमटकर रोचक हो गई है। ऐसे में सपा कभी लहर तो कभी ध्रुवीकरण की चाबी से यहां खुलने वाला जीत का ताला खोलने की कोशिश में जुटी है।

अलीगढ़ का ताला खोलने का तिलिस्म तलाश रही सपा

- भाजपा की जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए बसपा ने भी ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए जाट बिरादरी के पूर्व सांसद पर खेला दांव

1991
1996, 1998 और 1999 में भाजपा की शीला गौतम ने लगाया था जीत का चौका

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लेकिन बीते 67 साल से कोई मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं जीता
इस बार के चुनाव में किसी भी प्रमुख दल ने मुस्लिम चेहरे को मैदान में नहीं उतारा

02
ब्राह्मण प्रत्याशियों की जंग में जाट उम्मीदवार दिखा पाएगा कमाल, बड़ा सवाल

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: 1952 और 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद हर चुनाव में इस लोकसभा सीट पर गैर कांग्रेसी दलों का ही परचम लहराता रहा। 1967 और 1971 में भारतीय क्रांति दल तो 1977 और 1980 में जनता दल ने चुनावी जीत हासिल की। हालांकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां वापसी की। लेकिन 1989 के चुनाव में जनता दल के सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस को हरा दिया। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा तो अलीगढ़ की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरफ मुड़ गई। वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा की शीला गौतम ने लगातार जीत दर्ज करके यहां कमल खिलाए रखा। 2004 के चुनाव में कांग्रेस को आखिरी बार अलीगढ़ सीट से जीत मिली थी। 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को जीत मिली। लेकिन 2014 की मोदी लहर में जीतने वाली भाजपा ने अपनी जीत की लय को 2019 में बरकरार रखा है।

2019 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	मत मिले	मत प्रतिशत
भाजपा	सतीश कुमार गौतम	6,56,215	56 .80
बसपा	डॉ . अजीत बलियान	4,26,954	37 .10
कांग्रेस	विजेंद्र सिंह	50,880	04 .50

2022 विधान सभा चुनाव में प्रमुख दलों का मत प्रतिशत



बसपा के खाते में एक जीत पर सपा पहली जीत को तरस रही

अलीगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अभी तक पहली चुनावी जीत के लिए तरस रही है। इस सीट से लगातार प्रत्याशी उतारने के बावजूद वह आज तक अलीगढ़ की राजनीति का बंद ताला नहीं खोल पाई है। बहुजन समाज पार्टी को भी इस सीट पर केवल एक बार 2009 में ही जीत नसीब हुई है।

विकास और ट्रैफिक जाम स्थानीय मुद्दे

1957 के बाद कोई मुस्लिम प्रत्याशी इस मुस्लिम बाहुल्य सीट से नहीं जीत पाया

- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद अलीगढ़ लोकसभा सीट से 1957 के बाद किसी मुस्लिम उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी है। 1957 में अलीगढ़ से मुस्लिम सांसद बनने वाले जमाल ख्वाजा एकमात्र नेता थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी प्रमुख दल ने किसी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। यहां तक कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा लगाकर चुनावी सफलता की उम्मीद लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने भी यहां अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं दिया है। भाजपा और बसपा के साथ उसने भी हिंदू चेहरे पर ही दांव लगाया है।

लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जमाया था कब्जा : अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें खैर, बरौली, अतरौली, कोल और अलीगढ़ आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

कल्याण सिंह के बिना पहला चुनाव बन सकते नए राजनीतिक समीकरण : अलीगढ़ की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का प्रभाव गहरे तक है। उनके बिना यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा उनके प्रभाव से खुद को मजबूत मान रही है। लेकिन विरोधी दल कल्याण सिंह के नहीं होने पर नए समीकरण गढ़कर लोकसभा सीट पर खासतौर पर लोध मतदाताओं के बीच तस्वीर बदलना चाहते हैं।

20 लाख
मतदाताओं में मुस्लिम, जाट, जाटव, ठाकुर व ब्राह्मण मत सर्वाधिक

अलीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 20 लाख है। जातीय समीकरणों के लिहाज से यहां 3 .50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। करीब 2 .5 लाख जाट मतदाता, 2 लाख जाटव, 2 लाख के आसपास ठाकुर मतदाता, 1 .5 लाख ब्राह्मण और एक-एक लाख की संख्या में बघेल, वैश्य, लोध, यादव मतदाता हैं।

प्रत्याशियों का प्रोफाइल

चौधरी विजेंद्र सिंह : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

विजेंद्र सिंह कांग्रेस से एक बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाट नेता विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। तभी से वह लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की कोशिश में लगे थे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता था। लेकिन इसके बाद वह लोकसभा के लगातार तीन 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में उनकी जमानत भी नहीं बची थी। माना जा रहा है कि विजेंद्र सिंह के जरिए सपा ने जाट लैंड पर निशाना साधा है।

सतीश गौतम : सांसद भाजपा के प्रत्याशी

अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद सतीश गौतम लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि उनका कई विवादों से नाता रहा है। इसके चलते भाजपा से टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद शीला गौतम की पुत्र वधू नमिता गौतम, पूर्व उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक जयवीर सिंह और अनिल पाराशर शामिल थे। लेकिन गौतम ने सभी को पछाड़ कर हाईकमान का भरोसा जीतने में सफलता पाई। इससे पहले सतीश गौतम का नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से लिया जा रहा था।

हितेंद्र उपाध्याय बंटी : बसपा से प्रत्याशी

बहुजन समाज पार्टी ने अलीगढ़ से पहले एआईएमआईएम के नेता गुफरान नूर का टिकट घोषित किया था। लेकिन उन्हें हार्ट अटैक आने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद पार्टी ने टिकट काटकर भाजपा में सक्रिय रहे हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का यह फैसला चौंकाने वाला माना जा रहा है। रीयल स्टेट कारोबारी बंटी लंबे समय से ब्राह्मण समाज की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी अलीगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी।

तीनों प्रत्याशियों को साधना पड़ रहा संगठन और जातीय आधार

पहले बसपा ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा था। लेकिन बाद में उसका टिकट काटकर रीयल एस्टेट के कारोबारी और भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरे हितेंद्र उपाध्याय पर दांव लगा दिया। इससे अलीगढ़ में इस बार चुनाव के सियासी समीकरण बदल गए हैं। बदली परिस्थितयों में जानकार भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सतीश गौतम की राह आसान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की जंग में तो गौतम जीत गए हैं, मगर असली चुनौती अब सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ने की है, तभी उन्हें बड़ी जीत मिल पाएगी। हालांकि कुछ ऐसा ही हाल समाजवादी पार्टी के भीतर भी है। कांग्रेस से आए चौ . बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला कुछ सपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उधर, बसपा के पास अपना कैडर वोट है। लेकिन नामांकन से पहले आए ब्राह्मण प्रत्याशी को दलित मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बनाने और ब्राह्मण समाज के वोट बांटने का हुनर दिखाना है।

चप्पल मिला चुनाव निशान : अलीगढ़ में एक निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशव देव लोगों के कौतुहल का विषय बने हैं। वह चप्पलों की माला पहनकर सुबह चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। इसकी वजय यह है कि उन्हें चुनाव आयोग से चप्पल चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा 26 के बाद

- वायनाड में 26 को मतदान, इससे पहले राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर दक्षिण भारत में जा सकता है गलत संदेश

नई दिल्ली,ब्यूरो

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा काफी असमंजस में हैं। रायबरेली व अमेठी संसदीय क्षेत्र से किसे मैदान में उतारा जाए, इस सवाल का जवाब खोजना कांग्रेस के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने 26 अप्रैल के बाद दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के संकेत दिए हैं। करनैल गंज सीट पर भाजपा की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस इसे भाजपा का दुर्ग समझ कर देख रही है, जबकि स्थानीय जनता का दबाव है कि रायबरेली एवं अमेठी सीट से गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतारा जाए क्योंकि दोनों सीटों पर लंबे समय तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। हालांकि इस बार अमेठी और रायबरेली की सभी विधानसभा सीटों में एक भी कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी संभावित प्रत्याशियों में चल रहा है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का तर्क है कि यदि गांधी परिवार से इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार आएंगे तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा, अन्यथा कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हताश हो सकते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस ने अब दोनों सीटों पर 26 अप्रैल के बाद उम्मीदवार घोषित करने की डेडलाइन तय कर दी है। दरअसल, 26 अप्रैल को वायनाड संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। यदि 26 से पहले राहुल को उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने की बात तय की जाएगी तो इसका विपरीत असर न सिर्फ केरल बल्कि पूरे दक्षिण भारत में पार्टी की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

उधर, भाजपा करनैलगंज सीट पर फंसी है। यहां से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का महिला खिलाड़ियों ने काफी विरोध किया था। लेकिन एक जातीय संगठन भाजपा हाईकमान पर दबाव बना रहा है कि बृजभूषण या उनके परिवार को ही टिकट दिया जाए।

रोज 100 करोड़ की नकदी व शराब की जा रही बरामद

नई दिल्ली, ब्यूरो। चुनाव संहिता लागू होने के बाद रोज औसतन 100 करोड़ से ज्यादा की नकदी व शराब बरामद की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षकों की सतर्कता से अब तक 4658 करोड़ से ज्यादा की नकदी और शराब पकड़ी जा चुकी है। इनमें वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पूर्ण शराबबंदी है। इस बरामदगी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात, बिहार, मिजोरम एवं नागालैंड जहां शराब प्रतिबंधित है, वहां भी शराब पकड़ी गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कम शराब बरामद हुई है। सर्वाधिक शराब कर्नाटक में एक करोड़ 30 लाख लीटर बरामद हुई है। इसके बाद राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मध्य प्रदेश, असम का नंबर है। इस बार आयोग ने राज्य सरकार एवं नागरिकों की मदद से ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके तहत काला धन के साथ-साथ शराब, ड्रग्स एवं लुभावने उपहार बरामद हो रहे हैं।

दिग्विजय, कमलनाथ क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे

- भाजपा की कड़ी चुनौती के सामने दिग्गज कांग्रेसियों को बहाना पड़ रहा अपनी सीटों पर पसीना

भोपाल

अमृत विचार : मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, छिंदवाड़ा में कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ और रतलाम से कांतिलाल भूरिया हैं। लेकिन भाजपा की चुनौती से निपटने में हालत यह है कि तीनों नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। वह 33 साल बाद राजगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उन्होंने पदयात्रा की है। लेकिन राजगढ़ से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राजगढ़ से भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल सिंह नागर को टिकट दिया है। इसी तरह कमल नाथ छिंदवाड़ा में उलझे हैं। कांग्रेस ने उनके पुत्र नकुल नाथ को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। कमल नाथ बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाले हैं और क्षेत्र से बाहर ही नहीं निकले हैं। छिंदवाड़ा सीट पर पिछले 45 साल से कमलनाथ का कब्जा है। प्रदेश में यही एकमात्र सीट है जो भाजपा नहीं जीत पा रही है। इस बार भाजपा ने यहां से बंटी साहू को टिकट दिया है। चुनाव से पहले ही कई दिग्गज कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कमलनाथ की परेशानी और बढ़ा रहे हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति कांतिलाल भूरिया की है। वह भी रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट पर उलझे हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद गुमान सिंह डामोर का टिकट काटकर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है, जो भूरिया को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं।

हम हाथ के साथ
कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से दूसरी बार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए वह नीलगिरी कॉलेज पहुंचे तो छात्राओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,399.78	22,272.50
गिरावट	845.12	246.90
प्रतिशत में	1.14	1.10

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 60-75 मसूरी- 45 बासमती- 95-100 दाल दलहन : काला चना- 70 साबुत चना दाल- 55-75 मूंग साबुत- 110 राजमा- 114-130 दाल उड़द- 100-110 साबुत मसूर दाल- 70-75 मसूर दाल- 85 उड़द साबुत- 115 काबुली चना- 125 अरहर दाल- 140-145 लोबिया/करमानी- 110 सोयाबीन- 58 मूंगफली- 70 मटर (सूखी)- 64 मक्का- 20। (दाम प्रति किग्रा. में)

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग- 1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	85600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74450
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55450-55650
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	74,850
सोना रवा	74,700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,100
चांदी (999)	83,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74000
सिल्वर (पक्की)	823 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	74,650
चांदी आभूषण	83,000

मार्च में 0.53 प्रतिशत पर पहुंची थोक मुद्रास्फीति

फरवरी में 0.20 प्रतिशत का था आंकड़ा, पिछले वर्ष मार्च में 1.41 प्रतिशत पर थी मुद्रास्फीति

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 6.88 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.42 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 19.52 प्रतिशत रही, मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 2.39 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति मार्च, 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च, 2024 में 52.96 प्रतिशत हो गई। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति भी बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के वरिष्ठ निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से अनाज की मुद्रास्फीति से बढ़ी जो 12 महीने के उच्चतम स्तर नौ प्रतिशत पर रही। आम उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण दालें और सब्जियों की मुद्रास्फीति मार्च, 2024 में क्रमशः 17.2 प्रतिशत और 19.5 प्रतिशत रही।

मुख्य मुद्रास्फीति मार्च में शून्य से नीचे 1.1 प्रतिशत रही। आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई। मार्च, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, मशीनरी और उपकरण और अन्य विनिर्माण उत्पादों की महंगाई बढ़ने से मुद्रास्फीति की दर शून्य से ऊपर रही। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में भी 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85% पर आ गई।



कोटक महिंद्रा बैंक का सर्वर ठप, ग्राहकों को लेन-देन में दिक्कत

मुंबई। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक के ग्राहकों ने सोमवार को बैंक के सर्वर में समस्या के कारण लेन-देन में दिक्कत आने के बारे में जानकारी दी।

बैंक के ग्राहकों को सुबह यूपीआई भुगतान, पैसे निकालने और ऑनलाइन बैंकिंग जैसे लेनदेन को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने इन मुद्दों को सोशल मीडिया पर उठाया। कोटक महिंद्रा बैंक ने रात 8.45 बजे सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसके ग्राहकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उसकी टीम इस मुद्दे को तेजी से हल करने के लिए काम कर रही है। बैंक ने कहा हमें यह बताते हुए खेद है कि हमारे तकनीकी सर्वर में वर्तमान में कुछ समस्याएं आई हैं। हालांकि, सामान्य रूप से काम करने में लगने वाले समय के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

15 अक्टूबर तक पूरी क्षमता से काम करें कोयला आधारित संयंत्र

नई दिल्ली। बिजली मंत्रालय ने देश में बढ़ती मांग के बीच बिजली की कमी से बचने के लिए आयातित कोयले का उपयोग करने वाले सभी ताप विद्युत संयंत्रों को 15 अक्टूबर त्यानी अगले साढ़े तीन महीने तक पूरी क्षमता पर काम करने को कहा है। मंत्रालय ने इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में 260 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है।

सितंबर, 2023 में अधिकतम बिजली की मांग 243 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल गर्मियों में देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने का अनुमान लगाया है। बिजली मंत्रालय के 12 अप्रैल के एक नोटिस में 15 आयातित कोयला-आधारित ताप बिजली परियोजनाओं को कहा गया अब आयातित कोयला-आधारित संयंत्रों वाली उत्पादन कंपनियों के लिए धारा-11 निर्देश की समय अवधि को 15 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने अक्टूबर, 2023 में इन आयातित कोयला आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से संचालित करने की समयसीमा एक नवंबर, 2023 से बढ़ाकर 30 जून, 2024 कर दी थी।

वीआई को नौ माह में चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवा शुरू करने की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) को छह से नौ माह में चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवाएं शुरू करने की उम्मीद है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अक्षय मूंदड़ा ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से पहले सोमवार को यह बात कही।

मूंदड़ा ने कहा कि 5जी सेवाओं को शुरू करना जनता से पूंजी जुटाने के उद्देश्यों में से एक है और एक बार कोष आने के बाद इसे शुरू करने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5जी की शुरुआत से अगले 24-30 महीने में कंपनी के कुल राजस्व में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत होगी। हालांकि, मूंदड़ा ने 5जी सेवाएं कब शुरू की जाएंगी, इसपर कोई विशिष्ट समयसीमा साझा नहीं दी। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत के लिए 5,720 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है और बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। मूंदड़ा ने इसकी शुरुआत किस स्थान से की जाएगी यह जानकारी भी नहीं दी। गौरतलब है कि इसके दोनों प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल और रिलायंस जियो कई महीने पहले ही 5जी सेवाएं पेश कर चुकी हैं। दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दी है। एफपीओ 18 अप्रैल को खुलकर 22 अप्रैल को बंद होगा।

ओला इलेक्ट्रिक ने स्कूटर की कीमतों में की 10 हजार की कटौती

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी। कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है।

ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। कटौती की घोषणा के बाद इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 69,999 रुपये हो गई है जबकि सबसे उन्नत संस्करण की कीमत अब 99,999 रुपये होगी। खंडेलवाल ने कहा हमें लगता है कि भारत को और भी बहुत कुछ चाहिए।

पैसा वसूलने को रोज वैली ग्रुप की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) रोज वैली ग्रुप द्वारा अवैध योजनाओं के माध्यम से लोगों से जुटाए गए धन की वसूली के लिए समूह की कंपनियों की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा। 20 मई को होने वाली इस नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है।

सेबी ने सोमवार को एक नोटिस में कहा कि जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल में स्थित फ्लैट और कार्यालय स्थल शामिल हैं। ई-नीलामी 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित की जाएगी। इन संपत्तियों का कुल आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है। समिति परिसंपत्तियों की बिक्री की निगरानी करेगी और धन का उपयोग निवेशकों को भुगतान करने के लिए किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मई, 2015 में पारित एक आदेश के बाद समिति का गठन किया गया था। नोटिस के अनुसार, बोली लगाने वालों को बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई संपत्तियों की देनदारी, कानूनी विवाद, कुर्की और देनदारियों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। नियामक ने जून, 2022 में निवेशकों के कुल 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए रोज वैली होटल्स एंड एंटरटेनमेंट लि. और उसके तत्कालीन निदेशकों के बैंक खातों के साथ-साथ शेयर तथा म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को कुर्क करने का आदेश दिया था।

एक नजर

भाजपा नेता की शिकायत पर कमलनाथ के घर आई पुलिस, सहायक से पूछताछ

छिंदवाड़ा (मप्र)। मध्य पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू की शिकायत पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के छिंदवाड़ा स्थित घर में उनके एक सहयोगी से पूछताछ की है। कोतवाली थाने के निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि साहू ने शिकायत की है कि कमलनाथ के सहयोगी आर के मिगलानी ने उनका एक आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किया था। गोल्हानी ने कहा कि हमने पूछताछ की। जांच जारी है, अधिक जानकारी बाद में मीडिया के साथ साझा की जाएगी। साहू की शिकायत को पूरी तरह से झूठ बताते हुए मिगलानी ने कहा कि मुझसे पुलिस ने पूछताछ नहीं की। मुझे नोटिस दिया गया। मैंने उनसे कहा कि मैं चुनाव के बाद इसका जवाब दूंगा। इस घटना के बाद कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ क्षेत्र में अपना दौरा रद्द कर शिकारपुर स्थित अपने आवास पर वापस आ गए। नकुलनाथ छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद हैं और उन्हें कांग्रेस ने फिर से उम्मीदवार बनाया है। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गढ़ है और 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा यही एकमात्र सीट जीतने में असफल रही थी। इस बार इस सीट पर 19 अप्रैल को मतदान है।

दिव्यांगों के लिए चार फीसदी आरक्षण संबंधी याचिका पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और सभी उच्च न्यायालयों से जवाब मांगा जिसमें 2016 के एक कानून के तहत दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए जिला न्यायपालिका की न्यायिक नियुक्तियों में चार प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य राहत देने की मांग की गई है। जनहित याचिका में दिव्यांगों के अधिकारों से संबंधित कानून के अनुसार न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए मौजूदा न्यायिक सेवा के नियमों को ठीक करने के लिए केंद्र और अन्य को निर्देश देने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले दो याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख की दलीलों पर गौर किया। याचिका में कहा गया है कि दिव्यांग जन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम, 2016 के तहत न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति में दिव्यांग व्यक्तियों को उनका हक नहीं मिल रहा है। जनहित याचिका में कहा गया है कि निचली न्यायपालिका में न्यायिक नियुक्तियों में दिव्यांगजनों के लिए कोटा चार प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए, जैसा कि अधिनियम की धारा 34 के तहत अनिवार्य किया गया है।

बीजद में गरिमा और आत्म-सम्मान नहीं, पूर्व सांसद प्रभास भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से कुछ दिन पहले सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी की आलोचना की। ओडिशा की बारगढ़ सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके सिंह ने कहा कि बीजद में कोई गरिमा और आत्म-सम्मान नहीं बचा है। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी में उनका स्वागत किया। भाजपा मुख्यालय में पार्टी नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी में शामिल होने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा यह मेरे लिए एक खास पल है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व से काफी प्रभावित हूं। मैंने बीजद का साथ छोड़ दिया है क्योंकि वहां कोई आत्म-सम्मान और गरिमा नहीं बची है।

राष्ट्रीय

10 वर्ष का काम ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है : मोदी

राजग सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री बोले- अभी बहुत कुछ किया जाना है बाकी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के वास्ते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन के लिए केरल से समर्थन जुटाने की कवायद में सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पिछले दशक में जो काम हुआ है वह महज एक ट्रेलर है और इस दक्षिण राज्य तथा देश की प्रगति के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

नजदीकी कुन्नामकुलम में राजग द्वारा आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा जो अभी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते केरल में हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर उत्तर प्रदेश में अपने परिवार की सीट न बचा पाने और करुवन्नूर बैंक घोटाले पर चुप रहने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहापिछले 10 वर्ष में जो हुआ है वह महज ट्रेलर है क्योंकि केरल तथा भारत के लिए और बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह केरल में प्रगति का साल होगा। उन्होंने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों तथा विकास कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए इसे मोदी की गारंटी बताया, जिसे रविवार को जारी किया गया था।

तिरुनेलवेली जिले के अंबासमुद्रम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंदाज में स्वीकार किया समर्थकों का अभिवादन। ● एजेंसी

राहुल गांधी का नाम लिए बगैर मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस के युवराज उत्तर प्रदेश में अपनी सीट सुरक्षित कर परिवार के गौरव की रक्षा करने में नाकाम रहे और वोट मांगने केरल में आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता केरल के लोगों से वोट मांगेंगे लेकिन उनके हितों में अपनी आवाज नहीं उठाएंगे। वह राज्य की सत्तारूढ़ माकपा द्वारा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक में करोड़ों रुपये के घोटाले पर चुप हैं। उन्होंने प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को दिए समर्थन को लेकर भी पार्टी की आलोचना की। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और एसडीपीआई के बीच 'साठगांठ' है, जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भारत में एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक इकाई है। उन्होंने माकपा नीत सरकार पर करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाला करने का मुद्दा उठाया और वाम दल पर गरीबों का पैसा लूटने का आरोप लगाया।

मणिपुर में शांति स्थापित करना केंद्र की प्राथमिकता : शाह

इम्फाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। शाह ने कहा कि सभी समुदायों को साथ लेकर और राज्य को तोड़े बिना मणिपुर में शांति स्थापित करना नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय झड़प शुरू होने के बाद कम से कम 219 लोग मारे गए थे, जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था।

किसी के नाम से पहचाना जाना, पहचान के अधिकार का मूल आधार है: अदालत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी के नाम से या माता-पिता की संतान के रूप में पहचाना जाना किसी भी व्यक्ति की पहचान का मूल आधार है। अदालत की यह टिप्पणी याचिकाकर्ता की 10वीं और 12वीं की सीबीएसई की अंकतालिकाओं में पिता का नाम बदलने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करते हुए आई।

अदालत ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के प्रमाणपत्रों में उल्लिखित नाम वास्तव में याचिकाकर्ता के पिता का नहीं था और उसने पंजीकरण के समय अपने चाचा का नाम अंकित किया था क्योंकि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी। हालांकि विभिन्न सार्वजनिक दस्तावेजों में याचिकाकर्ता के पिता के नाम की वर्तनी में कुछ विसंगतियां थीं और अदालत ने कहा कि नाम पहचान से जुड़ा होता है और ऐसे मामलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने हाल के एक आदेश में कहा था, ऐसे मामलों में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा और प्रमुख विचार को ध्यान में रखना होगा कि नाम पहचान से जुड़ा है और किसी के नाम से, साथ ही माता-पिता की बेटी या बेटे के रूप में भी पहचाने जाने का अधिकार एक व्यक्ति के रूप में उसकी पहचान का मूल आधार है।

भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं : राहुल

केरल के वायनाड में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनाव प्रचार रोड शो करते राहुल गांधी। ● एजेंसी

उधगमंडलम (तमिलनाडु), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं है लेकिन बातें 2036 का ओलंपिक आयोजित कराने की हो रही हैं।

राहुल ने नीलगिरी जिले में अपने दौरे के दौरान केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। केरल के वायनाड के लिए प्रस्थान करने से पहले यहां थलूर में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ बातचीत के दौरान राहुल ने पूछा, गरीबों के लिए भाजपा की क्या नीति है? कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं और महिलाओं सहित सभी लोगों के लिए नीतियां हैं लेकिन भाजपा का चुनावी घोषणापत्र 2036 में ओलंपिक कराने की बातें करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 'विकसित भारत' के उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

ईडी के सामने आत्मसमर्पण कर दें खान: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को राहत देने से इनकार कर दिया, जिन्होंने दिल्ली वक्फ की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को 18 अप्रैल, 2024 को सुबह 11 बजे ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि एक बार यह शर्त पूरी हो जाने पर, वारंट जारी करने का आवेदन वापस ले लिया जाएगा।

कुकी संगठनों ने की चुनाव के बहिष्कार की घोषणा

चुराचांदपुर (मणिपुर)। कुकी-जो समुदाय के कुछ संगठनों ने घोषणा की है कि वे संघर्ष प्रभावित राज्य में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद 'न्याय नहीं तो वोट नहीं' का आह्वान करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे।

शनिवार को इम्फाल पूर्वी जिले में दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं शुक्रवार को तेंगनौपाल जिले में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात लोगों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। कुकी समुदाय के लोगों ने घोषणा की है कि वे बहिष्कार के रूप में संसदीय चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतार रहे। वैश्विक कुकी-जोमी-हमार महिला समुदाय ने पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर चुनाव बहिष्कार के फैसले की जानकारी दी थी। यह महिलाओं का एक समूह है जिसमें पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, बाहरी मणिपुर के पूर्व सांसद किम गांगटे और दिल्ली में कुकी-जोमी-हमार महिला मंचों के नेता शामिल हैं। इसके बाद कुकी नेशनल असेंबली और कुकी इन्पी नामक संगठन ने भी संसदीय चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की। कुकी नेशनल असेंबली के मांगबोई हाओकिप ने कहा, हम अपने नेताओं के प्रति अपना असंतोष व्यक्त करते हैं।

अगर दंगा भड़का तो भूख हड़ताल कर दूंगी : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाली केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और भगवा ब्रिगेड का पक्ष लेने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) की आलोचना की। बनर्जी ने राज्य में एक भी दंगा होने पर चुनाव आयोग के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी।

● **मुख्यमंत्री बोलीं किसानों के लिए 26 दिन कर सकती हूं उपवास तो 55 दिनों तक ईसीआई कार्यालय पर भी करूंगी भूख हड़ताल**

उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार को संबोधित करते हुए, उन्होंने जरूरत पड़ने पर 55 दिनों के लिए ईसीआई कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी। बनर्जी ने दोहराया कि अगर मैं किसानों के लिए (सिंगूर में) 26 दिनों तक उपवास कर सकती हूं, तो मैं ईसीआई कार्यालय के बाहर 55 दिनों तक भूख हड़ताल भी कर सकती हूं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कथित तौर पर विपक्ष को जेल में डालने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी, सिर्फ भाजपा के निर्देश पर मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक को बदल दिया गया। अब, अगर मुर्शिदाबाद और मालदा में दंगे होते हैं, तो जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होगी।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	06	284
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

खेल डायरी

माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

रेमोना (अमेरिका)। लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया।

जेहान ने फार्मूला ई में पहला अंक जुटाया

मिसानो (इटली)। भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी। अब तक उन्होंने जिन रेस में हिस्सा लिया, उनमें से दो को पूरा नहीं कर पाए।

बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

पेरिस। एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।

विदित गुजराती ने फिर नाकामूरा को हराया

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है।

भाटिया संयुक्त 35वें, थीगाला संयुक्त 45वें स्थान पर

अगस्ता। भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता। मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके। थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे। शेफलर ने अंतिम दिन 68 के स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और चेन्नई सुपरकिंग्स के एमएस धोनी का नंबर आता है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स टॉप-5 में मौजूद हैं।

357



272

251



248

245

मैच में चैलेंज बनी रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

हैदराबाद ने 25 रनों से हराया, हेड के शतक और क्लासेन के अर्धशतक के दम पर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया



ट्रेविस हेड

बेंगलुरु, एजेंसी

ट्रेविस हेड 102 रन की तूफानी शतकीय और हेनरिक क्लासेन 67 रन की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 30वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रनों से हरा दिया है। छह मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

288 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिये 80 रन जोड़े। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विराट कोहली को बोल्ड कर दिया। कोहली ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रन बनाये। उसके बाद विल जैक्स सात रन बनाकर रनआउट हो गये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सात चौके और चार छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। उन्हें पैट कमिंस ने आउट किया। रजत पाटीदार नौ रन बनाकर आउट हुये। सौरव चौहान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये।

एक समय 122 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाकर संकट में फंसी टीम को दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर की पारी ने संभाला। महिपाल लोमरोर 19 रन बनाकर आउट हुये। मार्कंडेय ने कार्तिक की शानदार पारी का अंत किया। कार्तिक गुड लेंथ गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कवर के ऊपर से खेलने के प्रयास में बल्ले का बाहरी किनारा लगा और कीपर क्लासेन ने कैच पकड़ लिया। कार्तिक के आउट होते के साथ आरसीबी की जीत उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। कार्तिक ने पांच चौके और सात छक्के लगाते हुए 83 रन बनाये। अनुज रावत 25 रन और विजय कुमार वैशाख एक रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस को तीन विकेट मिले और मयंक मार्कंडेय ने दो विकेट लिये।

सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में रीस टॉप्ली ने अभिषेक शर्मा 34 रन को लॉकी फर्ग्युसन के हाथों कैच कराया। ट्रेविस हेड ने नौ चौके और आठ छक्कों की मदद से 102 रन ठोके। वहीं हेनरिक क्लासेन ने भी ताबड़तोड़ अंदाज में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए 67 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों को लॉकी फर्ग्युसन ने आउट किया। एडन मार्करम 32 और अब्दुल समद 37 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 287 रनों का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

हैदराबाद 287/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 15

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अभिषेक शर्मा का फर्ग्युसन बो टॉपली	34	22	2/2
ट्रेविस हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन	102	41	9/8
हेनरिच क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन	67	31	2/7
एडेन मार्करम नाबाद	32	17	2/2
अब्दुल समद नाबाद	37	10	4/3

गेंदबाजी : जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0

बेंगलुरु 262/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली बो मार्कंडेय	42	20	6/2
फाफ डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस	62	28	7/4
विल जैक्स रन आउट	07	04	1/0
रजत पाटीदार का रेड्डी बो मार्कंडेय	09	05	0/1
सौरव चौहान पगबाधा बो कमिंस	00	01	0/0
दिनेश कार्तिक का क्लासेन बो नटराजन	83	35	5/7
महिपाल लोमरोर बो कमिंस	19	11	0/2
अनुज रावत नाबाद	25	14	5/0
विजयकुमार विशाख नाबाद	01	02	0/0

गेंदबाजी : शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस 4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0

ऑस्ट्रेलिया के इनकार पर कुछ नहीं कर सकते : राशिद

नयी दिल्ली, एजेंसी

अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी और इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया। राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है।

अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नरेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नरेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नरेन ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नरेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नरेन थे, जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नरेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नरेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय :** मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

'हाइब्रिड पिच' पर खेले जायेंगे आईपीएल के मैच

धर्मशाला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच खेले जायेंगे।'

नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा,'' भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'भारत में हमारे डिलिवरी साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के जरिये भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है।'' हाइब्रिड पिच में मैदान के भीतर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ प्रतिशत पोलीमर फाइबर होता है। इससे पिच टिकाऊ रहती है और समान उछाल भी मिलता है।

बॉलीवुड हलचल

भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना हंसी के खजाना रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''हंसी के खजाना'' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और गायिका ममता राउत का शिक्षा से भरपूर गीत ''हंसी के खजाना'' यूट्यूब पर आ गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह की अदाकारी और ममता राउत की आवाज है।यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिख रहा है कि अक्षरा लाल साड़ी पहने, आँखों पर सिंपल चश्मा और मांग में सिंदूर लगाये हुए अध्यापिका के गेटअप में स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही हैं। उनका पढ़ाने का अंदाज एकदम निराला है। वह इस वीडियो में बच्चों को प्रेरणा स्रोत एवं शिक्षा पूर्ण गाना सुनाकर पढ़ा रही हैं और प्रेरणा दे रही हैं। इस गाने को फणीन्द्र राव ने लिखा है और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए कह रही हैं कि...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... त बच्चा लोग के के सुनी...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... खोलिके तू कान से सुनि ला धियान से, ना होई परेशानी... हंसी के खजाना लेके आइल बानी...। गौरतलब है कि ''हंसी के खजाना'' गाना फिल्म ''अक्षरा'' का है। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं।

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति चोपड़ा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से भावुक हो गयी हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से परिणीति चोपड़ा भावुक हो गयी हैं। परिणीति चोपड़ा ने भावुक होकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में परिणीति चोपड़ा ने ''अमर सिंह चमकीला'' के सेट की बीटीएस फोटो शेयर कर कैप्शन लिखकर बताया है कि उनके आंसू नहीं थम रहे हैं। परिणीति चोपड़ा फोटोज में इम्तियाज अली और दिलजीत दोसांझ के साथ पोज करतीं और मस्ती करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, कंबल में लिपटी हूं और आपके शब्दों, कॉल और फिल्म रिव्यूज से अभिभूत हूं (मेरे आंसू नहीं रुक रहे हैं) परिणीति इज बैक, यह शब्द तेजी से गूंज रहे हैं। ऐसा नहीं सोचा था, हां मैं वापस आ गई हूं और कही नहीं जाने वाली हूं।

श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना तू मिल गया रिलीज



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का गाना 'तू मिल गया' हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा रचित यह गाना राजकुमार राव और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को श्लोक लाल ने लिखा है। फिल्म ''श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने'' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

75 साल के चुनावी इतिहास में ईसी की सबसे बड़ी कार्रवाई

लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आते ही पार्टी और प्रत्याशी धनबल का इस्तेमाल हर बार मतदाताओं को लुभाने के लिए करते ही हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है लेकिन चुनाव आयोग ने इस साल धनबल के इस्तेमाल पर अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है।

- चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उसकी निगरानी में अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए हैं और यह 2019 के चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है।

2024 में चुनाव आयोग की सबसे अधिक जब्ती

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 2024 के आम चुनाव के साथ, ईसीआई देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में दर्ज की गई सबसे अधिक प्रलोभन की जब्ती की राह पर है। 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में शराब

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपए से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपए की शराब जब्त की गई।

ड्रग्स जब्ती में गुजरात समेत 5 राज्य आगे

आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280.81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189.94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068.85 करोड़ के ड्रग्स, 1142.49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489.31 करोड़ की शराब और 395.39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपए सीज किए जा रहे हैं।

हवाई यात्रा के सपने की कीमत 150 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि विमान में बैठने का सपना हो और महंगे टिकट के चलते उसे पूरा नहीं कर पा रहे हों, तो आप असम जा सकते हैं। यहां सिर्फ 150 रुपये में आपका सपना पूरा हो सकता है।

असम के लीलाबाड़ी से तेजपुर तक के लिए विमान कंपनी अलायंस एयर केंद्र सरकार की 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) स्कीम के तहत यह सुविधा दे रही है। कंपनी की इस रूट पर रोज दो उड़ानें हैं, जो दो महीने से लगभग फुल चल रही हैं। यात्रा पोर्टल 'इक्सिगो' के अनुसार, तेजपुर से लीलाबरी बस से जाते हैं 216 किमी के सफर में 4 घंटे लगते हैं। जबकि इसी रूट पर हवाई दूरी 147 किमी है, जो फ्लाइट से 25 मिनट में पूरी हो जाती है। इस यात्रा में एक तरफ का किराया 150 रुपये है। इसी रूट पर वाया कोलकाता वाली फ्लाइट का किराया 450 रुपये है। जब से यहां सस्ती विमान सेवा शुरू हुई, तब से ऑक्यूपेसी 95 फीसदी तक है।

बता दें, 2017 में शुरू हुई 'उड़ान' का पूर्वोत्तर में अच्छा रिस्पॉन्स है। असम, मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल, सिक्किम की 73 हवाई पट्टियां स्कीम से जुड़ी हैं। अलायंस एयर, फ्लाईबिग, इंडिगो यहां सेवा दे रही हैं। इसी स्कीम के तहत 2021 में इंफाल से शिलॉन्ग के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई थी।

2016 से शुरू हुई उड़ान सेवा... इतनी सस्ती कैसे

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर किराए को किफायती बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत एयरलाइंस को वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दी जा रही है। इससे कंपनी को मूल किराए में हुए नुकसान की भरपाई हो जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और हवाईअड्डा परिचालक क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत उड़ानों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देते हैं। अन्य बातों के अलावा, इन उड़ानों के लिए कोई 'लैंडिंग' या 'पार्किंग' शुल्क नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को प्रोत्साहित करने तथा हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान सेवा शुरू की।

एक नजर

अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश से अब तक 58 की मौत

दार एस सलाम। अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बाढ़ से 58 लोग मारे गए हैं, जबकि, कई लापता हैं। मुख्य सूचना सेवा के निदेशक ने कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है। मतिनयी ने बंदरगाह शहर दार एस सलाम में रविवार को कहा कि 58 मौतों में से 10 अरुशा क्षेत्र में, चार गीता में, दो दार एस सलाम में, पांच इरिंगा में, एक किलिमंजारो में, चार लिंडी में, छह म्बेया में, पांच मोरोगोरो में, 11 कोस्ट में और 10 रुकवा में हुई हैं।

घाटी के दो जिलों में हिमस्खलन और हिमपात की चेतावनी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊंची चोटियों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए के अधिकारियों ने सोमवार को कहा है कि, उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में 2,400 मीटर से ऊंची चोटियों पर मध्यम स्तर के खतरे' का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है। कश्मीर घाटी में पिछले दो दिनों से बड़े पैमाने पर व्यापाक बारिश हुई और कुछ ऊपरी चोटियों में ताजा हिमपात भी हुआ है।

नेपाल में वसंत आगमन के स्वागत में सिन्दूर यात्रा...

भक्तपुर। नेपाल के भक्तपुर स्थित बालकुमारी मंदिर में रविवार को सिंदूर जात्रा उत्सव मनाया गया। यह वसंत और नववर्ष के आगमन का प्रतीक है। लोगों ने सिंदूर और गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और 32 देवी-देवताओं के शाही रथ खींचे गए हैं।

हरियाणा के अंबाला में मिनी ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे श्रद्धालू

अंबाला। हरियाणा के अंबाला जिले में अधोया गांव के पास श्रद्धालुओं को ले जे रहे मिनी ट्रक का टायर फटने से वाहन पलट गया, जिस कारण कुछ यात्री घायल हो गए। पुलिस ने कहा- मिनी ट्रक में 18 श्रद्धालु त्रिलोकपुर माता मंदिर में माथा टेककर कैथल स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक ट्रक का टायर फट गया, जिससे सभी बाल-बाल बच गए।

ईरान में फंसे 17 भारतीयों से जल्द मिल सकेंगे अधिकारी: जयशंकर

जंग शुरू होने के बाद भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच जारी है बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने ईरान द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीयों को रिहा करने का आग्रह किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है।

उन्होंने कहा, मैंने कल रात अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमीर अब्दुल्लाहियन से बात की। मैंने उनपर दबाव डाला और उनसे कहा कि जहाज में 17 भारतीय सवार हैं। हम इन लोगों की रिहाई पर ईरानी सरकार से बात कर रहे हैं। हमने उनसे कहा कि इन लोगों को हिरासत में नहीं लिया जाए।

शनिवार को ईरानी सेना ने इस्राइल से जुड़े एक कार्गो जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जब्त कर लिया था। इस जहाज में 17 भारतीय भी सवार थे। जयशंकर ने आगे कहा, "मुझे कुछ रिपोर्ट मिले, लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे दूतावास के लोग वहां जाए और उन लोगों से मिले। यह मेरे लिए संतुष्टि का पहला पड़ाव होगा। मैं पूरी तरह से दबाव डालूंगा कि ये लोग भारत वापस आ जाए। मेरे ईरानी समकक्ष भी इससे बहुत हद तक सहमत थे।" जयशंकर ने बताया कि उन्होंने (ईरानी समकक्ष) कहा कि हम समझते हैं और हम कोशिश करेंगे और कुछ अच्छा करेंगे।

हमले में प्रयोग किए 80 ईरानी ड्रोन को अमेरिका ने किया नष्ट

वाशिंगटन। पेंटागन ने रविवार को कहा कि अमेरिका ने ईरान द्वारा इजराइल पर दागे गए 80 से अधिक यूएवी और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर दिया। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि अमेरिकी यूरोपीय कमांड विध्वंसक द्वारा समर्थित अमेरिकी बलों ने शनिवार और रविवार को ईरान और यमन से इजरायल को निशाना बनाने वाले 80 से अधिक ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट किया है। सेंटकॉम ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, "इसमें लॉन्चर वाहन पर एक बैलिस्टिक मिसाइल और यमन में ईरान समर्थित हूतियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में लॉन्च से पहले जमीन पर नष्ट किए गए सात यूएवी शामिल हैं। ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं जिसे तेहरान ने सीरिया में ईरान के दूतावास पर एक अप्रैल को किए उसके हमले की प्रतिक्रिया बताया है। ईरान के लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को इजराइली, अमेरिकी और सहयोगी सेनाओं ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही मार गिराया। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि शनिवार और रविवार सुबह अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 80 ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलें मार गिरायीं जो ईरान तथा यमन की ओर से इजराइल की ओर छोड़ी गई थीं।

तनाव के बीच पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

इस्लामाबाद। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रईसी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

बता दें, रईसी की यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित हमले में इजराइल पर रविवार को मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि, जनवरी में, ईरान के सीमा पार हमलों के जवाब में पाकिस्तान ने ईरानी क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और रॉकेट का उपयोग करके सटीक हमले किए थे। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह दो ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया था। जैश अल-अदल 2012 में बनाया गया एक बलूच सुन्नी आतंकवादी समूह है जो ज्यादातर पाकिस्तान में सक्रिय है।

ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकू से हमला, पादरी समेत कई घायल

- पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना चर्च सर्विस के दौरान हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि, आरोपी जांच में मदद कर रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पादरी व अन्य लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना पर सिडनी पुलिस ने सोमवार को बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं, क्योंकि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं।

ट्रंप की रैली में लगे बाइडन को खत्म करने के नारे

न्यूयॉर्क। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ भी अमेरिका में भी नाराजगी बढ़ रही है। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब पेन्सिलवेनिया में डोनाल्ड ट्रंप एक रैली को संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान कुछ लोगों ने जो बाइडन को खत्म करने के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिसके बाद कई अन्य लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाए।

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने 'जो बाइडन को खत्म करो' (जेनोसाइड जो) के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिन्हें सुनकर डोनाल्ड ट्रंप ने अपना भाषण रोक दिया। इसके बाद कई और लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाने शुरू कर दिए।

मणिपुर के विस्थापित लोगों की मांग सुनने से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा के लिए लगाई थी गुहार

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18 हजार लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा। पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

मणिपुर मई 2023 से हिंसा की चपेट में है। 3 मई को पहली बार राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हैं, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्चका आयोजन किया गया था।

रूपाला का टिकट काटने का अल्टीमेटम...

राजकोट: गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के विवादित बयान से खफा क्षत्रिय समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया। राजकोट के करीब रतनपर में समाज ने महादरबार (क्षत्रिय अस्मिता महासम्मेलन) लगाया। समाज के नेताओं ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर 19 अप्रैल तक रूपाला का टिकट रद नहीं हुआ तो गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का विरोध होगा। ● एजेंसी

सिंगापुर के अगले पीएम होंगे वोंग, ली सीन लूंग छोड़ेंगे पद

सिंगापुर। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वोंग फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की है। बयान के अनुसार, ली सीन 15 मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं।

गैंगस्टर लखबीर लांडा के 12 गुर्गे गिरफ्तार

- कारोबारी से मांगी थी दो करोड़ की रंगदारी, दो लग्जरी बाइक समेत हथियार बरामद

कपूरथला, एजेंसी

पकड़े गए सभी आरोपियों के साथ मौजूद पंजब पुलिस की टीम।

अमेरिका में बैठे गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा के 12 गुर्गों को कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने लंडा और उसके यूके रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल के कहने पर सुल्तानपुर लोधी के एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों पर पहले भी कई लूटपाट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। इनसे पुलिस ने 7.65 बोर की एक पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर 32 बोर, एक देशी पिस्तौल 7.62 बोर, 26 रौंद और 2 लग्जरी बाइक बरामद किए हैं। एससपी वत्सला गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को कपूरथला से संबंधित एक धनाढ्य व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद सीआईए स्टाफ कपूरथला, डीएसपी-डी और काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम के साथ संयुक्त आपरेशन चलाया गया। इस दौरान तफ्तीश में मालूम हुआ कि अमेरिका बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लंडा निवासी हरिके जिला तरनतारन अपने यूके में रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल निवासी गांव चिट्टी थाना लांबड़ा जिला जालंधर के जरिये जिला कपूरथला व इसके आसपास के एरिया में धनाढ्य व एनआरआई को धमकियां देकर रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस पर आपरेशन टीम ने इनपुट और तकनीकी आधार पर ट्रैप लगाकर 12 गुर्गों को सुल्तानपुर लोधी, तरनतारन, संगरूर, जालंधर और शाहकोट से काबू करने में सफलता हासिल की।

पहले मुख्य आरोपी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव गिल नकोदर, यूके रहते हरजीत सिंह का भाई मनिंदर सिंह निवासी गांव चिट्टी जालंधर, गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञानी निवासी नकोदर को पहले गिरफ्तार किया गया।

कांगो में आतंकी हमला, 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

किंशासा (कांगो)। कांगो में आतंकी हमला हुआ है। इस दौरान हमलावरों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। मीडिया के अनुसार, इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने लोगों की हत्या करने के बाद वाहनों में भी आग लगा दी।

इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने यह हमला पूर्वी कांगो के गांवों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने इस दौरान लोगों के संपत्ति पर भी कब्जा कर लिया गया। बता दें, कि यह हमला शनिवार को हुआ था। हालांकि, स्थानीय मेयर ने इसकी जानकारी रविवार को दी। इस्लामिक स्टेट से जुड़े कई ग्रुप युगांडा के आसपास सक्रिय हैं। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में कहा था कि इस साल इस क्षेत्र में आतंकियों के हमले में करीब 200 लोग मारे गए हैं।

विज्ञान हजारों ग्रहों की खोज के बाद इस उपग्रह के समुद्र में मिले सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य

शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश शनिग्रह के उपग्रह पर जा ठहरी है। इस ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र में ऐसी कोशिकाएं (सूक्ष्म जीवन) के साक्ष्य मिले हैं, जो पृथ्वी के समुद्रतल में भी मौजूद हैं। इस खोज से पुष्टि होती है कि पृथ्वी के अलावा हमारे अपने सौर मंडल के दूसरे ग्रह में भी जीवन मौजूद है।

जीवन की तलाश मे वैज्ञानिक ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे हैं। हजारों ग्रहों की खोज के बाद अब जो सबूत मिले हैं, वह दूसरे ग्रहों पर जीवन बसाने की संभावनाओं को बल देता है। फिलहाल वैज्ञानिक मंगल पर जीवन बसाने की योजनाओं में जुटे हुए हैं, जबकि मंगल पर अभी तक जीवन के कोई ठोस चिन्ह नही मिले हैं। मगर एन्सेलाडस मे सूक्ष्म जीवन की मौजूदगी से उम्मीद जताई जाने लगी है कि भले ही जीवन बसाने का लक्ष्य मंगल ग्रह हो, लेकिन भविष्य में अधिक संभावनाएं शनि ग्रह के उपग्रहों में नजर आती है। बहरहाल एन्सेलेडस की सतह में समुद्र हैं और जलवाष्प के फब्बारे निकलते हैं। नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए इसका पता चल पाया है। कैसिनी से प्राप्त डेटा के नए अध्ययन में सब-माइक्रोमीटर कणों के प्रमाण मिले हैं जो पृथ्वी के महासागरों में हाइड्रोथर्मल वेंट में जीवाणु कोशिकाओं के समान आकार के हैं। एन्सेलाडस की सतह पर बर्फ की दरारों से निकलने वाले फब्बारों के आंतरिक भाग में एक तरल महासागर है।

शनि ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र से निकलते फब्बारों की तस्वीर।

समाप्त हो चुका है कैसिनी का मिशन

नासा का अंतरिक्ष मिशन कैसिनी का मुख्य उद्देश्य शनि व इसके उपग्रहों की जांच पड़ताल करना था। इस अंतरिक्ष यान ने शनि के उपग्रहों के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण तस्वीरों को कैमरे में कैद किया और शनि समेत इसके उपग्रहों के अनेक राज हम तक पहुंचाए हैं। जिनका अध्ययन कर वैज्ञानिक आज भी नित नई जानकारी जुटा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी मिशन का समय अब खत्म हो चुका है।

शनि ग्रह का उपग्रह एन्सेलाडस एक दिलचस्प छोटी सी दुनिया है, जिसकी बाहरी बर्फ की परत के नीचे खारे पानी का एक वैश्विक महासागर छिपा हुआ है। यह खोज पोलैंड के तीन वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक रूप से की गई है।